●वर्ष : 16 ●अंक : 134 ●मूल्य : 02 रूपया मात्र पृष्ठ : 08 RNI No. DELHIN/2008/23928


# दैनिक लोकतंत्र की शान

लोकतंत्र का स्तंभ

दिल्ली से प्रकाशित

सोमवार 02 सितम्बर 2024



Mfg & mkt by.. ANGEN PHARMACEUTICALS (OPC) PRIVATE LIMITED



Distributorship ke liye contact Karen . ( 9315755133 / ya email Karen) angenpharmaceuticals@gmail.com


## सिखों को मारने और संपत्तियों को लूटने के लिए टाइटलर ने भीड़ को उकसाया: कोर्ट

### ›› टाइटलर के वकील के तर्कों को ठुकराया

तीन प्रमुख गवाहों हरपाल कौर, हरविंदरजीत सिंह और अब्दुल वाहिद द्वारा टाइटलर को फंसाने के लिए बयान देने के उनके वकील के तर्कों को भी अदालत ने ठुकरा दिया। अदालत ने कहा कि पीड़ितों के बयानों को केवल देरी के आधार पर खारिज करना उनके साथ पहले से ही किए गए अन्याय को बढ़ाने जैसा होगा।



### ›› देरी बरी करने का आधार नहीं हो सकती...

अदालत ने यह भी कहा कि इस मामले के अजीब तथ्यों और परिस्थितियों में यह माना जाता है कि सिखों के खिलाफ हिंसक दंगों को भड़काने और उकसाने वाले व्यक्ति के रूप में आरोपी का नाम बताने में देरी आरोपी को बरी करने का आधार नहीं हो सकती है।

### ›› टाइटलर की ठुकराई दलील

अदालत ने टाइटलर की इस दलील को भी ठुकरा दिया कि सीबीआई ने टाइटलर को पुल बंगश की घटनाओं में किसी भी तरह की संलिप्तता से मुक्त करते हुए क्लोजर रिपोर्ट दायर की थी। अदालत ने माना कि आरोपी के संबंध में क्लोजर रिपोर्ट दायर होने से वह आरोपों से मुक्त करने का हकदार नहीं बनाता है। अदालत ने सरकारी वकील की इस दलील को स्वीकार किया कि डर के कारण प्रत्यक्षदर्शी दंगों की जांच कर रही विभिन्न एजेंसियों, समितियों या आयोगों के सामने सच्चाई से बयान नहीं दे पाए। अदालत ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि पीड़ितों के परिवार के सदस्यों की पहली प्राथमिकता हत्या और लूटपाट की घटनाओं के गवाहों की अपनी और अपने परिवार की सुरक्षा थी।

नूना न्यूज एजेंसी

नई दिल्ली। 1984 के सिख विरोधी दंगों के एक मामले में दोषी करार दिए गए पूर्व कांग्रेस नेता सज्जन कुमार के बाद एक अन्य मामले में कांग्रेस नेता जगदीश टाइटलर की मुश्किलें बढ़ने वाली हैं। गुरुद्वारा पुल बंगश में तीन सिख लोगों की हत्या से संबंधित एक मामले में जगदीश टाइटलर के खिलाफ आरोप तय करने का आदेश देते हुए राउज एवेन्यू कोर्ट ने प्रथम द्दष्टया कहा कि टाइटलर ने न सिर्फ गैरकानूनी तरीके से लोगों को इकट्ठा किया था, बल्कि गुरुद्वारा पुल बंगश को नष्ट पहुंचाने, सिखों को मारने और उनकी संपत्तियों को लूटने के लिए भीड़ को उकसाया था। शिकायतकर्ता मृतक बादल सिंह की पत्नी लखविंदर कौर के मामले पर विशेष न्यायाधीश राकेश स्याल ने कहा कि टाइटलर ने दंगाइयों को सिखों के खिलाफ आपराधिक बल या हिंसा का इस्तेमाल करने के लिए उकसाया था। गुरुद्वारा के पास एकत्रित हुई भीड़ का टाइटलर हिस्सा थे और भीड़ ने गुरुद्वारा पुल बंगश में आग लगाई थी।

## ज्चलंत मुद्दा

### सम्पादकीय



## राजनीति में बदल रहे नैतिकता के मायने

भारतीय राजनीति में ऐसे कई उदाहरण दिए जा सकते हैं, जो आज भी नैतिकता के आदर्श हैं। लेकिन आज की राजनीति को देखकर ऐसा लगने लगा है कि नैतिकता की राजनीति दूसरा तो अवश्य करें, पर जब स्वयं को नैतिकता की कसौटी पर परखने की बारी आए तब नैतिकता के मायनों को बदल दिया जाता है। भारतीय राजनीति में राजनेताओं पर आरोप लगने पर कई लोगों ने अपने पद को त्याग दिया था, दिल्ली के शराब घोटाले के मामले में मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने भारतीय राजनीति को अलग राह पर ले जाने का उदाहरण पेश किया है, हालांकि इस उदाहरण को आदर्श वादिता के रूप में स्वीकार नहीं किया जा सकता, क्योंकि केजरीवाल भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार किए गए हैं। यह एक मुख्यमंत्री पद पर रहने वाले व्यक्ति के लिए शोभनीय नहीं हैं। केजरीवाल स्वयं कहते थे कि वे राजनीति में भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिए आए हैं, लेकिन अब जब उन पर ही सवाल उठ रहे हैं, तब उनसे भ्रष्टाचार मुक्त राजनीति की आशा करना बेमानी ही कही जाएगी। यहाँ सवाल यह भी उठ रहा है कि दिल्ली के शराब घोटाले में अभी तक जिन पर आरोप लग रहे हैं, उनको जमानत लेने का पर्याप्त आधार नहीं मिल रहा, इसका आशय यह भी है कि सरकार की ओर से कोई न कोई गलत आचरण किया गया होगा, अन्यथा एक मुख्यमंत्री को ऐसे ही गिरफ्तार नहीं किया जाता। प्रवर्तन निदेशालय की ओर से भी यही कहा जा रहा है, उसके पास इस बात के पर्याप्त सबूत हैं कि आम आदमी पार्टी के नेताओं के संकेत पर पैसों का लेनदेन हुआ। दिल्ली में शराब घोटाले के मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जिस प्रकार से प्रवर्तन निदेशालय ने गिरफ्तार किया है, उस पर विपक्ष की ओर से सत्ता पक्ष पर कई प्रकार के सवाल उठाए जा रहे हैं। सवाल उठाना विपक्ष की राजनीतिक मजबूरी हो सकती है, लेकिन इन सवालों की परिधि में प्रवर्तन निदेशालय की ओर से जो आरोप लगाए जा रहे हैं, उस पर विपक्ष कुछ भी बोलने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा है। इससे इस बात को भी बल मिलता है कि दाल में कुछ काला अवश्य है। प्रवर्तन निदेशालय ने यह साफ तौर पर संकेत दिया है।


SYED ZAKI HAIDER

( EDITOR / PUBLISHER CUM MANAGING DIRECTOR OF NAI UMMEED NEWS AGENCY

MOBILE NO. 9911371802

EMAIL SYEDZAKIHAIDER786@GMAIL.COM


## संक्षिप्त समाचार

### गोवा : बच्चे के अपहरण की कोशिश के आरोप में पुलिसकर्मी, लाइफगार्ड गिरफ्तार





नूना न्यूज एजेंसी

उत्तरी गोवा। के पेरनेम में फिरौती के लिए डेढ़ साल के एक बच्चे का अपहरण करने की कोशिश करने के आरोप में एक पुलिस कांस्टेबल और एक लाइफगार्ड को गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस उपाधीक्षक जिवबा दलवी ने बताया कि राज्य पुलिस की भारतीय रिजर्व बटालियन से संबद्ध कांस्टेबल निकेश चारी और दृष्टि मरीन के लाइफगार्ड संजय नार्वेकर को शनिवार को करगाव गांव से गिरफ्तार किया गया। दलवी ने कहा, शुक्रवार रात को जब बच्चा अपने घर की गैलरी में खेल रहा था, तब चारी और नार्वेकर ने उसे अगवा करने का प्रयास किया। दोनों दोपहिया वाहन पर पहुंचे और चारी ने बच्चे को उठा लिया। हालांकि, बच्चे के दादा ने शोर मचा दिया, जिससे पड़ोसी वहां पहुंच गए। उन्होंने चारी को पकड़ लिया, लेकिन नार्वेकर भागने में सफल रहा। दलवी ने कहा, महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग जिले में वेंगुर्ला के रहने वाले नार्वेकर को बाद में हिरासत में ले लिया गया। आरोपियों पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और गोवा बाल अधिनियम के तहत अपहरण और अन्य अपराधों के आरोप लगाए गए हैं। आरोपियों ने हमें बताया है कि उनका बच्चे के माता-पिता से पैसे ऐंठने का इरादा था।

### कल्याण में बिना लाइसेंस के हथियार रखने के आरोप में एक व्यक्ति गिरफ्तार



नूना न्यूज एजेंसी


ठाणे। जिले के कल्याण में बिना लाइसेंस के बंदूक रखने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। एक पुलिस अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। खडकपाडा पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि एक रिहायशी परिसर के सुरक्षाकर्मी संतोष गोस्वामी को 29 अगस्त को गिरफ्तार किया गया और उसके पास से .12 बोर राइफल व छह गोलियां बरामद की गईं। अधिकारी ने बताया, गोस्वामी के पास फर्जी लाइसेंस था। उसे भारतीय न्याय संहिता और शस्त्र कानून के तहत धोखाधड़ी, जालसाजी व अन्य अपराधों के लिए गिरफ्तार किया गया है।

## मुफ्ती ने लगाया चुनाव आयोग पर लगाया गंभीर आरोप

### पीडीपी में शामिल हुए शईद सलीम गिलानी

नूना न्यूज एजेंसी

जम्मू-कश्मीर। में होने वाले विधानसभा चुनावों की मतगणना की तारीख में चुनाव आयोग ने शनिवार को बड़ा बदलाव किया। पहले जम्मू-कश्मीर और हरियाणा के विधानसभा चुनावों की मतगणना की 4 अक्टूबर को होने वाली थी, जिसकी तारीख को बढ़ाकर अब 8 अक्टूबर कर दिया गया है। चुनाव आयोग के इस फैसले की पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने निंदा की है। उन्होंने रविवार को आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग ने भाजपा के इशारे पर जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव की मतगणना की तारीख बदली है। मुफ्ती ने श्रीनगर में पत्रकारों से बात करते हुए कहा, 'वे (निर्वाचन आयोग) वही करते हैं जो भाजपा के अनुकूल होता है। जब मैंने (लोकसभा) चुनाव लड़ा, तो उन्होंने अनावश्यक रूप से (मतदान की) तारीख बदल दी। सब कुछ भाजपा और उससे संबद्ध संगठनों की इच्छा के अनुसार होता है।' मुफ्ती ने आगे कहा, 'हम सभी जानते हैं कि 1987 में क्या हुआ था, कदाचार के कारण खून-खराबा हुआ जो आज तक नहीं रुका है। मुझे उम्मीद है कि चुनाव प्रक्रिया में शामिल सभी कर्मचारी स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने में अपनी भूमिका निभाएंगे।' जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनावों से ठीक पहले रविवार को अलगाववादी नेता और हुर्रियत सदस्य सैयद सलीम गिलानी पीडीपी में शामिल हुए।



पीडीपी कार्यालय में पार्टी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने उनका स्वागत किया। गिलानी ने पीडीपी में शामिल होने के बाद कहा, 'पीडीपी ऐसी पार्टी है जो लोकतांत्रिक अधिकारों, मानवाधिकारों और लोगों के राजनीतिक अधिकारों की बात करती है। यह कश्मीर समस्या के राजनीतिक समाधान की बात करती है। इसलिए मुझे लगा कि इसमें शामिल होने के लिए यह सही पार्टी है। गिलानी का स्वागत करते हुए मुफ्ती ने कहा कि यह अच्छी बात है कि पूर्व अलगाववादी नेता कश्मीर समस्या का शांतिपूर्ण समाधान चाहते हैं। उन्होंने कहा, 'हमने गिलानी से पीडीपी के टिकट पर चुनाव लड़ने का अनुरोध किया था, लेकिन उन्होंने ऐसा करने में असमर्थता जताई। उन्होंने कहा कि किसी और को चुनाव लड़ने का मौका मिलना चाहिए।'

## अगस्त माह में 10 फीसद बढ़ा जीएसटी संग्रह, कुल कलेक्शन 1.74 लाख करोड़





नूना न्यूज एजेंसी

नई दिल्ली। आयात की तेजी व घरेलू कारोबारी गतिविधियों की गति बने रहने की वजह से अगस्त 2024 में सरकार का कुल जीएसटी संग्रह 1,74,962 करोड़ रुपये रहा है। अगस्त, 2023 के मुकाबले यह 10 फीसद ज्यादा है। वित्त वर्ष 2024-25 के पहले पांच महीनों में कुल जीएसटी संग्रह 8,29,796 रुपये रहा है जो पिछले वित्त वर्ष के मुकाबले 10.1 फीसद ज्यादा है। वित्त मंत्रालय की तरफ से रविवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक अगस्त महीने में घरेलू जीएसटी संग्रह 1,24,296 करोड़ रुपये और आयात से जीएसटी संग्रह 49,976 करोड़ रुपये रहा है। इसमें क्रमशः 9.2 और 12.1 फीसद की वृद्धि हुई है। वित्त मंत्रालय के डाटा के मुताबिक यह भी पता चलता है कि सरकार की तरफ से जीएसटी संग्रह की रफ्तार भी बढी है। कुल रिफंड 24,460 करोड़ रुपये की रही है जो अगस्त, 2023 के मुकाबले 38 फीसद ज्यादा है।

## अगले दो साल में उत्तर प्रदेश पुलिस में एक लाख नौजवानों की होगी भर्ती: योगी आदित्यनाथ

नूना न्यूज एजेंसी

वाराणसी (उत्तर प्रदेश) । उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को घोषणा की कि अगले दो साल में प्रदेश पुलिस में एक लाख नौजवानों की भर्ती की जाएगी। मुख्यमंत्री ने रविवार को वाराणसी में भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) की बैठक और सदस्यता कार्यशाला में अपने संबोधन में कहा कि अगले दो साल में उत्तर प्रदेश पुलिस में एक लाख नौजवानों की भर्ती की जाएगी। योगी ने कहा कि आने वाले दो वर्षों में दो लाख नौजवानों को सरकारी नौकरियों में भर्ती किया जाएगा। उन्होंने अपनी सरकार की सराहना करते हुए कहा, आज प्रदेश में युवाओं के साथ कोई भेदभाव नहीं होता। युवाओं को निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से सरकारी नौकरी से जोड़ा जा रहा है। योगी ने दावा किया कि विगत साढ़े सात वर्ष में उनकी सरकार ने साढ़े छह लाख से ज्यादा युवाओं को नौकरी दी है। उन्होंने कहा, कल (शनिवार) ही हमने प्रदेश में सबसे बड़ी पुलिस भर्ती प्रक्रिया की लिखित परीक्षा सकुशल संपन्न कराई, जिससे 60200 से ज्यादा युवाओं को पुलिस बल में सेवा देने का मौका मिलेगा। भाजपा के प्रदेश युवा मोर्चा की कार्य समिति की बैठक व सदस्यता कार्यशाला में योगी ने कहा कि राजनीति सत्ता प्राप्ति या स्वार्थ सिद्धि का जरिया नहीं है, बल्कि इसे प्रदेश हित व राष्ट्रहित के मूल्यों के संवर्धन का माध्यम बनना चाहिए। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में विपक्षी समाजवादी पार्टी (सपा) और कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा ये बेहद विचित्र स्थिति है, कल तक जिन महापुरुषों के मूल्यों का उपहास उड़ाया जाता था आज वोट के लिए उनकी आरती उतारती जाती है। उन्होंने कहा, याद रखिएगा ये वही लोग हैं जो देश के खिलाफ जहर उगलने वाले लोगों को भी प्रश्रय देने से नहीं चूकते। योगी ने कहा, समाजवादी पार्टी के चेहरों को कौन नहीं जानता। यही कांग्रेस है जिसने देश में सर्वाधिक राज किया और बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की खिलाफत भी की। इसके पहले योगी रविवार को दोपहर में वाराणसी पहुंचे। मुख्यमंत्री ने काशी पहुंचते ही बाबा काल भैरव और श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में मत्था टेका। पुलिस लाइन हेलीपैड पर उतरने के बाद मुख्यमंत्री बाबा के दरबार में पहुंचे और विधि विधान से पूजन किया। जिला प्रशासन के अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री ने श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में बाबा के गर्भगृह में जाकर षोडशोपचार पूजन कर लोक कल्याण के लिए कामना की।





## अरुणाचल के राजकीय पशु मिथुन को विलुप्ति से बचाने के लिए नीति एवं सहयोग की जरूरत : राज्यपाल

नूना न्यूज एजेंसी

ईटानगर। अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) के. टी. परनाइक ने राज्य के राजकीय पशु मिथुन की संख्या में आ रही कमी के मद्देनजर रविवार को इन्हें विलुप्ति से बचाने के लिए नीति और संस्थागत समर्थन की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया। मिथुन दिवस के दूसरे संस्करण और पूर्वोत्तर में किसानों की आय बढ़ाने के लिए एकीकृत मिथुन पालन पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए परनाइक ने कहा कि इस जानवर को पर्याप्त समर्थन नहीं मिला है, जिसका कारण संभवतः इसकी कम आबादी और स्थानीय उपस्थिति है। परनाइक ने कहा, समर्थन के अभाव के कारण आवासों का दोहन और विनाश हुआ है, जिससे इनकी पहले से ही कम होती संख्या के लिए गंभीर खतरा पैदा हो गया है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि मिथुन के संरक्षण प्रयासों में पारंपरिक प्रथाओं को आधुनिक संरक्षण तकनीकों के साथ एकीकृत किया जाना चाहिए। राज्यपाल ने विशेष भूमि उपयोग नीति बनाने और मिथुन संरक्षण के लिए क्षेत्रों को आरक्षित करने का प्रस्ताव किया। उन्होंने सुझाव दिया कि दो-तीन गांवों के समूहों के बीच रणनीतिक रूप से अहम स्थानों पर सामुदायिक मिथुन पालन केंद्र स्थापित किए जाने चाहिए। उन्होंने मिथुन अनुसंधान और विकास के लिए एक पायलट परियोजना बनाने हेतु वैज्ञानिकों, किसानों और अधिकारियों के साथ गहन विचार-विमर्श की भी अनुशंसा की, जिसमें मिथुन किसानों को लाभ पहुंचाने के लिए सर्वोत्तम प्रथाओं को विकसित करने पर ध्यान केंद्रित किया जाए। परनाइक ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश में पूर्वोत्तर राज्यों में मिथुन की सबसे ज्यादा संख्या है, जो वैश्विक संख्या का 89 प्रतिशत है। उन्होंने इस अनोखे जानवर को पालने के लिए राज्य के किसानों और लोगों पर गर्व व्यक्त किया। राज्यपाल ने मिथुन को शांति और सांप्रदायिक सद्भाव का प्रतीक बताया, जिसका उल्लेख अक्सर आदिवासी पौराणिक कथाओं और लोककथाओं में किया जाता है परनाइक ने मिथुन दूध और उसके उत्पादों के लिए सहकारी समितियां बनाने और आधुनिक उपकरणों के साथ चमड़ा बनाने के कारखाने स्थापित करने का सुझाव दिया, ताकि वध के बाद अक्सर फेंके जाने वाले चमड़े और खाल का उपयोग किया जा सके। उन्होंने कहा कि इन उत्पादों में निर्यात के लिए उच्च गुणवत्ता वाले कोट, चटाई और जूते शामिल हो सकते हैं।



## हिमाचल में कोई वित्तीय संकट नहीं है और सरकार कई सुधार कर रही है: मुख्यमंत्री सुखविंदर

नूना न्यूज एजेंसी

शिमला। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने रविवार को कहा कि राज्य में कोई वित्तीय संकट नहीं है और सरकार विभिन्न सुधारात्मक कदम उठा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा, मेरे सभी कार्य हिमाचल प्रदेश को 2027 तक आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने और 2032 तक देश का सबसे समृद्ध राज्य बनाने पर केंद्रित हैं। उन्होंने कहा कि जब सुधार शुरू किए जाते हैं तो कुछ समय के लिए ऐसी स्थिति उत्पन्न होती है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि वित्तीय संकट है। उन्होंने यहां पत्रकारों से बातचीत में कहा, राज्य में कोई वित्तीय संकट नहीं है और कर्मचारियों तथा पेंशनभोगियों को उनका बकाया मिल रहा है, 75 वर्ष से अधिक आयु के 28,000 पेंशनभोगियों का बकाया जारी कर दिया गया है और सरकार विभिन्न सुधारात्मक कदम उठा रही है। सुक्खू ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर झूठ और गलत सूचना फैलाने का आरोप लगाया। उन्होंने भाजपा नेताओं से अपने तथ्यों की पुष्टि करने को कहा और कहा कि गंभीर वित्तीय संकट, ड्रोन के जरिए जासूसी और शराब की दुकानों की नीलामी में अनियमितता के आरोप झूठे हैं। उन्होंने कहा, हम केंद्र से अपने अधिकारों की मांग कर रहे हैं, जिसमें राष्ट्रीय पेंशन योजना के तहत जमा किए गए 9,200 करोड़ रुपये, पिछले साल की आपदा के लिए 9300 करोड़ रुपये और भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड से राज्य का 4,300 करोड़ रुपये का हिस्सा शामिल है।



## भीड़तंत्र बना दिया है', राजनीतिक नेताओं पर क्यों भड़के सुप्रीम कोर्ट के जज?

### कहा- केवल अदालत के पास है अधिकार

नूना न्यूज एजेंसी

पुणे। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस अभय ओका ने राजनीतिक नेताओं पर सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि कई बार राजनेता आपराधिक घटनाओं को भुनाने के लिए दोषियों की मौत की सजा का अश्वासन देते हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह भीड़ का शासन बनाने का प्रयास किया जा रहा है। उनका कहना है कि यह फैसला करने का अधिकार केवल न्यायपालिका को ही होता है, किसी और को नहीं। समाचार एजेंसी पीटीआई के अनुसार जस्टिस अभय ने रविवार को पुणे में बार काउंसिल ऑफ महाराष्ट्र और गोवा द्वारा आयोजित एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए न्यायपालिका की स्वतंत्रता को बनाए रखने और त्वरित, न्यायपूर्ण निर्णय देने के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि कुछ मामलों में जमानत देने को लेकर बिना किसी कारण के न्यायपालिका की आलोचना की जा रही है। उन्होंने सार्वजनिक चर्चा की वर्तमान स्थिति पर टिप्पणी करते हुए कहा कि एक "भीड़ शासन" बनाया जा रहा है, जिसमें राजनेता कुछ घटनाओं को भुनाते हैं और लोगों को दोषियों के लिए मौत की सजा का आश्वासन देते हैं, भले ही केवल न्यायपालिका के पास कानूनी फैसले पारित करने की शक्ति है। उन्होंने कहा, 'हमने एक भीड़तंत्र बना दिया है। जब कोई घटना होती है तो राजनीतिक लोग इसका फायदा उठाते हैं। राजनीतिक नेता उस विशेष स्थान पर जाते हैं और लोगों को आश्वासन देते हैं कि आरोपियों को मौत की सजा दी जाएगी, लेकिन निर्णय लेने की शक्ति न्यायपालिका के पास है।



### ›› कोर्ट में संवेदनशीलता की भूमिका पर दिया जोर

न्यायमूर्ति ओका ने संविधान का पालन सुनिश्चित करने में वकीलों और न्यायपालिका के बीच संवेदनशीलता की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने कहा, 'न्यायपालिका का सम्मान करना है तो उसकी स्वतंत्रता अक्षुण्ण रहनी चाहिए। संविधान का पालन तभी होगा जब वकील और न्यायपालिका संवेदनशील रहेंगे। न्यायपालिका को बनाए रखने में वकीलों की बड़ी भूमिका होती है और उन्हें यह जिम्मेदारी निभानी होगी, अन्यथा लोकतंत्र नष्ट हो जाएगा।

### ›› हालिया घटनाओं की ओर था इशारा

हालांकि न्यायमूर्ति ओका ने किसी विशेष घटना का नाम नहीं लिया, लेकिन उनकी टिप्पणी कोलकाता बलात्कार और हत्या की घटना और महाराष्ट्र के बदलापुर के एक स्कूल में दो लड़कियों के कथित यौन शोषण की पृष्ठभूमि में आई, जिसके बाद दोषियों के लिए कड़ी सजा की मांग उठने लगी। न्यायाधीश ने कहा कि जब कुछ मामलों में जमानत दी जाती है तो न्यायपालिका बिना किसी कारण के आलोचना से घिर जाती है। न्यायाधीशों को कानून के अनुसार निर्णय देना चाहिए जो पारदर्शी होना चाहिए।

CMYK

# दिल्ली

## सार संक्षेप

## कार्यकारिणी चुनाव को लेकर हुई कन्या महाविद्यालय हुई बैठक रही बेनतीजा



कन्या महाविद्यालय में बैठक में उपस्थित सदस्य।

**खरखौदा :** कन्या महाविद्यालय खरखौदा की प्रबंधन समिति के चुनाव को लेकर बुलाई गई आम सभा की बैठक बेनतीजा रही। कुल 789 सदस्यों में से 100 सदस्य भी नहीं पहुंचे। जिसके कारण चुनाव संबंधी कोई फैसला नहीं हो सका। कन्या महाविद्यालय प्रबंधन समिति के चुनाव को अभी लगभग दो वर्ष का समय भी नहीं हुआ है। लेकिन प्रबंधन समिति ने कुछ सामाजिक लोगों की मांग पर पहले चुनाव कराने का फैसला लिया था। चुनाव प्रक्रिया नियमानुसार न होने के कारण चुनाव को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की मंजूरी नहीं मिल सकी। चुनाव में आई अड़चन को दूर करने को लेकर शनिवार को आम सभा की बुलाई गई थी। लेकिन सदस्यों ने अपेक्षित रुचि नहीं ली। जिसके चलते चुनाव संबंधी कोई फैसला नहीं लिया जा सका। जिस तरह से सदस्य आहुत बैठकों से सदस्य कन्नी काट रहे हैं, उससे लग रहा है कि चुनाव अपने निर्धारित समय पर ही होंगे। जोकि अगले वर्ष होने हैं। यह अलग बात है कि क्षेत्र के कुछ सदस्य चाहते हैं कि जल्द से जल्द चुनाव हों ताकि उन्हें मन वांछित पद मिल सकें। कन्या महाविद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष वेद प्रकाश दहिया का कहना है कि शनिवार को कोई फैसला नहीं हो सका। सामाजिक व्यक्ति जब चाहेंगे तब चुनाव करा दिए जाएंगे। इस बैठक में नीरज दहिया, मास्टर रामपाल दहिया, राज सिंह दहिया, कुलदीप मटिंडू , डा. सतबीर दहिया, रोहतास दहिया, पवन शर्मा, कुलदीप नांगल, शिव रतन, राजेंद्र गन्नौत्रा, सतबीर पहलवान, बालकिशन, धर्मवीर, जोगिंद्र गहलोत सहित विभिन्न पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## पैरामाउंट स्कूल में किया गया इंटर हाउस गणित प्रतियोगिता आयोजित



विद्यार्थियों को सम्मानित करते मंजीत फोगाट,अनिल देशवाल व अन्य।

**खरखौदा :** फरमाना गांव में स्थित पैरामाउंट स्कूल ऑफ साइंस में इंटर हाउस गणित प्रतियोगिता कराई गयी। ग्यारहवीं व बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों के बीच कराई गई प्रतियोगिता में न्यूटन हाउस ने प्रथम, डार्विन हाउस ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा नौवीं व दसवीं के बीच कराई गई प्रतियोगिता में प्रथम स्थान डार्विन हाउस, द्वितीय स्थान न्यूटन हाउस ने प्राप्त किया। कक्षा छठी से आठवीं के बीच प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कलाम हाउस, द्वितीय स्थान डार्विन हाउस ने हासिल किया। इस मौके पर प्राचार्या मोनिका फोगाट ने कहा कि इस प्रकार के मुकाबले का आयोजन करवाने का उद्देश्य विद्यार्थियों के अंदर छुपी प्रतिभा को निखार कर प्रदर्शित करना व उनके ज्ञान में बढ़ोत्तरी करना है। स्कूल की ओर से इस प्रकार की इंटर हाउस प्रतियोगिताएं आगे भी जारी रहेंगी। स्कूल चेयरमैन मंजीत फोगाट व अनिल देशवाल ने विजेता विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को इस प्रकार की प्रतियोगिता में हिस्सा लेने को प्रेरित किया। इस दौरान उप प्राचार्य संदीप कुमार गुलिया सहित अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

## कांग्रेस सुशासन में हरियाणा फिर से होगा नंबर-1 : समीक्षा पंवार



समाज सेविका समीक्षा पंवार जनसंपर्क अभियान के दौरान।

**सोनीपत :** समाज सेविका समीक्षा पंवार ने कहा कि कांग्रेस सुशासन में हरियाणा फिर से नंबर-वन होगा। नेता प्रतिपक्ष चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में हरियाणा नंबर वन पर था, लेकिन पिछले 10 साल में हरियाणा पीछे चला गया है। कांग्रेस सुशासन में प्रदेशवासियों के आशीर्वाद से प्रत्येक वर्ग का कल्याण किया जाएगा। समाज सेविका समीक्षा पंवार ने वेस्ट रामनगर, इंडियन कॉलोनी, मॉडल टाउन, जीवन नगर, विकास नगर सहित अन्य कालोनीयों में जनसंपर्क अभियान के दौरान शहरवासियों को संबोधित कर रही थी। समाज सेविका समीक्षा पंवार ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने 10 साल के सुशासन में हरियाणा की प्रत्येक विधानसभा को चमकाने का काम किया है। 4 अक्टूबर को प्रदेश की देवतुल्य जनता के आशीर्वाद से कांग्रेस सरकार बनने पर सोनीपत विधानसभा को पहले से भी अधिक विकास कार्यो से चमकाया जाएगा। जो विकास कार्य अधूरे रह गए हैं, उन विकास कार्यो को रफ्तार के साथ पूरा करवाया जाएगा। भाजपा ने सिर्फ घोषणा करने का काम किया है, लेकिन कांग्रेस सरकार ने हमेशा कार्यो को धरातल स्तर पर पूरा करने का काम किया है। सोनीपत को बेशक महानगर का दर्जा दिया गया है लेकिन आज भी सोनीपत की स्थिति से सभी शहारवासी परिचित है। कॉलोनीवासियों ने समीक्षा पंवार का फूलमालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया। सभी कॉलोनीवासियों ने एकजुट होकर आश्वासन दिया कि आने वाली एक अक्टूबर को हाथ के निशान का बटन दबाकर विधायक सुरेंद्र पवार को एक बार फिर विधायक बनाएंगे।

## नागरिक अधिकार मंच सोनीपत की छोटू राम धर्मशाला में बैठक आयोजित

**सोनीपत :** नागरिक अधिकार मंच सोनीपत की ओर से छोटू राम धर्मशाला में वरिष्ठ सदस्य श्रद्धानंद सोलंकी की अध्यक्षता में मीटिंग हुई। इसका संचालन वरिष्ठ ट्रेड यूनियनिस्ट ईश्वर सिंह राठी ने किया। विगत है कल दिनांक 30 अगस्त को देश के विभिन्न हिस्सों में सामाजिक कार्यकताओं के घरों पर रेड की गई। सोनीपत के सामाजिक कार्यकर्ता पंकज त्यागी एडवोकेट के घर पर भी जो रेड की गई उसकी नागरिक अधिकार मंच कड़े शब्दों में निंदा करता है। सभी सदस्यों ने एक स्वर में कहा कि एनआईए की यह कार्रवाई सामाजिक कार्यकताओं और आम जनता में डर पैदा करने के लिए की जा रही है। त्यागी के घर पर कई घंटे तक सर्च करने के बाद उनके दो फोन भी जप्त कर लिए गए हैं और साथ ही में उन्हें सेक्टर 27 के थाने में ले जाया गया उनके पास यहां कुछ नहीं मिला तब 9 सितंबर को उनको लखनऊ में पेश होने के लिए कहा गया है। सोनीपत के ही गन्नौर के रहने वाले एडवोकेट अजय के घर भी रेड की गई। अजय को गिरफ्तार कर लिया गया है और उनको तीन दिन के रिमांड पर भी लिया गया है। आज की इस मीटिंग में एडवोकेट कपिल देव, नरेंद्र बल्हारा, मुकेश खत्री, रमेश खत्री, जसविंदर, राहुल, सतवीर, आनंद शर्मा, नइम खान, भगत सिंह, सिलकराम मलिक, देवेंद वर्मा आदि उपस्थित रहे।

# दुष्यंत कुमार की जयंती पर परिचर्चा व काव्य गोष्ठी का आयोजन




संवाददाता

**नई दिल्ली, 2 सितम्बर 24 :** हिन्दी साहित्य अकादमी, दिल्ली के सहयोग से यमुना युवक केंद्र दिल्ली द्वारा सुप्रसिद्ध गजलकार दुष्यंत कुमार की जन्म जयंती के अवसर पर एक विशेष परिचर्चा व काव्य गोष्ठी का आयोजन प्रेस क्लब ऑफ इंडिया,दिल्ली में आयोजित किया गया। इस मौके पर हिंदी साहित्य प्रेमियों नें दुष्यंत कुमार के योगदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। देश के प्रतिष्ठित कवियों और साहित्यकारों की उपस्थिति ने इस विशेष परिचर्चा और काव्य गोष्ठी को और भी आकर्षक बना दिया। आज के काव्य गोष्ठी में राम श्याम हसीन, शिवकुमार बिलगरामी, श्री भारत भूषण आर्य ,डॉ. ओंकार त्रिपाठी,आलोक श्रीवास्तव 'अविरल' आमंत्रित किए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता यमुना युवक केंद्र के महामंत्री विजय शंकर चतुर्वेदी ने की। पद्मश्री से सम्मानित शिक्षाविद जे एस राजपूत मुख्य अतिथि थे और हिंदी अकादमी दिल्ली के उपसचिव ऋषि कुमार शर्मा विशिष्ठ अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत परिचर्चा से हुई,जिसमें दुष्यंत कुमार की साहित्यिक धरोहर, उनके लेखन की प्रासंगिकता और समाज पर उनके प्रभाव पर गहन चर्चा की गई।अपने अध्यक्षीय भाषण में विजय शंकर चतुर्वेदी ने कहा, "दुष्यंत कुमार की रचनाएँ आज भी उतनी ही प्रासंगिक और प्रेरणादायक हैं जितनी अपने समय में थीं।इस कार्यक्रम का उद्देश्य दुष्यंत कुमार के साहित्यिक योगदान को याद करना और उनकी गजलों और कविताओं के माध्यम से समाज में संवेदन शीलता और जागरूकता फैलाना है।"यह कार्यक्रम हिन्दी साहित्य के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दशार्ता है और युवा पीढ़ी को साहित्य के इस अनमोल खजाने से परिचित कराने का एक अनूठा प्रयास है।

# फिल्मी दुनिया के खलनायक निमाई बाली बनेगें - महाबली रावण।

### नारद मुनि बनेगें झ्र लीजेंड एक्टर हेमन्त पाण्डे ।

>> एक्शन दृश्य का मंचन होगा हवा में ही रामलीला के कई प्रमुख पात्र भी गायब हो जायेगे।
>> रामलीला मंचन 3 से 13 अक्तूबर 2024




**नई दिल्ली।** ऐतिहासिक लाल किला ग्राउण्ड में आयोजित देश विदेश में ख्याति प्राप्त लव कुश रामलीला कमेटी की प्रेस वार्ता में लीला कमेटी अध्यक्ष अर्जुन कुमार ने कास्टीट्यूशन क्लब में मीडिया को सम्बोधित करते हुए बताया पहली बार लीला मंच पर फिल्मी दुनिया के खलनायक, अभिनेता फिल्म इण्डस्ट्री में अपनी विशेष पहचान बनाएं निमाई बाली महाबली रावण का किरदार निभाते हुए नजर आएंगे । निभाई बाली फिल्म एवं टीवी सीरियल में रावण का किरदार पहले भी निभा चुके है। लीजेंड फिल्म अभिनेता हेमन्त पाण्डे नारद मुनि के किरदार में दिखाई देंगे, पिछले तीन दशक से फिल्म एण्ड टीवी इण्डस्ट्रीज में अपनी अलग पहचान बनाये हुए है। बालिवुड चरित्र अभिनेता मनीष चतुर्वेदी रावण पुत्र मेघनाद का अभिनय करेंगे। अर्जुन कुमार ने यह भी बताया कि हमने मीडिया के साथियों के सम्मुख इन तीनों कलाकारों को उनके रीयल किरदार के मेकअप और कास्ट्यूम में ही पेश करने का फैसला किया जिससे यह सभी आर्टिस्ट अपने किरदार के और नजदीक आकर सवालों का जवाब दे सकें।

# डिजिटल युग में पारदर्शी ढंग से चुनाव संपन्न करवाने में चुनाव आयोग के एप की अहम भूमिका

- लोकतंत्र में मतदाता ही सर्वोपरि, एप मतदाताओं के अधिकारों बनाते हैं सशक्त :उपायुक्त

सोनीपत, अगस्त : जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डॉ0 मनोज कुमार ने बताया कि विधानसभा चुनावों के संदर्भ में मतदाताओं व कैंडिडेट द्वारा चुनाव आयोग की विभिन्न एप का उपयोग किया जा सकता है। उन्होंने आमजन सेआह्वान किया कि चुनाव आयोग की एप वोटर हेल्पलाइन, सक्षम, वोटर टर्नआउट, सुविधा, केवाईसी एप, सी-विजिल, वोटर इन क्यू का इस्तेमाल करें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि चुनाव में पारदर्शिता को बढ़ाने के उद्देश्य से आयोग द्वारा कई प्रकार के एप संचालित किए जा रहे हैं। इन एप के माध्यम से महज एक क्लिक पर वोट बनवाने, आदर्श आचार संहिता के उल्लंघनकी शिकायत करने, उम्मीदवारों के नामांकन पत्र देखने सहित कई कार्य किए जा सकते हैं। दिव्यांग मतदाताओं के लिए सक्षम एप लॉन्च किया है। दरअसल, चुनाव में प्रत्येक नागरिक की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए आयोग ने तकनीकी युग में मतदाता फ्रैंडली कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में चुनाव प्रक्रिया सबसे अहम होती है और निष्पक्ष व स्वतंत्र चुनाव प्रक्रिया में नागरिकों की पूर्ण सहभागिता

जरूरी है। उन्होंने कहा कि वोट बनवाने के लिए वोटर हेल्पलाइन एप काफी कारगर है जिसके जरिये 1 जुलाई 2024 तक 18 वर्ष पूरी कर चुके युवा 02 सितंबर तक विधानसभा चुनाव में मतदान के लिए घर बैठे वोट के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा उम्मीदवारों के लिए भी सुविधा एप लॉन्च की गई है जिसके जरिये चुनाव लड? वाले उम्मीदवार चुनावी गतिविधियों के लिए ऐप के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि डिजिटल दौर में चुनाव प्रक्रियाओं को भी डिजिटल करने का अहम कार्य चुनाव आयोग ने किया है। संपूर्ण चुनावी गतिविधियों के लिए कई एप बनाए गए हैं जिनमें से एप मतदाताओं व नागरिकों के लिए हैं। इसके अलावा विभिन्न चुनाव टीमों के लिए भी चुनाव आयोग द्वारा कई एप लॉन्च किए गए हैं जिनका इस्तेमाल किया जा रहा है। सी विजिल एप की मदद से नागरिक आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत कर सकता है। इसमें फोटो, वीडियो और ऑडियो अपलोड करके शिकायत दर्ज होने की सुविधा है। शिकायत प्राप्त होने के बाद उसका 100 मिनट के अंदर निस्तारण किया जाता है। निष्पक्ष चुनाव संपन्न करवाने के लिए यह एक महत्वपूर्ण ऐप है।

# चुनाव की पारदर्शिता एवं निष्पक्षता बनाए रखने के लिए रेंडमाइजेशन महत्वपूर्ण प्रक्रिया : उपायुक्त

- विधानसभा आम चुनाव के तहत राजनीतिक दलों की मौजूदगी में 2 सितंबर को
- होगा ईवीएम व वीवीपैट का प्रथम रेंडमाइजेशन

सोनीपत, अगस्त : जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डॉ0 मनोज कुमार ने बताया कि जिला में विधानसभा आम चुनाव को पूर्ण पारदर्शिता व निष्पक्षता के साथ संपन्न कराने के लिए ईवीएम व वीवीपैट का रेंडमाइजेशन किया जाना है। उन्होंने बताया कि विधानसभा आम चुनाव के लिए प्रथम रेंडमाइजेशन सोमवार, 2 सितंबर को लघु सचिवालय सभागार में ईवीएम मैनेजमेंट सिस्टम के माध्यम से ईवीएम (इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन) व वीवीपैट की प्रथम रेंडमाइजेशन प्रक्रिया पूरी की जानी है। उन्होंने कहा कि रेंडमाइजेशन प्रक्रिया के लिए सभी राजनीतिक दलों से आग्रह किया है कि वे आगामी 2 सितंबर को लघु सचिवालय सभागार के प्रथम तल स्थित मीटिंग हाल में प्रातः 11 बजे स्वयं या अपने किसी प्रतिनिधि को भेजना सुनिश्चित करें ताकि सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में हुए प्रथम रेंडमाइजेशन में जिले की छः विधानसभा क्षेत्रों के आधार पर आरक्षित रखी जाने वाली ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों का रेंडमाइजेशन का कार्य सुचारू रूप से किया जा सके।

### यह होता है रेंडमाइजेशन

रेंडमाइजेशन प्रक्रिया के तहत ईवीएम आवंटन की प्रक्रिया पर उठने वाले सवालों और आपत्तियों की आशंका को खत्म किया जाता है। कंप्यूटर पर ईवीएम मैनेजमेंट सिस्टम के माध्यम से जिला में उपलब्ध सभी ईवीएम के नंबरों की सूची को दर्ज किया जाता है। कंप्यूटर अपने आप इन मशीनों को विधानसभाओं के बीच वितरित कर देता है, जिसके बाद कोई भी राजनीतिक दल यह नहीं कह सकता कि जानबूझकर कोई मशीन किसी विशेष विधानसभा अथवा बूथ में भेजी गई है। दूसरे चरण की रेंडमाइजेशन प्रक्रिया के तहत प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र अनुसार विधानसभा के लिए आवंटित ईवीएम के नंबरों की सूची और विधानसभा के बूथों की सूची को दर्ज करके कंप्यूटर की मदद से मशीनों के लिए बूथ और बूथों के लिए मशीनों का आवंटन किया जाएगा।

## हरियाणा पर्यटन विभाग द्वारा 50वीं वर्षगांठ पर 01 सितंबर को एथनिक इंडिया में आयोजित होगा कार्यक्रम

- कार्यक्रम के दौरान पहली से आठवीं कक्षा तक के बच्चों के लिए आयोजित की जाएगी विभिन्न प्रतियोगिताएं

सोनीपत, अगस्त : हरियाणा पर्यटन विभाग द्वारा 01 सितंबर को प्रातः 10 बजे अपनी 50वीं वर्षगांठ के अवसर पर जीटी रोड एजुकेशन सिटी के सामने स्थित एथनिक इंडिया राई में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस दौरान बच्चों के लिए ड्राइंग एंड कलर, रंगोली मेंकिंग, निबंध तथा डांस प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इन प्रतियोगिताओं में पहली से आठवीं कक्षा तक के बच्चे भाग ले सकते हैं। प्रतियोगिता के विजेता बच्चों को सम्मानित भी किया जाएगा।

## हरियाणा विधानसभा आम चुनाव-2024 के मद्देनजर उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने नियुक्त किए जिला नोडल अधिकारी

**सोनीपत :** उपायुक्त एव जिला निर्वाचन अधिकारी डा. मनोज कुमार ने हरियाणा विधानसभा आम चुनाव-2024 को सुचारू, समयबद्ध एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करवाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतानुसार विभिन्न कार्यो के लिए जिला नोडल अधिकारी नियुक्त किए हैं। उपायुक्त ने बताया कि विधानसभा आम चुनाव-2024 के दौरान मैनपावर मैनेजमेंट के लिए नगराधीश रेणुका व डीआईओ विशाल, ट्रेनिंग मैनेजमेंट के लिए सीईओ जिला परिषद राकेश सैनी, मटेरियल मैनेजमेंट के लिए वाटर डिवीजन सोनीपत के एक्सईएन गुलशन कुमार, ट्रांसपोर्ट मैनेजमेंट के लिए आरटीए अमित खोखर व एमवीओ गुरप्रीत संधू, कम्प्यूटराईजेशन, साईबर सुरक्षा और आईटी के लिए डीआईओ विशाल व एडीआईओ विजय, स्वीप अभियान के लिए अतिरिक्त उपायुक्त अंकिता चौधरी को जिला नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

# जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में छाए साउथ पॉइंट के खिलाड़ी, 2 का राज्य स्तर पर चयन

- साउथ पॉइंट वर्ल्ड स्कूल की अंडर-14 आयु वर्ग की कबड्डी टीम ने जिला स्तर पर दिखाया शानदार खेल
- यांश खापरा व विरेन आंतिल का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए जिले की कबड्डी टीम में हुआ चयन



साउथ पॉइंट ग्रुप के एग्जीक्यूटिव चेयरमैन रोहित खत्री व अन्य के साथ विजयी चिह्न बनाते खिलाड़ी।

सोनीपत, अगस्त : जिला स्तरीय स्कूली खेलकूद प्रतियोगिता में साउथ पॉइंट वर्ल्ड स्कूल की अंडर-14 आयु वर्ग की कबड्डी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सबका ध्यान अपनी तरफ आकर्षित किया है। टीम के बेहतर प्रदर्शन को देखते हुए दो खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए जिले की टीम में किया गया है। दोनों खिलाड़ी अब राज्य स्तर पर अपनी खेल प्रतिभा दिखाएंगे। साउथ पॉइंट ग्रुप के चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री व एग्जीक्यूटिव चेयरमैन रोहित खत्री ने स्कूल पहुंचने पर विजेता खिलाड़ियों का जोरदार स्वागत किया। साउथ पॉइंट ग्रुप के चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री ने बताया कि जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन 27 से 30 अगस्त तक किया गया था। प्रतियोगिता में साउथ पॉइंट वर्ल्ड स्कूल की अंडर-14 आयु वर्ग की कबड्डी टीम ने शानदार खेल दिखाया। टीम में 10वीं कक्षा से नैतिक, 8वीं कक्षा से अंश, ओजस, वंश, नमन, 7वीं कक्षा से तनिष व यांश और छठी कक्षा से विरेन, अभिनव, मानवीर व रियांश शामिल रहे। सभी खिलाड़ियों ने एकजुटता का परिचय देते हुए शानदार खेल दिखाया और विपक्षी टीमों के सामने कड़ी चुनौती पेश की। खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन को देखते हुए सेलेक्टर ने दो खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए जिले की टीम में किया है। इनमें कक्षा सातवीं वीनस से यांश खापरा और कक्षा छठी वीनस से विरेन आंतिल शामिल हैं।

# स्तोत्र गायन हमारी धार्मिक और सांस्कृतिक परंपरा का अभिन्न हिस्सा है : तरुण देवीदास

- स्तोत्र गायन प्रतियोगिता में पहुंचे भाजपा जिला प्रवक्ता तरुण देवीदास



भाजपा जिला प्रवक्ता तरुण देवीदास स्तोत्र गायन प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्बोदित करते हुए।

सोनीपत, अगस्त : भारत विकास परिषद् की सोनीपत शाखा, राजमार्ग शाखा, प्रबुद्धा शाखा और माधव शाखा शहर के कोर्ट रोड स्थित हिंदू वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में स्तोत्र गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शहर के विभिन्न स्कूलों के कनिष्ठ एवं वरिष्ठ वर्ग के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर भाजपा जिला प्रवक्ता तरुण देवीदास ने शिरकत की। मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों एवं स्कूल स्टाफ को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि तरुण देवीदास ने सर्वप्रथम सभी का अभिवादन किया। उन्होने कहा आज हम यहाँ संस्कृति माह के तहत स्तोत्र गायन प्रतियोगिता के अवसर पर एकत्रित हुए हैं। इस कार्यक्रम के माध्यम से हम अपनी सांस्कृतिक धरोहर और संगीत परंपराओं का उत्सव मना रहे हैं, और मैं इस अवसर पर आपके साथ कुछ विचार साझा करने का अवसर पाकर अत्यंत गौरान्वित महसूस कर रहा हूं। उन्होंने कहा हमारी भारतीय संस्कृति अत्यंत समृद्ध और विविधताओं से भरी हुई है। हजारों वर्षों की धरोहर, परंपरा, और ज्ञान ने भारतीय संस्कृति को एक अमूल्य रत्न बना दिया है।

इस अवसर पर आरके गुप्ता, हरिओम उपाध्याय, अशोक गोयनका, राजेश गुप्ता,उदय चौहान , शारदा रेलन आदि गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामई उपस्थिति रही।

## मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय विदेश मंत्री श्री एस. जयशंकर से शिष्टाचार भेंट की।



**दिल्ली।** इस अवसर पर आगामी "RISING RAJASTHAN" इन्वेस्टमेंट समिट-2024 की विस्तृत कार्य योजना व राजस्थान में निवेश आकर्षण, कौशल विकास कार्यक्रमों के विस्तार, एवं रोजगार के नवीन अवसरों के सृजन को लेकर सकारात्मक एवं फलदायी चर्चा की । विदेश मंत्री ने #RisingRajasthan अभियान की पूर्ण सफलता सुनिश्चित करने हेतु राजस्थान सरकार के साथ विदेश मंत्रालय द्वारा सर्वांगीण सहयोग प्रदान करने का सुदृढ़ आश्वासन दिया।

## भारतीय जनता पार्टी इस बार प्रदेश में तीसरी बार सरकार बनाने का इतिहास रचेगी : राजीव जैन



मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं भाजपा नेता राजीव जैन रैली की तैयारियो का जायजा लेते हुए

**सोनीपत :** मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं भाजपा नेता राजीव जैन ने कहा कि रैली की तैयारियां पूरी हो चुकी है और रैली में भारी भीड़ जुटेगी क्योकि शहरवासी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी तथा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ोली के विचारों को सुनने के लिए उत्सुक है। नई अनाज मंडी सिथत रैली स्थल का निरीक्षण करते हुए जिलाध्यक्ष जसबीर दोदवा तथा राजीव जैन ने सारी वयवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि मुख्य मंच पर विधान सभा के प्रमुख नेताओं के बैठने की वयवस्था होगी तथा मंच के सामने महिलाओं एवं प्रमुख कार्यकताओं के लिए अलग अलग ब्लॉक बनाये जा रहे हैं। उन्होंने आगे बताया कि पांडाल को लड़ियों, झंडों एवं पार्टी के रंग के गुब्बारों से सजाया गया है। राजीव जैन ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी इस बार प्रदेश में तीसरी बार सरकार बनाने का इतिहास रचेगी। रैली स्थल पर नवीन मंगला, संजय वर्मा, आनंद दहिया, मनोज गुप्ता, रविंद्र मालिक, नरेश वर्मा, विस्तारक मनीष, चरण सिंह जोगी, संजय मिश्रा, संजीव वलेचा आदि उपस्थित रहे।

## पर्युषण पर्व का शाब्दिक अर्थ है : आत्मा में अवस्थित होना



आचार्य निराले बाबा चातुर्मास पर्युषण महापर्व के प्रथम दिवस पर भक्त गणों को संबोधित करते हुए।

**सोनीपत :** दिव्यानंद निराला प्रवचन स्थल के विशाल परिसर में डॉ. जैन आचार्य निराले बाबा ने चातुर्मास दौरान आज पर्युषण महापर्व के प्रथम दिवस पर भक्त गणों को संबोधित करते हुए कहा कि पर्युषण पर्व का शाब्दिक अर्थ है - आत्मा में अवस्थित होना` पर्युषण शब्द परि उपसर्ग व वस धानु इसमें अनु प्रत्यय लगने से पर्युषण शब्द बनता है। पर्युषण यानी परिसमन्नत समग्रतया उषणं वसनं निवासं करणं पर्युषण का एक अर्थ है - कर्मो का नाश करना` कर्मरूपी शत्रुओं का नाश होगा तभी आत्मा अपने स्वरूप में अवस्थित होगी अतः यह पर्युषण - पर्व आत्मा का आत्मा में निवास करने की प्रेरणा देता है। इस पर्व में प्रतिक्रमण भी किया जाता है। अतीत में जाकर स्वयं को देखने का प्रयत्न है` वर्तमान की आँख से भुतकाल और भविष्य को देखते हुए कब क्या ये और कब क्या होना है, इसका विवेकी निर्णय लेकर एक नए सफर की शुरूआत की जाती है। पर्युषण आत्मा में रमण का पर्व है, आत्माशोधन का पर्व है` यह पर्व अहंकार और ममकार का विर्सजन करने का पर्व है` यह पर्व प्रभु भक्ति, पूजा, अहिंसा की आराधना का पर्व है` आज अष्टान्हिका प्रवचन ग्रन्थ के पाँच कर्तव्यों का विस्तार पूर्वक विवेचन किया गया। इस अवसर पर राय साहब, सुभाष सिंगला, जगमोहन जैन, नरेश जैन, पवन गर्ग, मुकेश सिंगला, पवन गर्ग, अशोक भक्त, दर्शन धींगड़ा, धीरज धींगड़ा, अमन,गजेंद्र मंगला,राजेन्द्र वर्मा, कुलदीप शर्मा, भरत अमेठी, प्रेम राजपाल, पुष्पा देवी जैन, डॉ पायल अग्रवाल, रेखा गर्ग, अलका मंगला, इंदु गुप्ता, सरला जैन, कौशल्या देवी, अनु सिंगला, सरोज धींगड़ा, कुंती देवी गोयल, आदि अनेकानेक भक्त गण मौजूद थे।

## सोनीपत मे सड़को पर गौवंश की भरमार, सरकार से मांग की करो इनका उद्दार

**सोनीपत :** सोनीपत नगर सुधार मंच के चेयरमैन संजय सिंगला, प्रधान सरदार मोहन सिंह मनोचा व महासचिव रविंद्र सरोहा ने एक सामूहिक ब्यान मे आयुक्त निगम सोनीपत से सड़को पर बढ़ते गौवंश पर चिंता जताते हुए इस पर तुरंत कार्यवाही करने की मांग की है, संजय सिंगला ने बताया कि सड़को पर बढ़ता गौवंश दुर्घटनाओ को बढ़ावा दे रहा है और रोड जाम का भी कारण बन रहा है, उन्होंने कहा कि इस गौवंश मामले मे विशेष नीति बनाने की आवश्यकता है जिसके तहत जो पालतू गौवंश के मालिक उनको खुले मे छोड़ देते है उन पर मोटा जुमार्ना लगाया जाना चाहिए तथा बाकी गौवंश के लिए सोनीपत मे खाली स्थानों पर समाज सेवी संस्थाओं के साथ मिलकर शेड बनाने चाहिए जहाँ उनके चारे के काउंटर भी खोले जाये जिससे बेरोजगारों को रोजगार मिले और समाज सेवी संस्थाएं दानवीर लोगो के सहयोग से इस गौवंश के चारे का इंतजाम कर सकेंगी।

# भारतीय जनता पार्टी द्वारा सदस्यता अभियान को लेकर आयोजित कार्यशाला में ग्रामवासियों ने रखीं समस्याएं

लोक तंत्र की शान
प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी
अमरोहा



**हसनपुर।** रविवार को आगामी 2 सितंबर से चलने वाले भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता महा अभियान को सफल बनाने के लिए प्रत्येक बूथ पर बूथ कमेटी और पन्ना प्रमुखों एवं अन्य कार्यकर्ताओ के साथ कार्यशाला आयोजित की गईं। जिसमे तहसील हसनपुर क्षेत्र के ग्राम नूरपुर खुर्द एवं राजानागल में आयोजित कार्यशाला को भारतीय किसान संघ के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं सभापति कृष्ण कुमार शर्मा ने उपस्थित कार्यकताओं को सदस्यता अभियान में जुटने का संकल्प दिलाया और कहा कि आगामी 2 सितंबर से शुरू होने वाले सदस्यता अभियान में प्रत्येक कार्यकर्ता को 8800002024पर मिसकॉल कर पहले स्वयं सदस्य बनना है फिर अपने परिवार को सदस्य बनाने के साथ गांव के प्रत्येक मतदाता को सदस्य बनाने का कार्य करना है। प्रत्येक बूथ पर कम से कम 200 सदस्य बनाने हैं, तथा कम से कम 100 सदस्य बनाने वाले कार्य कर्ता को ही सक्रिय सदस्य बनाया जायेगा। इस अवसर पर उपस्थित नूरपुर के ग्राम वासियों ने बताया कि चामुंडा मंदिर के पास लगी लाइट पिछले एक महीने से खराब है उसे अति शीघ्र ठीक कराया जाए, नूरपुर ग्राम से झकड़ी ब्रह्माबाद मार्ग को जोड़ने वाले कच्चे मार्गको पक्का किया जाए, वहीं राजानागल के ग्रामीणों ने उच्च शक्ति की आबादी के ऊपर से गुजरने वाली विद्युत लाइन को हटाने की मांग प्रमुखता से रखी। मौके पर उपस्थित कृष्ण कुमार शर्मा ने कहा कि संबंधित विभाग के उच्च अधिकारियों से मिलकर समस्याओं से अवगत कराया जायेगा। इस अवसर पर बूथ अध्यक्ष सतेंद्र सिंह, ब्रह्मपाल सिंह, प्रेम सिंह, शेखर चौधरी, सतवीर सिंह, मानसिंह, कमलेश कुमार, मानसिंह, कमलेश, रामपाल, योगेंद्र, हरवीर, राजेश, सुधीर चौहान, बूथ अध्यक्ष मिथुन सैनी, क्षेत्र पंचायत सदस्य सुभाष चौहान, पूर्व मंडल मंत्री महीपाल सिंह, वीर सिंह, आदि मौजूद रहे।

# बदमाशों ने ग्रामीण को मारी गोली, अस्पताल ले जाते समय मौत

लोक तंत्र की शान
प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी
अमरोहा



**हसनपुर।** शनिवार की देर श्याम कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में खेत में काम करते समय ग्रामीण को अज्ञात बदमाशों ने गोली मार दी, घायल ने परिजनों को फोन पर सूचना दी मौके पर पहुंचे परिजनों ने घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां से उसे मेरठ के लिए रेफर कर दिया गया तथा घायल की मेरठ ले जाते समय रास्ते में ही मौत हो गई, कोतवाली क्षेत्र के गांव दीपपुर निवासी पूर्व प्रधान पति 40 वर्षीय शिवकुमार शनिवार की रात्रि 8:00 बजे के करीब अपने खेत की सिंचाई कर रहे थे इस दौरान अज्ञात बदमाशों ने उन पर गोली चला दी जिससे शिवकुमार घायल होकर गिर पड़े घायल अवस्था में ही उन्होंने अपने परिजनों को सूचना दी मौके पर पहुंचे परिजनों ने गंभीर हालत को देखते हुए निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां से डॉक्टर ने मेरठ के लिए रेफर कर दिया तथा शिवकुमार की मेरठ ले जाते समय रास्ते में ही मौत हो गई परिजन शव को गांव लेकर पहुंच गए मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई तथा सूचना पर पुलिस भी पहुंच गई तथा सब को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया उधर पत्नी तथा बच्चों का रो-रो कर बुरा हाल है वही ग्रामीणों में बदमाशों के खिलाफ भारी रोष व्याप्त हैं और ग्रामीणों ने बदमाशों को पकड़ने की मांग की है इस संबंध में इस संबंध में पुलिस क्षेत्राधिकारी दीप कुमार पंत ने बताया कि परिजनों की तहरीर के आधार पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जा रहा है तथा बदमाशो को जल्दी पकड़ कर सलाखों के पीछे डाला जाएगा ।

## इनबॉक्स

### निशांत100 मीटर रेस में पहुंचे सेमीफाइल



**बिजनौर:** कृष्णा कॉलेज बिजनौर के वनस्पति विज्ञान विभाग के छात्र निशांत कुमार ने एथलेटिक फेडरेशन ऑफ इंडिया के द्वारा आयोजित 63वीं राष्ट्रीय ओपन एथलिटिक चेम्पियनशिप जो कि 30 अगस्त से दो सितम्बर, 2024 तक बैंगलोर कर्नाटक के श्री कांतिखा स्टेडियम में 100 मीटर की रेस में चौथा स्थान प्राप्त कर सेमी फाईनल में प्रवेश किया। कालेज के संस्थापक राजीव कुमार, प्रबंधक मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, सांइस कालेज प्राचार्या डा. सीमा शर्मा, प्राचार्य डा. परवेज अहमद खां ने छात्र निशान्त कुमार को सफल होने पर उज्जवल भविष्य की कामना की। निशान्त कुमार ने इससे पहले सर्वश्रेष्ठ रनर के रुप में 31वीं स्टेट ओपन एथलिटिक चेम्पियनशिप में जीत हासिल की थी। इस

### योगिता, समिता व अंतरा ने बाजीमारी







**बिजनौर।** कृष्णा कालेज के एलएलबी पंचम सेमेस्टर का परीक्षाफल रहा शत प्रतिशत। योगिता, समिता व अंतरा ने बाजीमारी। एमजेपी रुहेलखड विवि बरेली की ओर से एलएलबी पंचम सेमेस्टर का परीक्षा परिणमा घोषित हुआ। विधि विभागाध्यक्ष प्रदीप कुमार राठौर ने बताया कि योगिता शर्मा ने प्रथम, समिता रानी ने द्वितीय तथा अंतरा शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य डा. परवेज अहमद खान ने बताया कि जनपद बिजनौर में एलएलएम की शिक्षा देने वाला कृष्णा कालेज पहला कालेज है। संस्थापक निदेशक राजीव कुमार, प्रबन्धक मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, कालेज प्राचार्य डा परवेज अहमद खां आदि ने बधाई दी।

### दिपेंद्र सिंह अध्यक्ष व आशीष बने महासचिव



**बिजनौर:** सारथी हम संस्था के दूसरी बार अध्यक्ष बने डाक्टर दीपेंद्र सिंह व महासचिव बने आशीष तोमर। सारथी हम संस्था की मासिक बैठक में सर्व सम्मति से कमेटी गठित की गई। इसमे डाक्टर दीपेंद्र सिंह को अध्यक्ष व महासचिव पद पर आशीष तोमर को सर्व सम्मति से मनोनित किया गया। इससे अतिरिक्त डाक्टर नीरज चौधरी को प्रबंधक , डाक्टर निरुपमा चौधरी को उप प्रबंधक, कोषाध्यक्ष सचिन अग्रवाल ,कानूनी सलाहकार मोहित चौधरी बने। इसके अलावा मीडिया प्रभारी मोहित मलिक, डाक्टर नवनेश कोठारी जिलाध्यक्ष, सुशील कुमार उपाध्यक्ष, जिला महासचिव विपिन डोडवाल, नगर अध्यक्ष चंदक दिनेश कुमार शर्मा, ब्लड संचालक विशाल चौधरी, नगर अध्यक्ष प्रशांत कुमार, विकास राणा, डाक्टर हरीश कुमार, शुभम चौधरी को

### बार अध्यक्ष बने सतीश त्यागी व महासचिव महेंद्र तोमर



**चांदपुर:** सीनियर बार एसोसिएशन के छह पदों के लिए हुआ चुनाव संपन्न। मतगणना में अध्यक्ष पद पर सतीश कुमार त्यागी ने जीत दर्ज की। 56 मतों से संदीप कुमार को हराया।
शनिवार को सीनियर बार एसोसिएशन चांदपुर का चुनाव शांतिपूर्ण से संपन्न हुआ। छह पदों के लिए बार हाल में सुबह 9:30 से मतदान शुरू हुआ। शाम 5:30 से मतगणना शुरू हुई 6:00 तक परिणाम घोषित हुए। सीनियर बार एसोसिएशन अध्यक्ष पद पर सतीश कुमार त्यागी विजय रहे। उन्होंने संदीप कुमार को 56 मतों से हरा दिया है। सतीश कुमार त्यागी को 141 और संदीप कुमार को 85 वोट मिले। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर सोमपाल सिंह, कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर नीरज तिवारी, महासचिव पद पर महेन्द्र सिंह तोमर, सह सचिव पद पर कमल सिंह, मीडिया प्रभारी पद पर मौहम्मद आशिम ने जीत हासिल की है। मुख्य चुनाव अधिकारी वीरेन्द्र ने सभी विजेताओं को प्रमाण पत्र प्रदान किये। सभी जीते विजेताओं के समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई और एक दूसरे का मुंह मीठा कराया।

### श्री कृष्ण की छठी महोत्सव पर विशाल भंडारे का आयोजन



**चांदपुर:** आधारशिला द स्कूल में भगवान श्रीकृष्ण की छठी महोत्सव के अवसर भगवान नाम का संकीर्तन एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र छात्राओं, नगर के संभ्रांत लोगों और आगंतुकों ने भगवान नाम का संकीर्तन करते हुए भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। विद्यालय में सभी छात्र छात्राओं ने बड़े उत्साह और तन्मयता के साथ इस आयोजन में भाग लिया। विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा भंडारे से पूर्व भजन कीर्तन का भी आयोजन किया गया था। इसे देखकर सभी आगंतुक भावविभोर हो गए। कार्यक्रम में विद्यालय के संरक्षक राधेश्याम कर्णवाल, विद्यालय प्रबंधक विवेक कर्णवाल एवं एकता कर्णवाल, विशाल कर्णवाल दीप्ति कर्णवाल, विकास कर्णवाल, उर्वशी कर्णवाल, मित्रविंदा कर्णवाल, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सुभाष वाल्मीकि, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नगर के नगर प्रचारक पंकज नगर के सभी संभ्रांत नागरिक जन, विशिष्ट आगंतुक, अभिभावक गण उपस्थित रहे। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्या अनिता शर्मा, उप- प्रधानाचार्य बिजेंद्र सिंह नेगी, स्कूल कोऑर्डिनेटर बबीता त्यागी एवं समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

### एजुकोल द गर्ल्स स्कूल में हुई अंतर सदन गायन प्रतियोगिता



**धामपुर:** नगीना मार्ग स्थित एजुकोल द गर्ल्स स्कूल में कक्षा छह से आठवीं तक की छात्राओं के बीच अंतर सदन गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ प्रधानाचार्या प्रीति अग्रवाल, निर्णायक मंडल पारुल चौहान, मनोज कुमार, गायक अरुण शर्मा ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के क्लियोपैटरा हाउस से रिद्धिमा, आराध्या सिंह, जीविका, निवांशी, काव्या गहलोत, कोर्डिल्या हाउस से आराध्या सिंह, अंशिका, काव्या राजपूत, सिद्धि, स्नवी, ओलिविया हाउस से फातमा रब, अनविक्षा, आराध्या गुप्ता, इप्क्षिता, दीपांशी तथा पोर्सिया हाउस से सारा जैदी, वंशिका, अदिति, नातिया, आयुषी ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। छात्राओं ने एक से बढकर एक प्रस्तुति देकर वहां उपस्थित सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस प्रतियोगिता में कोर्डिल्या हाउस ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। पोर्सिया हाउस ने द्वितीय स्थान तथा ओलिविया हाउस तृतीय स्थान पर रहा।

### भाजपा में सबका सम्मान होता है: ओम कुमार



**नहटौर:** बूथ कार्यशाला में पहुंचकर विधायक ओम कुमार ने अधिक से अधिक लोगों से भाजपा से जुड़ने की अपील की। उन्होंने कहा कि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जिसमें सर्व समाज का सम्मान होता है। विधायक ओमकुमार ने नहटौर के नगर मंडल नहटौर में माता चामुंडा मंदिर ,बूथ संख्या 193 व 194 पर सदस्यता अभियान,बूथ कार्यशाला के कार्यक्रम में सम्मिलित होकर सभी पार्टी पदाधिकारी गणों एवं कार्यकर्ताओं को सदस्यता अभियान में बढ़-चढ़कर सहभागिता कर ज्यादा से ज्यादा लोगों को भाजपा का सदस्य बनाने की अपील की। इस अवसर पर विधायक ओम कुमार ने अपील की। कार्यक्रम में भाजपा पार्टी, बूथ अध्यक्ष रामबाबू ,सुबोध शर्मा,मलखान ,मनोज कुमार, अनंत, भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मासिक तेरस पर हुआ भोले बाबा का माह श्रृंगार एवं भजन कीर्तन का आयोजन

लोक तंत्र की शान
प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी
अमरोहा



**हसनपुर।** रविवार को नगर के झारखंड महादेव शिवाला मंदिर पर हर माह की भांति इस महा भी मासिक शिवरात्रि पर भोले बाबा का महा श्रृंगार हुआ एवं भजन कीर्तन का आयोजन किया गया, बताते चलें कि शिवसेना के जिला प्रमुख वेद प्रकाश यादव के द्वारा प्रत्येक माह मासिक शिवरात्रि पर भोले बाबा का महा श्रृंगार एवं भजन संध्या का आयोजन कराया जाता है इसी क्रम में इस रविवार की देर शाम नगर के झारखंड महादेव शिवाला मंदिर प्रांगण में भोले बाबा का महा श्रृंगार किया गया एवं गजरौला की प्रसिद्ध जागरण मंडल मिंटू मस्ताना एंड पार्टी द्वारा बाबा के एक से बढ़कर एक सुंदर भजन सुना गए जिन्हें सुनकर उपस्थित भक्तगण मंत्र मुग्ध हो गए, इस मौके पर भारी संख्या में भक्तों ने भोले बाबा के महा श्रृंगार के दर्शन किए एवं भजन संध्या के अंत में प्रसाद वितरण किया गया जिसका भक्तों ने आनंद लिया, इस मौके पर मुख्य रूप से वेद प्रकाश यादव, रवि यादव, राजेंद्र यादव, मनोज यादव, विकास यादव, विजय यादव, गीता यादव, जतिन यादव, पंडित सतवीर गिरी, पप्पू गिरी, देवेंद्र शर्मा, संजीव शर्मा, महेश शर्मा, दामोदर शर्मा, उमेश शर्मा एवं उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश मंत्री मुकेश गोयल, मनोज गोयल, मोहित अग्रवाल, सचिन गुप्ता, विपिन, अंकुर प्रजापति, महेश प्रजापति आदि सहित भारी संख्या में महिला एवं पुरुष भक्त गण मौजूद रहे।

# धूमधाम से मनाया गया श्री कृष्णा छठी महोत्सव, बांटा गया कढ़ी चावल का प्रसाद

लोक तंत्र की शान
प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी
अमरोहा



**हसनपुर।** रविवार को नगर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी के बाद भगवान श्री कृष्ण जी की छठी का कार्यक्रम छठी महोत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ नगर के विभिन्न मंदिरों एवं घरों में मनाया गया बताते चले कि नगर के मोहल्ला कायस्थान स्थित प्राचीन मईजी महाराज मंदिर में छठी महोत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया जिसमें बच्चों ने राधा कृष्ण के रूप में विभिन्न धार्मिक भजनों पर जमकर नृत्य किया और उपस्थित जनसमूह को मंत्र मुग्ध कर दिया, वही नगर के झारखंड महादेव शिवाला मंदिर पर भी छठी महोत्सव मनाया गया तथा कढ़ी चावल के प्रसाद का वितरण हुआ उधर नगर के बाजार बजाजा स्थित शिव मंदिर तथा नगर के पुराना सिंडिकेट बैंक के पास स्थित श्री राम मंदिर एवं शिव मंदिर तथा नगर के मोहल्ला महल स्थित शिव मंदिर तथा अन्य विभिन्न मंदिरों पर भगवान श्री कृष्ण जी की छठी मनाते हुए कढ़ी चावल के प्रसाद का वितरण किया तथा भजन कीर्तन भी आयोजित किया गया, इस मौके पर भारी संख्या में श्रद्धालु ने कढ़ी चावल के प्रसाद का आनंद लिया, उधर नगर पालिका द्वारा मंदिरों के आसपास विशेष सफाई व्यवस्था कराई गई तथा सुरक्षा की दृष्टि से कोतवाल रविंद्र प्रताप सिंह मंदिरों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे।

# अमरोहा में धूमधाम से मनाई गई भगवान श्रीकृष्ण की छठी

लोक तंत्र की शान
प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा



**अमरोहा ।** रविवार को नगर के कोट स्थित पुराने रियासत वाले मंदिर में श्याम श्यामा ग्रुप की और से शनिवार को भगवान श्री कृष्ण की छठी महोत्सव का आयोजन बहुत ही धूमधाम से किया गया। इस मौके पर महिलाओं ने भजन कीर्तन किया।और छठी महोत्सव की बधाईयां गाई। भजनों के माध्यम से नंदबाबा और मां यशोदा को बधाई दी गई। भगवान को पालने में झुलाया गया। जहां ले चलोगे वहीं चलूंगी, फूलों से सज रहे वृंदावन बिहारी, लड्डू गोपाल मेरा, लड्डू गोपाल। छोटा सा है लला मेरा, करतब करे कमाल,लल्ला की सुन के मै आयी, यशोदा मैया देदो बधाई, कान्हा की सुनके मै आयी, यशोदा मैया देदो बधाई, आदि अनेकों भजनों का गायन किया। कान्हा के भजनों को सुनकर श्रद्धालू झूमने पर मजबूर हो गए और पूरा माहौल ही भक्तिमय हो गया। देर सायं भजन कीर्तन का समापन हुआ। उसके बाद आरती हुई। फिर कढ़ी चावल का प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर प्रियंका खंडेलवाल, सारिका अग्रवाल, मधु खुराना, ममता गोयल, प्रीति खंडेलवाल, ज्योति खंडेलवाल, अंजू अग्रवाल, अंशु अग्रवाल, रशिम शर्मा, शिवांगी जिंदल, कल्पना अग्रवाल, अनीता जिंदल आदि सहित दर्जनों महिलाएं मौजूद रही।

# पुलिस चौकी के नजदीक मिला युवक का शब, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

लोक तंत्र की शान
प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी
अमरोहा



**हसनपुर /अमरोहा।** रविवार को थाना आदमपुर क्षेत्र के फत्तेहपुर अधेक गांव में एक युवक का शव चौकी से कुछ ही दूरी पर एक खेत में पड़ा मिला। मृतक की पहचान नरेश (27) पुत्र रामपाल के रूप में हुई है। शव मिलने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। वही परिजनों ने आरोप लगाया कि नरेश की बिजली का करंट लगाकर हत्या की गई। उसके बाद शव को खेत के पास एक गड्ढे में फेंक दिया गया। गुस्साए परिजनों ने आरोपियों पर कार्रवाई की मांग करते हुए जमकर हंगामा किया। परिवार के लोगों ने बताया कि नरेश रविवार की सुबह दो लोगों के साथ घर से निकला था। लेकिन इसके बाद उसका कोई पता नहीं चला। दोपहर करीब दो बजे उसका शव ढबारसी चौकी से कुछ दूरी पर एक खेत में पड़ा हुआ मिला। मृतक के शरीर पर करंट का निशान मिला है। परिजनों ने करंट लगाकर हत्या का आरोप लगाया है। आदमपुर थाना अध्यक्ष शोकेंद्र सिंह बालियान ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा दिया गया है। परिजनों की तहरीर और पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# आदर्श भारतीय रामलीला समिति के अध्यक्ष चुने गए जयपाल सिंह

लोक तंत्र की शान
प्रवीण अग्रवाल जिला
प्रभारी अमरोहा



**हसनपुर।** रविवार को नगर के रहरा अड्डा स्थित शिव मंदिर में आदर्श भारतीय रामलीला समिति की एक बैठक आयोजित की गई जिसमें इस वर्ष रामलीला के कार्यक्रम को भव्यता के साथ मनाए जाने का निर्णय लिया गया साथ ही इस वर्ष आदर्श भारतीय रामलीला समिति के अध्यक्ष का सर्व समिति से चुनाव हो गया जिसमें आदर्श भारतीय रामलीला समिति के अध्यक्ष के रूप में जयपाल सिंह जाटव को अध्यक्ष चुना गया वही समिति द्वारा रामलीला के कार्यक्रम को भव्यता के साथ मनाने का निर्णय लिया गया इस मौके पर मुख्य रूप से पूर्व चेयरमैन हरि सिंह सैनी, अनिल शर्मा, अरविंद अन्ना, जगबीर सिंह मौर्य, रवि सागर, हरिओम प्रजापति, हरि सिंह, पदमचंद कबड्डी, प्रेम कुमार, सानी पाल, धर्मेंद्र सागर, किशन प्रजापति, रामदेव, राजेंद्र प्रजापति, बृजकिशोर मुंशी, अतर सिंह आदि सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# भारत विकास परिषद मैत्री शाखा के सदस्यों द्वारा गौशाला पहुंचकर गायों की सेवा की गई

लोक तंत्र की शान
प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी
अमरोहा



**अमरोहा।** रविवार को भगवान भगवान श्री कृष्ण जी की छठी के शुभ अवसर पर भारत विकास परिषद् मैत्री शाखा अमरोहा के पदाधिकारी और सदस्य रविवार को बासुदेव तीर्थ स्थल स्थित गौशाला पहुंचे और गौमाताओं की सेवा की। उन्होंने गौमाताओं को चना , गुड, हरा चारा और घर से बनी ताजी रोटी खिलाई। भारत विकास परिषद मैत्री शाखा के अध्यक्ष अतुल सक्सेना ने कहा कि गौ सेवा सबसे बड़ी सेवा मानी जाती है. हिंदू धर्म में गाय को बेहद पूजनीय माना जाता है. लोग गाय के दूध को अमृत समान मानते हैं. लेकिन, वक्त के साथ बहुत कुछ बदला है. आज गोवंश सड़कों पर बेसहारा घूम रहे हैं. गोवंश दयनीय हालत में हैं. लेकिन, आज भी ऐसे कुछ लोग हैं जो गायों की सेवा में खुद को समर्पित किए हुए हैं। उन्होंने कहा कि गाय की सेवा से पुण्य मिलता है। सचिव अनुपम अग्रवाल ने कहा कि धर्म एवं संस्कार की जननी है गाय। गौ माता की सेवा सबसे बड़ा पुण्य कार्य है। गाय माता ऐसी हैं जो भवसागर से पार लगाती है रघुकुल को बनाने वाली गौमाता ही हैं। इस मौके पर अध्यक्ष अतुल सक्सेना, सचिव अनुपम अग्रवाल, गौरव कपूर, अरुण रस्तोगी, राजीव गोयल, संजय बाहेती, राजीव महेश्वरी उपस्थित रहे।

# सैदपुरी पहुंची नीति आयोग की टीम

नगीना



सैदपुरी महिचन्द विद्यालय में कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए।

**संविलियन** विद्यालय सैदपुरी महिचंद ब्लॉक कोतवाली में नीति आयोग की एक टीम का आगमन हुआ। टीम का नेतृत्व मुकेश खरे, पार्टनर और डायरेक्टर, साउथ एशिया केजन इंस्टीट्यूट ने किया। इसका उद्देश्य आकांक्षी ब्लॉक्स में शिक्षा और स्वास्थ्य नीतियों में खामियों और बाधाओं की पहचान करना व अपेक्षित सुधारों के लिए सुझाव देना था। इस अवसर पर विद्यालय की गाइड छात्राओं द्वारा टीम का विधिवत स्वागत किया गया।

संविलियन विद्यालय सैदपुरी महिचंद ब्लॉक कोतवाली में नीति आयोग की एक टीम का आगमन हुआ। कार्यक्रम की शुभारंभ सरस्वती वंदना से हुआ, जिसे बच्चों ने प्रस्तुत किया। छात्रा चाहत परवीन ने विज्ञान विषय पर एक प्रेरणादायक गीत सुनाया जिसे उपस्थित सभी लोगों ने सराहा। उसके बाद नीति आयोग की टीम ने विद्यालय के शैक्षिक और भौतिक संसाधनों का निरीक्षण किया और इस बात पर चर्चा की कि अन्य स्कूलों में भी इन संसाधनों को कैसे लागू किया जा सकता है। बीईओ इंद्राजीत सिंह की उपस्थिति में, विद्यालय के प्रधानाचार्य मुकेश कुमार से पूछा गया कि किस प्रकार के सुधारों से सभी शिक्षक अपने कर्तव्यों का निर्वाहन मनोयोग से कर सकते हैं और बच्चों का स्कूल में 100 प्रतिशत ठहराव सुनिश्चित किया जा सकता है। कार्यक्रम में शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रमों की प्रभावशीलता पर भी चर्चा हुई और इस बात पर जोर दिया गया कि इन कार्यक्रमों को किस प्रकार से आयोजित किया जाए कि शिक्षक अपनी स्कूली प्रयोगशाला में इनका सही मायनों में प्रयोग कर सकें। इससे छात्रों के शैक्षिक परिणाम और व्यवहार में वांछित सुधार आ सकेगा। टीम ने लर्निंग बाय डूइंग की अवधारणा के अंतर्गत सुझाव दिया कि बालक और बालिका दोनों को गृह विज्ञान में समान अवसर दिए जाएं ताकि काम और जेंडर के आधार पर भेदभाव न हो। इस अवसर पर गृह विज्ञान पाक कला में छात्राओं ने हलवा और पकौड़ियां बनाकर अपनी कला का प्रदर्शन किया। टीम ने विद्यालय में मौजूद साइंस लैब, स्मार्ट लैब, कंप्यूटर लैब, स्पोर्ट्स, और इको गार्डन के प्रभावी उपयोग की प्रशंसा की। नीति आयोग की टीम ने उनकी राय और अनुभवों को महत्व दिया। इसके लिए विद्यालय की ओर से सम्मानित टीम का आभार व्यक्त किया गया।

# खाटूश्याम दरबार लगाकर श्रद्धालओं ने किया बाबा का गुणगान

धामपुर



प्रसाद देते पं.राजेन्द्र प्रसाद वशिष्ठ।

**स्थानीय** दुर्गा विहार कॉलोनी स्थित सिद्धपीठ नवदुर्गा एवं बाबा खाटू श्याम मन्दिर में सजाए गए बाबा खाटू श्याम के 97वें विशाल एवं भव्य दरबार में बतौर मुख्य अतिथि पहुंची अल्हैपुर ब्लॉक प्रमुख श्रीमति क्षमा हेमलता चौहान तथा समाजसेविका सपना सिंह चौहान को बाबा खाटू श्याम का चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य यजमान शिव स्वरूप सिंह, अर्चना चौहान, प्रांजल चौहान, रघुवीर सिंह-सुषमा सिंह, ओमप्रकाश सिंह-राजबाला देवी, डा.शिवराम सिंह-बबीता चौहान, शिवरतन सिंह-चंद्रकांता देवी आदि रहे। आचार्य पं.राजेंद्र प्रसाद वशिष्ठ के संरक्षण में आयोजित कार्यक्रम पं.सुमित वशिष्ठ एवं पं.अमित वशिष्ठ ने प्रभावी मंत्रोच्चारण के बीच संपादित कराया। कार्यक्रम में सविता, विशाल चौहान, पायल, लता, परितोष, चंदा, अशोक कुमार राजपूत, अनिल कुमार राजपूत, आशीष कुमार राजपूत, मोती शर्मा, रवि वर्मा, आचार्य चंद्रभान सिंह, मनीषा, संजय वर्मा, संगीता जोशी, पूर्वी, भाजपा नेता वीरेंद्र कुमार रस्तोगी, केशव रस्तोगी, डॉली अग्रवाल, यशिका अग्रवाल आदि प्रमुख रुप से शामिल रहे। कार्यक्रम के समापन विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें धर्मनगरी धामपुर के विभिन्न भागों के अलावा आस-पास के अनेक ग्रामों से बड़ी संख्या में पहुंचे बाबा खाटू श्याम के भक्तों एवं श्रद्धालु परिवारों ने प्रसाद ग्रहण किया।

# अंबाला

## पुलिस लाईन अम्बाला शहर में पंहुचा पुस्तक प्रदर्शनी वाहन




अंबाला क्षेत्र के गांव कौला में स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में आयोजित पुस्तक मेले के दौरान उपस्थित छात्र।

- पर्यावरण, साहित्य व कथा कहानियों की पुस्तकों के बारे में विद्यार्थियों को दी गई जानकारियां : एसपी भोरिया

अंबाला शहर, अगस्त : पुलिस महानिदेशक हरियाणा शत्रुजीत कपूर की प्रेरणा से हरियाणा पुलिस की पहल पर पुस्तक परिक्रमा का आयोजन 17 अगस्त से 16 सितम्बर 2024 तक किया जाएगा। बता दें कि 17 अगस्त को तृतीय पानीपत पुस्तक मेले के आयोजन के अवसर पर नैशनल बुक ट्रस्ट, भारत सरकार द्वारा संचालित पुस्तक प्रदर्शनी वाहन को पुस्तक परिक्रमा के लिए पुलिस महानिदेशक हरियाणा शत्रुजीत कपूर द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया था। पुलिस अधीक्षक अम्बाला सुरेन्द्र सिंह भोरिया ने कहा कि हरियाणा पुलिस की पहल पर चलाया गया पुस्तक प्रदर्शनी वाहन पानीपत, करनाल, कैथल, कुरुक्षेत्र के बाद शनिवार को अंबाला क्षेत्र के गांव कौला में स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में पहुंचा । जहां उपस्थित छात्र-छात्राओं ने पुस्तक वाहन में रखी पुस्तकों को देखा, तथा पुस्तकों के संबंध में जानकारी हासिल कर अपने लिए कुछ कथा-कहानियों की पुस्तकें भी खरीदी। यह पुस्तक प्रदर्शनी वाहन 31 अगस्त से 3 सितम्बर तक अम्बाला के विभिन्न स्कूल-कालेज व अन्य सार्वजनिक स्थानो पर पुस्तक प्रदर्शनी लगाकर छात्र-छात्राओं व आमजन को पुस्तकों के महत्व बारे जानकारी दी जाएगी। पुलिस अधीक्षक सुरेन्द्र सिंह भोरिया ने कहा कि हरियाणा पुलिस की तरफ से चलाई गई इस मुहिम का मुख्य उद्देश्य आज कल युवाओं को पुस्तकों से जोड़ना है। यहां पर हिन्दी, अंग्रेजी, उदू भाषा की किताबें है, जिसमें बाल साहित्य, सामान्य ज्ञान, इतिहास विज्ञान के साथ-साथ विशेष रूप से प्रतियोगी परीक्षाओ को ध्यान में रखते हुए महत्वपूर्ण किताबों का संग्रह एकत्रित किया गया है।

# जल्द हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी का चुनाव जल्द होए.. जगदीश सिंह झिंडा

**करनाल सुखविंदर सोही**

**करनाल।** के बाबा जंग सिंह गुरुद्वारे में सिख सम्मेलन का आयोजन हुआ, इस सिख सम्मेलन में पूरे प्रदेश भर से सिख समाज के लोग पहुंचे। इस सिख सम्मेलन की अगुवाई हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी एडहॉक के प्रधान रह चुके जगदीश सिंह झिंडा ने की। जगदीश सिंह झिंडा का कहना हैं कि जल्द से जल्द हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी का चुनाव जल्द से जल्द होना चाहिए। वो चाहते हैं कि कमेटी के प्रधान तो बना दिए गए हैं पर चुनाव होने चाहिए और ये चुनाव 1 नवम्बर तक हो जाने चाहिए, सभी पार्टियों के ये एलान करना चाहिए कि





सरकार 8 अक्टूबर के बाद किसी की भी बने पर हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के चुनाव 1 नवंबर तक चुनाव का एलान हो , अगर चुनाव का एलान नहीं होता तो 21 नवंबर को हम सब कुरुक्षेत्र में जाकर डीसी की कोठी का घेराव करेंगे। वहीं उनकी तरफ से ये भी कहा गया कि 8 सितंबर को करनाल में जो सिख एकता दल की तरफ से सिख सम्मेलन हो रहा है वो पैसे इक्कठे करने के लिए किया जा रहा , आरोप लगाए हैं कि सरकार के लोग करवा रहे हैं। वहीं उन्होंने हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान भूपेंद्र सिंह असंध पर भी निशाना साधा। बहराल देखना ये होगा कि सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के चुनाव कब तक होते हैं।

## ह्यूमन डिवैल्पमेंट मिशन के अंतर्गत वक्तव्य का किया गया आयोजन



मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट करती प्राचार्य मुक्ता अरोड़ा व अन्य।

अंबाला शहर, अगस्त : देव समाज कॉलेज फॉर गर्ल्स अंबाला शहर में आइक्यूएसी सैल, यूथ रेड क्रॉस सैल व अर्थशास्त्र विभाग के संयोजन से ह्यूमन डेवलपमेंट मिशन के अंतर्गत एक वक्तव्य का आयोजन किया गया। जिसमें जी.एम.एन कॉलेज, अंबाला कैंट के मनोविज्ञान विषय के पूर्व प्रवक्ता डॉक्टर सज्जन सिंह द्वारा मानसिक स्वास्थ्य विषय पर एक ओजस्वी व्याख्यान प्रस्तुत किया गया जिसमें उन्होंने छात्राओं को संयम से अपने फैसले लेने हेतु प्रेरित किया। इसके अतिरिक्त उन्होंने छात्राओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भरता के बारे में भी अवगत करवाया व इच्छा शक्ति को सुदृढ़ करने के लिए भी विद्यार्थियों को प्रेरित किया। प्राचार्य मुक्ता अरोड़ा ने डॉक्टर सज्जन सिंह को स्मृति चिन्ह देकर उनका धन्यवाद किया वह छात्राओं से कहा कि अगर वह मनोविज्ञान के सुविज्ञ विद्वान डॉक्टर सज्जन सिंह द्वारा बताई गई बातों को अपने जीवन में अनुसरण करेंगे तो उनका जीवन अवश्य ही सफल होगा। इस अवसर पर सभी स्टाफ मेंबर उपस्थित रहे।

# सबसे व्यस्तम इलाके में दिन दहाड़े बदमाशों ने ज्वेलर्स शोरूम में की 5 करोड़ो की चोरी





**हरिद्वार सुखविंदर सोही**

**हरिद्वार।** के सबसे व्यस्तम इलाके रानीपुर मोड़ के पास एक ज्वेलर्स शोरूम पर दिनदहाड़े डकैती की वारदात होने से हड़कंप मच गया। दोपहर करीब डेढ़ बजे शहर के रानीपुर मोड़ पर स्थित बालाजी ज्वेलर्स पर लगभग पांच हथियारबंद बदमाशों ने धावा बोल दिया। बदमाशों ने शोरूम के स्टाफ और वहां मौजूद लोगों पर मिर्च वाला स्प्रे उड़ाया और उसके बाद तमंचे से फायरिंग करते हुए डकैती की घटना कर डाली। बालाजी ज्वैलर्स शोरूम पर हुई डकैती में बदमाश करीब 5 करोड़ रुपए के जेवर लेकर फरार हो गए। दिनदहाड़े डकैती की सूचना शहर में आग की तरह फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल शुरू की। डकैती की वारदात सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गई है। इस दौरान स्थानीय लोगों और ज्वेलर्स कारोबारी में पुलिस की कार्यशैली को लेकर नाराजगी भी दिखाई दी। एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने बताया आज दोपहर के समय बालाजी ज्वेलर्स में एक डकैती की घटना हुई है जिसमे करीब 5 करोड़ के आसपास का सामान इनके द्वारा बताया गया है अभी हम लोग मौके पर ही है जल्दी हम लोग इसको वर्कआउट करने का प्रयास करेंगे।

## हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के प्रधान जसमत सैनी बने



बैठक के दौरान नवनियुक्त अध्यापक संघ की कमेटी शपथ ग्रहण करते हुए।

(नारायणगढ़) अगस्त : हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ संबंधित सर्व कर्मचारी संघ जिला अम्बाला के खंड नारायणगढ़ का चुनाव राजकीय माध्यमिक विद्यालय रायपुर वीरान नारायणगढ़ मे किया गया, जिसमे चुनाव की अध्यक्षता जिला सचिव सतनाम सिंह ने की पर्वेक्षक के तौर पर बृज मोहन व हरजिंदर सिंह ने भाग लिया। चुनाव मे सर्व सम्मति से प्रधान पद पर जसमत सैनी, सचिव पद पर उषम चंद, कोषाध्यक्ष पद पर विनोद कुमार मिल्क, उप प्रधान पद पर भूपिंदर सिंह ,सह सचिव पद पर श्री मुकेश कुमार सलूजा व प्रेस सचिव के पद पर श्री देवानंद जी, डेलीगेट के रूप में स. हरजिंदर सिंह राकेश सैनी विनोद कुमार भूप सिंह का चयन किया गया। सभी को संघ के प्रति आस्था व समर्पण की शपथ दिलाई गई। सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियो ने यूनियन के आगामी आंदोलन में बढ़कर भाग लेने का संकल्प लिया।

## सेवा धाम के निर्माण में सभी दें अपना सहयोग : पराशर

बराड़ा, अगस्त : सेवा ट्रस्ट यूके (इंडिया) द्वारा सेवा धाम मल्टी फैसिलिटी होम के शिलान्यास के उपलक्ष्य पर राहगीरों के लिए अपनी को-स्पॉन्सर डाबर इंडिया लिमिटेड़ के सहयोग से आरसीसी इंस्टिट्यूट ऑफ कंप्यूटर एजुकेशन रोड बराडा पर जूस का लंगर लगाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवा ट्रस्ट के खंड प्रधान गुरदेव सिंह व सदस्य गौरव गोयल ने की। गुरदेव सिंह ने बताया कि सेवा ट्रस्ट 7 वर्षो से समाज सेवा में निरंतर अपना अतुलनीय योगदान दे रहा है। ट्रस्ट के सदस्य गौरव गोयल ने बताया कि अब ट्रस्ट साहा में मल्टी फैसिलिटी होम बनाने जा रहा है, जिसमें डीएमडी बीमारी से ग्रस्त बच्चो का मुफ्त में इलाज होगा। साथ ही डायग्नोस्टिक सेंटर, महिलाओं व लड़कियों के लिए मुफ्त सिलाई और कंप्यूटर ट्रैनिंग सेंटर, वरिष्ठ नागरिक के लिए डे केयर सेंटर आदि खोला जाएगा। इस अवसर पर सेवा ट्रस्ट के प्रांतीय प्रधान पवन पराशर ने सभी से अपील की कि सभी ट्रस्ट के साथ जुड़ कर इस सेवा धाम के निर्माण में अपना यथा सम्भव योगदान दे और पुण्य के भागी बने। इस अवसर पर सेवा ट्रस्ट के नवीन गुप्ता, राहुल छाबड़ा, हरविन्द्र छाबड़ा, जितेंद्र कुमार, विनोद कुमार व अन्य सदस्य मौजूद रहे।



सेवा ट्रस्ट यूके (इंडिया) द्वारा लगाया गया जूस का लंगर।

# 5 अक्तूबर को विधानसभा चुनाव, अधिक से अधिक संख्या में करें मतदाताः डीसी उत्तम सिंह

## 8 अक्तूबर को होगी विधानसभा चुनाव की मतगणना

>> विधानसभा चुनाव को लेकर जिला प्रशासन की तैयारियां जोरो परः डीसी उत्तम सिंह

**करनाल पत्रकार डागी**

**करनाल।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी उत्तम सिंह ने कहा कि विधानसभा चुनाव को लेकर 5 अक्टूबर को मतदान होगा, ऐसे में उन्होंने जिला करनाल के सभी मतदाताओं से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में मतदान करें। उन्होंने बताया कि 8 अक्तूबर को विधानसभा चुनाव की मतगणना होगी। चुनाव को लेकर जिला प्रशासन की तैयारियां जोरों पर है। डीसी उत्तम सिंह ने बताया कि विधानसभा चुनाव के लिए करनाल जिले में सभी पांचों विधानसभा (करनाल, इंद्री, नीलोखेड़ी, घरौंडा और असंध) के लिए नामांकन प्रक्रिया 5 सितंबर को शुरू होगी। 12 सितंबर नामांकन भरने का अंतिम दिन है। 13 सितंबर को नामांकन की जांच होगी। 16 सितंबर तक नामांकन वापिस लिए जाएंगे। 5 अक्तूबर को मतदान होगा और 8 अक्तूबर को चुनाव के नतीजे आएंगे। विधानसभा क्षेत्र में ही भरे जाएंगे नामांकन जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने बताया कि चुनाव को लेकर जिला प्रशासन की तैयारियां जोरों पर है। सभी स्टाफ की ड्यूटी व चुनाव प्रक्रिया से जुड़े जरूरी कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि करनाल, इंद्री, नीलोखेड़ी, घरौंडा और असंध के विधानसभा क्षेत्र में ही नामांकन लिए जाएंगे। यहां रिटनिंग आफिसर, एसडीएम कार्यालय या जिस कार्यालय के आसपास पार्किंग, पुलिस सुरक्षा जैसे इंतजाम आराम से किए जा सकेंगे, वहां पर नामांकन लेंगे।



27 अगस्त को प्रकाशित मतदाता सूची अनुसार विधानसभा के कुल मतदाता

- नीलोखेड़ी विधानसभा - 2,32,935
- इंद्री विधानसभा - 2,18,125
- करनाल विधानसभा- 2,65,168
- घरौंडा विधानसभा- 2,40,937
- असंध विधानसभा- 2,41,771

मतदाता सूचियों में नाम की पुष्टि कर लें मतदाता

## 10 सालों से कोई विकास कार्य न होने पर मौजूदा सरकार से हर वर्ग परेशान : शैली चौधरी



महिलाओं को कांग्रेस में शमिल करती विधायक शैली चौधरी।

(नारायणगढ़ ) अगस्त : उपमंडल शहजादपुर माजरा की कांग्रेस नेत्री प्रविण रिटायर्ड पूर्व मुख्य अध्यापिका शहजादपुर माजरा की अध्यक्षता में अंजलि गिल कुसुम शर्मा, बिमला रानी,राजेन्द्र कौर, कांता रानी मोनिका गुप्ता ने बीजेपी छोड़कर अपनी महिला साथियों को विधायक शैली चौधरी ने पार्टी का पटका पहना कर पार्टी में ज्वाइन कर स्वागत किया। विधायक ने कहा सभी बहनों को पार्टी में पुरा मान सम्मान दिया जाएगा। उन्होने कहाकि 10 सालों से कोई विकास कार्य व रोजगार नाम की चीज न होने पर आज मौजूदा सरकार से हर वर्ग परेशान हैं । यहा तक किसानों व कर्मचारियों को उनका हक तक देना नही चाहती। आने वाला समय हरियाणा में कांग्रेस का हैं ।

## हरियाणा में भाजपा को जनता ने ठुकराया अब ईडी का सहारा ले रही है : मलौर

अंबाला शहर, अगस्त : पूर्व विधायक एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य जसबीर मलौर ने कहा कि हरियाणा विधानसभा चुनावों में प्रदेश की जनता ने भाजपा को ठुकरा दिया है। अब भाजपा ईडी को आगे करके चुनाव जीतना चाहती है। पूर्व विधायक अपने आवास पर पूर्व मुख्यमंत्री पर ईडी की दमनात्मक कार्यवाही पर कार्यकताओं से चर्चा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जिस राज्य में भाजपा को अपनी हार नजर आती है वहां पर ईडी का जिन्न बाहर आ जाता है। भाजपा के कार्यकाल में ईडी जितनी भी करवाई हुई है उसमें 90 प्रतिशत से अधिक मामले कोर्ट में फाइल हुई है। वास्तव में भाजपा सरकारी एजेंसियों को जनाधार वाले नेताओं पर राजनैतिक दबाव बनाने का प्रयास करती है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षो में भाजपा को ई डी की कार्यवाही नजर नहीं आई।



जसबीर मलौर

## जेसीआई अंबाला नेक्स्ट जेन लीडर्स का जेसीआई वीक की शुरुआत आज से

अम्बाला छावनी, अगस्त : जेसीआई अंबाला नेक्स्ट लीडस के प्रधान शुभम गोयल ने अपनी टीम के साथ एक प्रेसवार्ता कर जेसीआई वीक में होने वाले प्रोजेक्ट्स के बारे में बताया। जेसीआई अंबाला नेक्स्ट जेन लीडर्स एक ऐसी संस्था है जोकि सोसाइटी के पिछड़े लोगों और पशुओं के उद्धार और सहायता के लिए हमेशा तैयार रहती है। प्रधान शुभम गोयल ने कार्यक्रम का उद्देश्य जेसीआई वीक में होने वाले प्रोजेक्ट्स जैसे एग्जिबीशन, हैप्पीनेस सलम एरिया, रिफ्लेक्ट एंड प्रोटेक्ट काउ सेफ़्टी,रॉड सेफ़्टी, फि टनेस, सेल्फ हेल्थकेयर एंड हेल्दी कुकिंग, सीपी आर ट्रेनिंग एंड ट्री प्लांटेशन, प्रतिभा पुरस्कार, भंडारा सेवा ,फ्रेंडली क्रिकेट मैच, डैंटल चेकअप और ग्रेड-डे के बारे में विस्तार से बताया। इस कार्यक्रम की प्रोजेक्ट चेयरमैन सोनम बिंद्रा, प्रोजेक्ट डाइरेक्टर्स अमन अग्रवाल, रिजुल अग्रवाल और एडवोकेट विकास अग्रवाल हैं। सोनाली गोयल जेसी वीक कन्वीनर, डॉक्टर समर्थ गुप्ता सेक्रेटरी, पंकज कट्टर जेसीआई वीक कोर्डिनेटर भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में चार्टर प्रेसिडेंट जेएफएम सुमित अग्रवाल ने जेसीआई वीक के सभी प्रोजेक्ट्स के बारे में बताया। प्रधान शुभम गोयल ने इन प्रोजेक्ट्स का महत्व बताते हुए, यह भी बताया कि यह कैसे हमारे सोसाइटी और पशुओं के हित के लिए हैं।



जानकारी देते जेसीआई अंबाला नेक्स्ट जेन लीडर्स के पदाधिकारी।

## हरियाणा में बीजेपी कुछ दिनों की मेहमानः सुखविंदर सिंह जैलदार

अंबाला शहर, अगस्त : जिस प्रकार से गलत काम करने वाले व्यक्ति के पापों का घड़ा भर जाता है और एक दिन फूट जाता है। इसी प्रकार से जनता का गुस्सा भी बीजेपी सरकार पर फुट चुका है और अब जनता ने बीजेपी सरकार को हरियाणा से बाहर करने का मन बना लिया है। उक्त शब्द हरियाणा प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता सुखविंदर सिंह जैलदार ने जारी एक प्रेस बयान में कहे। उन्होंने कहा कि हरियाणा में बीजेपी अब कुछ दिनों की मेहमान है और आगामी 4 अक्टूबर को हरियाणा में पूर्ण बहुमत से कांग्रेस की सरकार बनेगी और कुमारी शैलजा हरियाणा की मुख्यमंत्री बनेगी। सरकार बनने पर हरियाणा की जनता को सभी मूल सुविधाएं, एक अच्छा प्रशासन, और रोजगार देने वाला प्रदेश बनाने का काम किया जाएगा। जैलदार ने कहा कि जिस प्रकार से हरियाणा प्रदेश का विकास होगा रोजगार होगा उससे हर वर्ग सुखी और संपन्न होगा।



कुमारी सैलजा के साथ सुखविंद्र सिंह जैलदार

## द एस डी विद्या स्कूल में कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों के उल्लास उत्सव का भव्य आयोजन

- बच्चों ने नृत्य नाटिका के माध्यम से डांडिया, मोर नृत्य और दही हांडी का किया अनूठा प्रदर्शन

अम्बाला छावनी, अगस्त : छावनी के द एस डी विद्या स्कूल में कक्षा ग्यारहवीं के विद्यार्थियों द्वारा उल्लास उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉक्टर विकास कोहली (प्रिंसिपल, पुलिस डी ए वी पब्लिक स्कूल; असिस्टेंट रीजनल ऑफिसर, डी ए वी ऑगेर्नाइजेशन; व नोडल ऑफिसर, पुलिस डी ए वी पब्लिक स्कूल्स, हरियाणा) उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों में डॉ. राजेंद्र राणा (प्राचार्य, द एस डी कॉलेज, अंबाला छावनी), नवीन गुलाटी (पूर्व गणित विभाग अध्यक्ष, एस डी कॉलेज, अंबाला छावनी), विद्यालय की डायरेक्टर प्राचार्या नीलइंद्रजीत कौर संधू, कक्षा 11वीं के अध्यापकगण और अभिभावक उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि के स्वागत और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। बच्चों ने नृत्य नाटिका के माध्यम से डांडिया, मोर नृत्य, और दही हांडी का अनूठा प्रदर्शन किया, जिसमें सभी विषयों का समन्वय किया गया। बच्चों ने इस कार्यक्रम के जरिए मित्रता, दया, परोपकार, क्रोध को वश में करना, और प्रकृति के समीप रहने का संदेश दिया।



मुख्यातिथि डॉक्टर विकास कोहली पौधा भेंट करते डॉ. राजेंद्र राणा व प्राचार्या नीलइंद्रजीत कौर संधू।



मंच पर नाटक प्रस्तुत करते द एस डी विद्या स्कूल के विद्यार्थी।

### मोनिका रस्तोगी व विनीत रस्तोगी सर्वोत्तम अभिभावक पुरस्कार से सम्मानित

कक्षा 11वीं की छात्रा यशस्वी भाटिया द्वारा प्रस्तुत कविता गायन ह्लकृष्ण तुम्हें आना होगाह्व ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के दौरान कक्षा 11वीं की छात्रा भाविनी रस्तोगी के अभिभावक मोनिका रस्तोगी व विनीत रस्तोगी को सर्वोत्तम अभिभावक पुरस्कार से सम्मानित किया गया। विद्यालय की डायरेक्टर प्राचार्या नीलइंद्रजीत कौर संधू ने बच्चों और शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की और बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत इस तरह के कार्यक्रम बच्चों की रचनात्मकता को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विद्यालय के अध्यक्ष बीके सोनी के मार्गदर्शन में विद्यालय के विद्यार्थी इस प्रकार के कार्यक्रमों के माध्यम से निरंतर प्रगति कर रहे हैं।

# हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग नौ साल 11 माह तक क्या करता रहा : निर्मल सिंह

## चुनाव नजदीक देखकर युवाओं को गुमराह कर रही भाजपा निर्मल सिंह

अंबाला शहर, अगस्त : हरियाणा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व मंत्री निर्मल सिंह ने अम्बाला शहर हल्के के गांवों का दौरा किया वह कल बूथ कमेटी मीटिंग के लिए कार्यकताओं को मिलने पहुँचे थे उन्होंने बताया की कल सुबह कर्ण पैलेस अम्बाला शहर में सभी कार्यकर्ता बूथ कमेटी मीटिंग के लिए सुबह एकत्रित होंगे और हर बूथ के कार्यकताओं को आने वाले विधानसभा चुनाव के लिए हर कार्यकर्ता से बातचीत की जाएगी। उन्होंने कहा कि रोजगार देने के मामले में प्रदेश की भाजपा सरकार की नीयत में शुरू से ही खोट रहा इसलिए उसने खाली पड़े दो लाख पदों को भरने के लिए कभी सार्थक कदम नहीं उठाया। जुमलेबाज भाजपा सरकार भर्तियों के लिए घोषणाएं तो करती रही। जब प्रदेश में आचार संहिता लग चुकी है ऐसे में हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग चुनाव आयोग से भर्तियों की अनुमति मांग रहा है जिससे आयोग ने साफ इंकार कर दिया है। भाजपा अब अनुमति मांग रही है जबकि वह नौ साल 11 माह हाथ पर हाथ रखकर बैठी रही, उसे श्वेतपत्र जारी करते हुए जनता को बताना चाहिए कि उसने करीब दस साल के कार्यकाल में क्या किया। ये जनता है,अब भाजपा के बहकावे में आने वाली नहीं हैं, चुनाव में वोट की चोट से पूरा हिसाब चुकता करके रहेगी।

निर्मल सिंह ने कहा प्रदेश में चुनाव आचार संहिता लगी हुई है ऐसे में आयोग भर्ती की बात कर रहा है। सरकार अच्छी प्रकार से जानती है आयोग चेयरमैन भी जानते है कि चुनाव आयोग ऐसा करने की कभी अनुमति नहीं देता है, आयोग ने साफ कर दिया है कि जो भी भर्ती करनी है वो चुनाव के बाद करनी होगी। चेयरमैन कह रहे है कि वे तो भर्ती के लिए तैयार है पर चुनाव आयोग अनुमति नहीं दे रहा है, ऐसा कहकर चेयरमैन और भाजपा सरकार जनता को गुमराह करने का काम कर रही है,अगर भर्ती ही करनी थी तो अब तक क्या कर रहे है थे या उन्हें प्रदेश में चुनाव आचार संहिता लगने का इंतजार था। उन्होंने कहा कि एचकेआरएन के तहत एक लाख 20 हजार युवाओं की भर्ती तो की अगर सरकार को भर्ती ही करनी थी तो उसे खाली पदों पर स्थायी भर्ती करनी चाहिए थी पर भाजपा सरकार ने ऐसा नहीं किया क्योंकि उसकी सोच युवाओं को रोजगार देने वाली रही ही नहीं। प्रदेश का युवा इस चुनाव में वोट की चोट से भाजपा को करारा जवाब देगा।



कार्यक्रम के दौरान पूर्व मंत्री निर्मल सिंह व मौजूद कांग्रेस कार्यकर्ता।



# बारिश से गिरी कच्ची दीवार, मलबे में दबा सामान


■ तिंदवारी

झमाझम हुई बारिश से कई स्थानों पर दीवारें और मकान गिरे हैं। थाना क्षेत्र के माटा गांव में गुरुवार सुबह बारिश की सीलन से कच्ची दीवार गिर गई। घर में रखा गृहस्थी का सामान मलबे में दब गया। गनीमत रही की परिवार के लोग बार-बार दुर्घटना का शिकार होते-होते बच गए। माटा गांव निवासी चंद्रपाल यादव ने बताया कि वर्षा के चलते उसके कच्चे मकान की दीवार पर सीलन आ गई थी। जिसके कारण घर की दीवार भर भरा कर गिर गई घर में रखा हुआ सामान मलबे में बदल गया ।घर की दीवार गिरने से एक लाख रुपए का नुकसान हो गया ।क्षेत्र के लेखपाल को घटना की सूचना दी गई है। पीड़ित ने मांग की है कि प्रशासन की ओर से मुआवजा दिया जाए। उसके साथ जीवन यापन के लिए सामान नहीं बचा है।

# सत्याग्रह रिसर्च फाउंडेशन व मदर ताहिरा चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा हिंदी भाषा के महान विभूति फादर कामिल बुल्के की 115वीं जयंती पर पौधारोपण एवं भव्य कार्यक्रम का आयोजन ।

(वर्ल्ड न्यूज फीचर नेटवर्क)

**बेतिया।** सत्याग्रह भवन में हिंदी भाषा के महान विभूति फादर कामिल बुल्के की 115वीं जयंती पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों, बुद्धिजीवियों एवं छात्रों ने भाग लिया। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय पीस एम्बेसडर सह सचिव सत्याग्रह रिसर्च फाउंडेशन डॉ. एजाज अहमद अधिवक्ता, डॉ. सुरेश कुमार अग्रवाल चांसलर प्रज्ञान अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय झारखंड, डॉ. शाहनवाज अली, डॉ. अमित कुमार लोहिया, वरिष्ठ पत्रकार सह संस्थापक मदर ताहिरा चैरिटेबल ट्रस्ट डॉ. अमानुल हक ने संयुक्त रूप से पौधारोपण कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि हिंदी भाषा के महान विभूति स्वर्गीय फादर कामिल बुल्के का जन्म आज ही के दिन 1 सितंबर 1909 को बेल्जियम में हुआ था।उन्होंने हिंदी के प्रचार-प्रसार के लिए उल्लेखनीय कार्य किया। उनके अतुल्य योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। "अंग्रेजी हिंदी शब्दकोष के रचयिता, हिंदी के विद्वान एवं समाजसेवी फादर कामिल बुल्के की जयंती पर इस मंच के माध्यम से हिंदी भाषा के महान विभूति को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। फादर कामिल बुल्के ऐसे विद्वान थे, जिन्होंने भारतीय न होकर विदेशी होते हुए भी जीवन भर भारतीय संस्कृति और हिंदी से प्रेम किया। बेल्जियम में जन्मे बुल्के की कर्मभूमि झारखंड की राजधानी रांची, सत्याग्रह की भूमि बेतिया एवं भारत के विभिन्न शहरों में उनके कृतित्व और व्यक्तित्व को लेकर इस सप्ताह विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर हिंदी के इस साधक को याद किया जा रहा है। बुल्के ने रामकथा के महत्व पर वर्षों तक शोध किया और देश-विदेश में रामकथा के प्रसार पर प्रामाणिक तथ्य जुटाए। उन्होंने पूरी दुनिया में रामायण के लगभग 300 रूपों की पहचान की। बुल्के ने रामकथा पर पहला व्यवस्थित शोध कार्य किया, जो अपने आप में हिंदी शोध के क्षेत्र में एक मानक है। हिंदी के प्रति अपने प्रेम के कारण ही बुल्के ने अपनी पीएचडी की थीसिस हिंदी में ही लिखी। जिस समय वे इलाहाबाद में शोध कर रहे थे, उस समय देश में सभी विषयों की थीसिस अंग्रेजी में ही लिखी जाती थी। जब उन्होंने अपनी थीसिस हिंदी में लिखने की अनुमति मांगी तो विश्वविद्यालय ने अपने शोध नियमों में बदलाव करके उनकी बात मान ली। इसके बाद देश के अन्य हिस्सों में भी हिंदी में थीसिस लिखी जाने लगीं। उन्होंने एक जगह लिखा है, "मातृभाषा के प्रति प्रेम के संस्कार लेकर मैं वर्ष 1935 में रांची पहुंचा तो यह देखकर मुझे बहुत दुख हुआ कि भारत पर न केवल अंग्रेजों का शासन था बल्कि अंग्रेजी का भी बोलबाला था। मेरे देश की तरह उत्तर भारत का मध्यम वर्ग भी अपनी "मातृभाषा की अपेक्षा विदेशी भाषा को अधिक महत्व देता है।" इसके जवाब में मैंने हिंदी पंडित बनने का फैसला किया। विदेशी मूल के कई विद्वान हुए हैं जिन्हें इंडोलॉजिस्ट या भारतीय विद्वान कहा जाता है। उन्होंने भारतीय भाषा, समाज और संस्कृति को अपने नजरिए से देखा। बुल्के ने भारतीय साहित्य और संस्कृति को उसकी संपूर्णता में देखा और उसका विश्लेषण किया। 1950 में वे रांची के सेंट जेवियर्स कॉलेज के हिंदी विभागाध्यक्ष के पद पर नियुक्त हुए। उसी वर्ष उन्होंने भारतीय नागरिकता ले ली। वर्ष 1968 में अंग्रेजी हिंदी शब्दकोष प्रकाशित हुआ, जिसे अब तक प्रकाशित शब्दकोषों में सबसे प्रामाणिक माना जाता है। इस मंच से हम उन्हें पुनः श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।



## संक्षिप्त समाचार

### भव्य शोभायात्रा मे जयश्रीराम के लगे नारे

**चित्रकूट।** प्रभु श्री राम की नगरी चित्रकूट में नरेन्द्र मोदी विचार मंच के बैनर तले निकाली गई शोभायात्रा में जय श्री राम के नारे से धर्म नगरी गुंजायमान रही शोभा यात्रा में सामिल चित्रकूट के पांच अखाड़े के निशानो का पूजन हुआ – नरेंद्र मोदी विचार मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि चाणक्य ने माला पहनाकर साधू संतो का सम्मान किया – उ प्र के अध्यक्ष महंत दिव्यजीवन दास महराज एवं म0प्र0 के अध्यक्ष संत लल्ली महराज ने सभा को संबोधित किया – इस अवसर पर नरेन्द्र मोदी विचार मंच के राष्ट्रीय महासचिव सूरज वृम्हे, मंडल अध्यक्ष संदीप तिवारी, मीडिया प्रभारी शारदा द्विवेदी, गायत्री मंदिर के रामनारायण तिवारी, के अलावा नरेंद्र मोदी विचार मंच के देश भर से आए पदाधिकारी एवं मातृ शक्ति, स्थानीय नागरिक एवं अनेक समाजसेवी, पत्रकार उपस्थित रहे ।

### सेवानिवृत्त हुए दो उपनिरीक्षक

**चित्रकूट।** पुलिस विभाग से सेवानिवृत 02 उपनिरीक्षको को भावभीनी विदायी दी गयी है। पुलिस कार्यालय स्थित राघव प्रेक्षागार में पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह की अध्यक्षता में अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी की उपस्थिति में पुलिस विभाग में अपनी सेवा पूर्ण करने वाले 01 उपनिरीक्षक रेडियो शाखा व 01 ऐच्छिक सेवानिवृत उपनिरीक्षक की विदाई समारोह का आयोजन किया गया । इस दौरान पुलिस अधीक्षक चित्रकूट द्वारा सेवानिवृत्त हो रहे उ0नि0 नागरिक पुलिस इंदल सिंह व उ0नि0 रेडियो शाखा कन्हैयालाल को माला पहनाकर, प्रशस्ति-पत्र एवं उपहार प्रदान कर भावभीनी विदाई दी गयी। इस दौरान सेवानिवृत्त हो रहे उपनिरीक्षक मौके पर उपस्थित अधिकारी/कर्मचारीगण को हल्का नास्ता करवाकर मुंह मीठा कराया गया। पुलिस अधीक्षक ने सेवानिवृत हो रहे उपनिरीक्षकों से कहा कि वह घर जाकर अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें एवं निरन्तर व्यायाम करते रहें, अपने जीवन का अमूल्य समय विभाग को दिया है, मैं समस्त पुलिस विभाग की ओर से आपके सुखद जीवन एवं परिवार की तरक्की की मनोकामना करता हूं । इस दौरान प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण, आई रेडियो रविन्द्र कुमार पटेल, पीआरओ प्रदीप पाल एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे ।

# मोदी सरकार की जनहितकारी योजनाओं का महिलाओं से फीडबैक लेते महासचिव आलोक पाण्डेय

■ चित्रकूट

भाजपा नेतृत्व की नरेंद्र मोदी की सरकार ने दस साल पहले बहुउद्देशीय योजना जनधन की शुरूआत 28 अगस्त 2014 को की थी। जनधन योजना के दस वर्ष पूरे होने पर आज मातृशक्ति से अनौपचारिक संवाद स्थापित करके जिला महामंत्री भाजपा-चित्रकूट आलोक पाण्डेय ने जनधन योजना पर विस्तार से चर्चा की।

मातृशक्ति से संवाद करते हुए आलोक पाण्डेय ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में 53 करोड़ से अधिक वंचित, गरीब, सीमांत लोगों को भारत की बैंकिंग व्यवस्था से जोड़ने में जनधन योजना सहायक हुई है। जनधन के तहत खोले गए खातों में 55ः से अधिक महिलाओं के हैं। साथ ही 66ः खाते ग्रामीण व कस्बाई इलाकों के लोगों ने खुलवाए हैं।



जनधन के लाभार्थी गरीब, वंचित, विपन्न वर्गों के लोग ही हैं और उनके खातों 23 खरब, 12 अरब, 35 करोड़ से अधिक रूपये बचत के रूप में जमा हुए हैं।

आगे बताते हुए कहा कि जनधन योजना से योजनागत भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिए लाई गई डीबीटी योजना लागू करने में सबसे बड़ी सहायता मिली। मोदी सरकार ने जनता के हक की लूट को रोकने के लिए ही डीबीटी को लागू किया। डीबीटी को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं में लागू कराकर जनता के हक के 34 लाख करोड़ रूपये सीधे उनके खाते में पहुंचाकर बिचौलिया मुक्त व्यवस्था के निर्माण में जनधन योजना की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

जनधन योजना आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की महत्वपूर्ण योजना है।

मातृशक्ति ने समवेत स्वर में कहा कि मोदी और भाजपा की डबल इंजन सरकार लगातार गरीब कल्याण के लिए काम कर रही है और भाजपा की डबल इंजन सरकारों पर जनता का भरोसा बढा है।

# कृष्ण छठी उत्सव में भक्तों ने 56 भोग का प्रसाद कान्हा को किया अर्पित

**महोबा।** कृष्ण जन्माष्टमी के छह दिन बाद होने वाली कृष्ण की छठी से पूर्व शहर के एक गेस्ट हाउस में पिछले साल की भांति इस वर्ष भी छठी उत्सव का अयोजन किया गया, जिसमें 251 महिलओं ने मैया यशोदा बनाकर कन्हा के बाल रूप को छप्पन भोग का प्रसाद अर्पित किया। उत्सव के मौके पर महिलाएं गीत संगीत और नृत्य करती रही, वहीं महिलओं के साथ आए छोटे छोटे बच्चे राधा कृष्ण की पोशाक धारण कर बाल लीलाए करतें रहें । कृष्ण जन्माष्टमी के बाद कृष्ण की छठी का उत्सव महिला सेवा संस्थान द्वारा आयोजित किया गया। शहर के रामकथा मार्ग स्थित गेस्ट हाउस में महिलाएं कृष्ण जन्माष्टमी के बाद छठी उत्सव के कृष्ण की भक्ति में डूबी नजर आई। उत्सव के मौके पर गेस्ट हाउस को झंडिया और बिजली की आकर्षक सजावट की गई साथ ही महिलाओं द्वारा कान्हा की पूजा अर्चना कर माखन मिश्री, खीर, रसगुल्ला, रबड़ी और मालपुआ, जीरा लड्डू, जलेबी, मोहनभोग, मूंगदाल हलवा, घेवर, पेड़ा किशमिश, काजू, बादाम, पिस्ता इलायची सहित 56 भोग प्रसाद में रखकर कान्हा को भोग चढ़ाया गया।

# फोटोग्राफरों ने किया दिल्ली फोटो फेयर का विरोध

## पहले दिन से ही दिखा विरोध का असर, उम्मीद के मुताबिक नहीं पहुंचे फोटोग्राफर

**बांदा।** फोटो फेयर में पीडब्लूए सपोर्ट नहीं कर रहा है। क्योंकि फेयर में करोड़ों का बिजनेस करने वाले फेयर ऑर्गेनाइजर अपनी अपनी जेब भरने में लगे हैं और फोटोग्राफर भाइयों को गुमराह करते हैं और वहां बुलाते हैं ऐसी गर्मी, बरसात के सीजन में फेयर कराकर हिंदुस्तान के सभी फोटोग्राफर भाइयों को वहां पर बुलाया जाता है और वहां पर उनके पानी चाय नाश्ता तक की व्यवस्था नहीं करते हैं। जबकि हिंदुस्तान की हर जगह से वहां पर फोटोग्राफर भाई पहुंचते हैं। उन्हीं के मोबाइल नंबरों को नोट करके बड़ी-बड़ी कंपनियों को बेचकर पैसों की कमाई की जाती है और फेयर के अंदर जितनी कंपनी के काउंटर लगे होते हैं उनको ऑर्गेनाइजर स्क्वायर फीट के हिसाब से देते हैं जिससे उन्हें करोड़ों का बिजनेस करके रफू चक्कर होते हैं फोटोग्राफर भाई कब तक अपना शोषण करते रहेंगे वहां की स्थिति तो ऐसी है की 25000 से लेकर एक से दो लाख तक का एक काउंटर प्रतिदिन दिया जाता है। अगर वहां पर 300 सौ काउंटर से भी ज्यादा बुक हुए हैं तो अनुमान लगाइए कितने के होंगे जबकि सभी राज्यों में फेयर होते हैं समस्त फोटोग्राफर भाई केवल अपने-अपने राज्यों के फेयर को महत्व दें और नेशनल फेयरों को इग्नोर करें, हिंदुस्तान में कभी भी इन विषयों को लेकर कोई भी संगठन आगे नहीं आया। केवल फोटोग्रफर्स वेलफेयर एसोसिएशन (संपूर्ण भारत) इन मुद्दों को लेकर फोटोग्राफर हित के लिए आगे बढ़ा है और हमेशा फोटोग्राफर हित की बातों को रखता है बाकी कुछ संगठन ऐसे भी हैं जो फेयर की परसेंटेज की दलाली करते हैं जिसकी वजह से फोटोग्राफरों को बुलाकर वहां पर गुमराह किया जाता है हमें अब जरूरत है सभी फोटोग्राफर भाइयों को एकजुट होने की। क्योंकि दिल्ली में पहले एक ही फेयर होता था लेकिन अब फिर दो-दो फेयर होने लगे।



*कार्यक्रम के दौरान खाली पड़ी कुर्सियां*

# तहसीलदार के भ्रष्टाचार के खिलाफ चल रहे धरना का किसान यूनियन ने किया समर्थन

## वकीलों के साथ धरने पर बैठकर किसानों ने की नारेबाजी, बाद में एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

■ महोबा

कुलपहाड़ तहसील में तहसीलदार के कथित भ्रष्टाचार के खिलाफ अधिवक्ताओं द्वारा दिए जा रहे धरना प्रदर्शन का भारतीय हलधर किसान यूनियन महोबा ने तहसील कुलपहाड़ पहुंचकर अधिवक्ताओं के समर्थन में धरना दिया साथ ही भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग को लेकर उपजिलाधिकारी कुलपहाड़ अनुराग प्रसाद को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान अधिवक्ताओं और किसान नेताओं ने जमकर नारेबाजी की।

मालूम हो कि तहसीलदार कुलपहाड़ द्वारा किए जा रहे भ्रष्टचार के खिलाफ तहसील कुलपहाड़ के अधिवक्ताओं द्वारा पांच दिन से चल रही अनिश्चतकालीन धरना आ भी जारी रहा। दूसरी तरफ भ्रष्टचार के खिलाफ लड़ाई लड़ रही हलधर किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष जनक सिंह परिहार को वकीलों की हड़ताल की फनक लगते ही वह शनिवार को किसानों के साथ तहसील परिसर जा धमके और अधिवक्ताओं के साथ धरने पर बैठ गए। किसान यूनियन द्वारा वकीलों की हड़ताल मे सहयोग किए जाने से अधिवक्ताओं के हौसले और बढ़ गए।

इस मौके पर किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष ने कहा कि जिले में राजस्व और बिजली विभाग में भ्रष्टाचार चरम पर है। स्थिति यह है कि सुविधा शुल्क न देने पर किसानों को चार चार माह तक तहसीलदार कार्यालय के चक्कर काटने पड़ते हैं। उन्होंने कहा कि महोबा तहसील में भी भ्रष्टाचार चरम पर है, यहां पर सुविधा शुल्क न देने पर छह छह माह तक किसान दाखिल खारिज के लिए चककर काट रहे है। उन्होंने कहा कि महोबा के वकीलों को भी भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ मोर्चा खोलना चाहिए। उन्होंने कहा कि कमोवेश यही स्थिति बिजली विभाग की है, यहां पर सारे काम दलालों के माध्यम से होते हैं। धरना प्रदर्शन दौरान तमाम अधिवक्ता और किसान नेता मौजूद रहे।



# स्टेडियम 'ए' ने स्टेडियम 'बी' को आठ विकेट से हराकर जीता मैच

## शासन के निर्देश पर जिला स्टेडियम में चल रही दो दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ समापन

■ महोबा

मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश पर जिला स्टेडियम महोबा में जिला स्तरीय जूनियर बालक क्रिकेट प्रतियोगिता का शुरुआत आल्हा परिषद के अध्यक्ष शरद कुमार उर्फ दाऊ तिवारी व भाजपा जिलाध्यक्ष अवधेश कुमार गुप्ता ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त करने के बाद किया। क्रिकेट प्रतियोगिता में शुरु हुए मैच में दोनो टीमों ने दमखम दिखाया। शनिवार को स्टेडियम में खेले गए फाइनल मैच खेला गया, जिसमें स्टेडियम की टीम ए ने आठ विकेट से स्टेडियम टीम बी को हराया। मैच के बाद सभी टीमों के खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

दो दिन से जिला स्टेडियम में चल रही क्रिकेट प्रतियोगिता का आज फाइनल मैच संपन्न हुआ। दोनो टीमों ने बेहतर प्रदर्शन किया, लेकिन बाद में स्टेडियम की टीम बी के खिलाड़ी थकान महसूस करने लगे, जिसका फायदा उठाते हुए स्टेडियम ए टीम के खिलाड़िं ने ताबड़तोड़ चौके छक्के लगाकर आठ विकेट से फाइनल मैच जीत लिया। कमेटी ने मैन आफ दा मैच अनमोल तिवारी दिया। इसके बाद कबड्डी संघ के सचिव देवीचरण और युवक कल्याण अधिकारी ब्रजेंद्र कुमार की मौजूदगी में मैच खेला गया था। शुरु से ही स्टेडियम ए की टीम हावी रही और अंत में मैच पर कब्जा जमा लिया।



समापन अवसर पर मैच के मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए। मावन जीवन में शरीर को चुस्त और दुरुस्त रखने के लिए खेल बहुत जरुरी है। नियमित खेल का अभ्यास करने वाले युवाओं से बीमारी दूर रहती है। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रतियोगिता में भाग लेने महत्वपूर्ण है, बल्कि विजय प्राप्त करना नहीं। खिलाड़ी को हमेशा लक्ष्य बनाकर खेल खेलना चाहिए, एक दिन उसे सफलता अवश्य मिलती है। व्यापार मंडल के नेता रामजी गुप्ता ने कहा कि खेल से आपसी सामान्जस और भाईचारा बढ़त है। एक समय था जब महोबा में हर मोहल्ले में हाकी की टीम हुआ करती थी, लेकिन आज क्रिकेट ने हाकी को बहुत पीछे छोड़ दिया है। इस मौके पर उप क्रीडाधिकारी रामचंद्र सहित तमाम क्रिकेट प्रेमी मौजूद रहे।

# खेलों में प्रतिभाग करें खिलाड़ी-पंकज अगवाल

## जिला पंचायत अध्यक्ष ने खिलाड़ियों को बांटे पुरस्कार

■ चित्रकूट

राष्ट्रीय खेल दिवस 29 अगस्त के अवसर पर क्षेत्रीय खेल कार्यालय चित्रकूट एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 31अगस्त को स्पोर्ट स्टेडियम चित्रकूट में प्रतियोगिता का समापन एवं पुरस्कार वितरण जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन, मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर द्वारा खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किया गया। अशोक जाटव जिला पंचायत अध्यक्ष एवं पंकज अग्रवाल अध्यक्ष कोऑपरेटिव के द्वारा विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किया गया।

जिलाधिकारी ने उपस्थित खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहां की आप लोग अधिक से अधिक संख्या में आकर खेलों में प्रतिभाग करे, जो जिला प्रशासन के द्वारा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है उसका लाभ उठाएं उन्होंने कहा कि आप लोग जनपद के साथ-साथ प्रदेश व देश का नाम रोशन करें यही मेरी शुभकामनाएं हैं। मुख्य विकास अधिकारी ने बालिका खिलाड़ियों को कहां है कि बेटियां खेलों में भारतवर्ष का नाम रोशन कर रही है आप में वह क्षमता है व ताकत है कि आप खेलों में सर्वोच्च स्थान प्राप्त कर सकती हैं जिला पंचायत अध्यक्ष ने समस्त विजेता खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी तथा पंकज अग्रवाल ने अभ्यास करने हेतु प्रेरित किया समस्त अतिथियों का आभार क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी विजय कुमार द्वारा किया गया शैलेश कुमार उपाध्याय जिला युवा कल्याण अधिकारी अवधेश सिंह ,श्याम सुंदर. कृष्णा ,अंगद ,फ़िरोज अंसारी, तथा अख्तर हुसैन ने प्रतियोगिता को संपन्न कराया , बास्केटबॉल -में जवाहर नवोदय विद्यालय विजेता तथा उपविजेता जवाहर नवोदय विद्यालय जूनियर टीम मानिकपुर रही।



## सार संक्षेप

### रजनीकांत की फिल्म 'कुली' में काम करेंगी श्रुति हासन



**मुंबई:** बॉलीवुड अभिनेत्री श्रुति हासन, दक्षिण भारतीय फिल्मों के महानायक रजनीकांत की आने वाली फिल्म कुली में काम करती नजर आयेंगी। लोकेश कनगराज के निर्देशन में बन रही फिल्म कुली में रजनीकांत की मुख्य भूमिका है। फिल्म कुली में अब श्रुति हासन की एंट्री हो गयी है। फिल्म कुली के निर्माताओं ने अपने सोशल मीडिया पर श्रुति हासन के किरदार पोस्टर को साझा किया है। निर्माताओं की तरफ से जारी किए गए मोनोक्रोमैटिक पोस्टर में श्रुति हासन को फिल्म कुली में प्रीति के रूप में पेश किया गया है। पोस्टर में श्रुति हासन को एक कुदाल पकड़े हुए दिखाया गया है। नए रोमांचक अपडेट को साझा करते हुए निर्माताओं ने लिखा, 'कुली की दुनिया से श्रुति हासन को प्रीति के रूप में पेश कर रहे हैं। फिल्म 'कुली' का निर्माण सन पिक्चर्स द्वारा किया गया है, जिसमें अनिरुद्ध रविचंदर संगीत निर्देशक हैं। वहीं, फिल्म को 2025 में रिलीज करने की योजना है।

### बिहार के विकास में विकास मित्र की भूमिका महत्वपूर्ण : जनकराम

**दरभंगा:** बिहार के अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग के मंत्री जनक राम ने आज कहा कि बिहार के विकास में विकास मित्र की भूमिका महत्वपूर्ण है। जनक राम ने शनिवार को प्रेक्षागृह, दरभंगा में दरभंगा जिला के सभी विकास मित्रों के संवाद कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार की योजनाएं जो चलाई जा रही है, विकास मित्र महादलित टोलों में जाकर लोगों को जानकारी देंगे, जिससे ज्यादा से ज्यादा लाभुक योजनाओं का लाभ ले सके। उन्होंने कहा कि कल्याण विभाग का प्रखंड स्तर पर 50 लाख की राशि से एक भवन निर्माण किया जाएगा, जिसमें प्रखंड कल्याण पदाधिकारी का कार्यालय होगा और विकास मित्रों की बैठक के लिए सभा भवन होगा। मंत्री ने कहा कि विकास मित्रों की मृत्यु की स्थिति में उनके योग्य आश्रितों को विकास मित्र के नियोजन में प्राथमिकता का प्रावधान करने का प्रयास करेंगें।महादलितों के लाभ की योजनाएं का क्रियान्वयन प्रखंड कल्याण पदाधिकारी के माध्यम से हो, इसके लिए सरकार से बात करेंगें। सामुदायिक भवन सह वर्कशेड की योजना लाई जाएगी,जिसमे विकास मित्र को अभिकर्ता बनाए जाने का प्रावधान रहेगा।प्रखंड कल्याण पदाधिकारियों के लिए वाहन के प्रावधान के लिए प्रयास किया जाएगा।

### भारी बारिश के चलते पांचना बांध के दो गेट खोले

**भरतपुर:** राजस्थान के भरतपुर जिले में बयाना के डांग क्षेत्र में शुक्रवार रात भारी बारिश और करौली के पांचना बांध से शनिवार सुबह दो गेट खोलकर भारी मात्रा में पानी की निकासी से लबालब भरे भरतपुर जिले के सबसे बड़े बांध बंध बारैठा के एक गेट खोलकर 251 क्यूसेक पानी की निकासी शुरू की गई है। इसी के साथ जिले के बयाना और रूपवास प्रशासन ने करीब एक दर्जन गांवों के लिये चेतावनी जारी की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कुल 29 फुट भराव क्षमता वाले बंध बारेठा में शनिवार सुबह जलस्तर 28 फुट तक पहुंचने पर पानी की निकासी शुरू की गयी। उल्लेखनीय है कि इससे पहले साल 2018 में भी बांध भरने पर गेट खोले गये थे। जल संसाधन विभाग के सूत्रों के अनुसार बाँध का गेज 27.5 फुट पर पहुंचने पर उसका गेट बंद कर पानी की निकासी रोक दी जायेगी। बताया गया कि बंध बारैठा से छोड़ा जा रहा पानी नहर, माइनर और कुकुन्द नदी के माध्यम से बंध बारैठा, नगला दूली, नगला ठोड़ा, कहार नगला, सूपा, नारौली, खेरिया, कोठीखेड़ा, पुराबाई खेड़ा, नदी गांव, ककलपुरा, खटका आदि गांवों से होकर सेवला हेड पर जाकर गंभीर नदी में मिलेगा।

### ट्रांसजेंडर के लिये कार्यशाला आयोजित

**अजमेर:** राजस्थान के अजमेर में पुलिस विभाग की ओर से शनिवार को ट्रांसजेंडर के लिये एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। पुलिस लाइंस परिसर सभागार में आयोजित इस कार्यशाला में समाज से उपेक्षित इस वर्ग को समाज की मुख्य धारा में लाने के प्रयासों पर विस्तृत चर्चा की गयी। कार्यशाला में मौजूद किन्नरों को कानून के नये नियमों की जानकारी देकर जागरूक किया गया।

# कंगना रनौत का खुलासा, कभी नहीं हुई मोदी से व्यक्तिगत मुलाकात

● शिमला,

**हिमाचल** प्रदेश के मंडी की भारतीय जनता पार्टी सांसद और फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत ने एक अहम खुलासा किया है कि उनकी कभी भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से व्यक्तिगत मुलाकात या बातचीत नहीं हुई है।

कंगना ने कहा कि वह मोदी से मिलना चाहती हैं। इसके लिए काफी समय से प्रयास भी कर रही हैं, लेकिन उन्हें अभी तक मिलने का समय नहीं दिया जा सका है। कंगना ने एक निजी चैलन को दिए एक इंटरव्यू के दौरान इन बातों का खुलासा किया। कंगना ने कहा कि मुझे लगता नहीं कि मेरी प्रधानमंत्री मोदी के साथ बातचीत हुई है अभी तक। मैं उनसे कब से मीटिंग मांग रही हूँ। अब तक मेरी हमेशा उनसे पब्लिक स्पेस में मीटिंग हुई है। जब वह मंडी आए थे तो मेरी उनसे मंच पर ही मुलाकात हुई




थी। कंगना ने कहा कि मैंने उन्हें (प्रधानमंत्री मोदी को) फूल दिया था। उस दौरान उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर से करीब 15 मिनट तक मुलाकात की और फिर निकल गए। उस दिन भी वह पीएम से नहीं मिल सकी थीं। मैने आपदा के समय मोदी व गृहमंत्री से मुलाकात मांगी थी लेकिन केवल गृह मंत्री से अप्रूवल मिली जबकि मोदी से मुलाकात अब तक नहीं हो पाई है।



जनरल-ऑफिसर-कमांडिंग (जीओसी) व्हाइट नाइट कोर ने जम्मू-कश्मीर के डोडा और किश्तवाड़ जिलों में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की।

# ...राष्ट्रपति पुतिन होंगे गिरफ्तार!

## मंगोलिया में पुतिन पर गिरफ्तारी का संकट, आईसीसी ने जारी किया वारंट

● मॉस्को, एजेंसी

**रूस** के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन 3 सितंबर से मंगोलिया की यात्रा पर जा रहे हैं। ऐसे में चर्चा है कि क्या मंगोलिया में पुतिन को गिरफ्तार किया जा सकता है। क्योंकि इंटरनेशनल क्राइम कोर्ट (आईसीसी) ने गिरफ्तारी वारंट जारी कर रखा है। वहीं रूस का कहना है कि राष्ट्रपति पुतिन को किसी बात का कोई डर नहीं है। इंटरनेशनल क्राइम कोर्ट (आईसीसी) ने मार्च 2023 में यूक्रेन के बच्चों के अवैध निर्वासन के मामले में पुतिने के विरुद्ध वारंट जारी किया था। इसी वजह से पुतिन के मंगोलिया जाने पर गिरफ्तारी का खतरा बना हुआ है, क्योंकि मंगोलिया इंटरनेशनल क्राइम कोर्ट का हिस्सा है।



व्लादिमीर पुतिन की गिरफ्तारी की संभावना पर रूसी राष्ट्रपति कार्यालय क्रेमलिन ने कहा कि उनको इस संबंध में कोई फिक्र नहीं है। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने कहा है कि पुतिन की यात्रा मंगोलियाई राष्ट्रपति उखना खुरेलसुख के निमंत्रण पर हो रही है। उन्होंने कहा कि पुतिन की यात्रा को लेकर मंगोलिया के साथ सभी अहम पहलुओं पर चर्चा हुई है। व्लादिमीर पुतिन के खिलाफ आईसीसी ने वारंट जारी किया है लेकिन उसके पास अपना कोई बल नहीं है। ऐसे में गिरफ्तारी गिरफ्तार करना हस्ताक्षरकर्ता देशों पर निर्भर है। मंगोलिया भी हस्ताक्षरकर्ता देश है। ऐसे में आईसीसी का वारंट मंगोलिया सहित अदालत के 124 सदस्य देशों को पुतिन को गिरफ्तार करने और उनके क्षेत्र में कदम रखने पर मुकदमे के लिए हेग में स्थानांतरित करने के लिए बाध्य करता है। आईसीसी ने पिछले साल मार्च में पुतिन के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था, जिसमें उन पर यूक्रेन से सैकड़ों बच्चों को अवैध रूप से निर्वासित करने के युद्ध अपराध का आरोप लगाया गया था। हालांकि रूस ने आरोप को खारिज करते हुए कहा है कि यह राजनीति से प्रेरित है। गिरफ्तारी वारंट जारी होने के बाद से पुतिन ने अदालत के किसी हस्ताक्षरकर्ता के पास यात्रा नहीं की है। उन्होंने पिछले साल दक्षिण अफ्रीका की यात्रा भी रद्द कर दी थी। बता दें कि मंगोलिया दिसंबर 2000 में आईसीसी की रोम संधि पर हस्ताक्षर किए थे। इस संधि के मुताबिक पुतिन यदि उसके इलाके में कदम रखते हैं तो पुतिन को गिरफ्तार किया जाएगा। क्योंकि आईसीसी के 124 सदस्य देशों में किसी भी देश से वारंट को लागू करने की अपेक्षा होगी। हालांकि आईसीसी के पास अपनी किसी तरह की पुलिस नहीं है और गिरफ्तारी वारंट को अमल में लाने के लिए उसे अपने सदस्य देशों के सहयोग की जरूरत होती है। ऐसा नहीं करने पर कोर्ट को मामले की रिपोर्ट आईसीसी की प्रबंध संस्था को देनी होगी।

# केंद्रीय कानून को सख्ती से लागू करे बंगाल सरकार: अन्नपूर्णा

● नई दिल्ली,

**केंद्रीय** महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को लिखे एक पत्र में कहा है कि राज्य में महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराध रोकने के लिए केंद्रीय कानूनों को सख्ती से लागू किया जाना चाहिए।

अन्नपूर्णा देवी ने पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में कहा है कि दुष्कर्म और महिलाओं के खिलाफ अन्य अपराधों के शीघ्र निपटान के लिए केंद्रीय कानून द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का पालन किया जाना चाहिए। केंद्रीय मंत्री का बनर्जी को कोलकाता दुष्कर्म मामले के संदर्भ यह दूसरा पत्र है। इससे पहले बनर्जी केंद्रीय कानून को सख्त बनाने की मांग करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को दो पत्र लिख चुकी हैं। अन्नपूर्णा देवी ने दूसरे पत्र का जवाब देते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री द्वारा प्रदान किये गये आंकड़े तथ्यात्मक रूप से गलत है और राज्य की ओर से 'देरी को छिपाने का प्रयास' है। उन्होंने कहा कि यौन अपराध और दुष्कर्म के मामलों का तेजी से निपटान करने के लिए बाल यौन अपराध संरक्षण अधिनियम



- पोक्सो के प्रावधानों के अंतर्गत त्वरित न्यायालय स्थापित किए जाने चाहिए। उन्होंने मुख्यमंत्री से यह सुनिश्चित करने को कहा कि न्याय तेजी से और कुशलता से दिया जाए।

महिलाओं के खिलाफ अपराधों से निपटने के लिए केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हुए श्रीमती अन्नपूर्णा देवी ने बताया कि भारतीय न्याय संहिता में पहले से ही दुष्कर्म के लिए न्यूनतम 10 साल के कठोर कारावास सहित कठोर दंड का प्रावधान है, जिसे अपराध की गंभीरता के आधार पर आजीवन कारावास या यहां तक कि मृत्युदंड तक बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता में ऐसे मामलों की समय पर जांच और सुनवाई के लिए प्रावधानों का भी उल्लेख किया।

### विधायक लोबिन हेम्ब्रम भाजपा में शामिल

**रांची:** झारखंड में बोरियो से निर्वाचित विधायक लोबिन हेम्ब्रम आज भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए। राजधानी रांची के भाजपा के प्रदेश कार्यालय में हेम्ब्रम ने भाजपा की सदस्यता ली। इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने लोबिन हेम्ब्रम का स्वागत किया। असम के मुख्यमंत्री और झारखंड विधानसभा चुनाव के सह-प्रभारी हिमंता बिस्व सरमा, प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने लोबिन हेंब्रम को माला पहनाकर और अंगवस्त्र देकर भाजपा में शामिल करवाया। इस अवसर पर चंपाई सोरेन और पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा भी मौजूद थे। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन और शिबू सोरेन की बड़ी बहू सीता सोरेन ने भी उन्हें भाजपा का पट्टा पहनाया। लोबिन हेम्ब्रम ने 5 बार विधायक रह चुके हैं।

### 51 दिव्यांग जोड़ों की हुई हल्दी-मेहंदी रस्में

**उदयपुर:** राजस्थान के उदयपुर में नारायण सेवा संस्थान के तत्वावधान में 42वें दो दिवसीय नि:शुल्क दिव्यांग एवं निर्धन सामूहिक विवाह समारोह के पहले दिन आज गणपति स्थापना, हल्दी. मेहंदी रस्म आयोजित की गयी। संस्थान के लियो का गुडा में सेवा महातीर्थ परिसर के हाड़ा सभागार में शुभ मुहूर्त में संस्थान संस्थापक पद्मश्री कैलाश मानव सह संस्थापिका कमला देवी अग्रवाल एवं विशिष्ट अतिथि सर्वश्री अंजू छत्तरा, सुरेश कालरा दिल्ली, हरीश कुमार सूरत, ज्ञानदेव आहूजा अलवर, पुष्पा देवी, नरेन्द्र पाल, राजेन्द्र राठौड़, गौतम, वल्लभ भाई धनानी एवं बृजबाला दिल्ली के सानिध्य में आरंभ हुआ। संस्थान अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल व निदेशक वंदना अग्रवाल ने प्रथम पूज्य गणपति का पूजन कर उन्हें निमंत्रित किया और सफलता के आशीर्वाद की अपेक्षा की।

### रूस पर यूक्रेन के हमले में 5 की मौत

**मॉस्को:** रूस के बेलगोरोड क्षेत्र पर यूक्रेनी सेना के हमले में पांच लोगों की मौत हो गई जबकि 37 अन्य घायल हो गए। यह जानाकारी क्षेत्रीय गवर्नर व्याचेस्लाव ग्लैडकोव ने शुक्रवार शाम अपने टेलीग्राम चैनल पर दी। ग्लैडकोव ने कहा कि यूक्रेनी सशस्त्र बलों ने बेलगोरोड शहर और उसके आसपास के क्षेत्रों पर गोलाबारी करने के लिए वैम्पायर मल्टीपल रॉकेट लॉन्चर सिस्टम से क्लस्टर बमों का उपयोग किया, जिससे महत्वपूर्ण क्षति हुई और लोग हताहत हुए। गवर्नर ने कहा कि एम्बुलेंस के पहुंचने से पहले एक महिला और चार पुरुषों ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। ग्लैडकोव ने कहा कि यूक्रेनी हमले में छह बच्चों समेत कुल 37 नागरिक घायल हुए। उन्होंने कहा कि सभी घायलों को इलाज के लिए बेलगोरोद की चिकित्सा सुविधाओं में भर्ती किया गया है।



डॉ. एमजीआर चेन्नई सेंट्रल रेलवे स्टेशन पर वंदे भारत एक्सप्रेस के सामने शानदार ढंग से तस्वीर खिंचवाते हुए भरतनाट्यम नर्तक । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए चेन्नई-नागरकोल वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाई।

# अगले पांच वर्षों में 10 नये आयुष संस्थान

**कहा- सरकार परंपरागत चिकित्सा पद्धति को पुन: स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है**

● नई दिल्ली,

**केंद्रीय** आयुष राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने अगले पांच वर्षों में 10 नये आयुष संस्थान खोले जाने की घोषणा करते हुए कहा है कि आयुर्वेद एवं योग को लेकर जन स्वीकार्यता और वैश्विक नज़रिए में बड़ा बदलाव आया है।

जाधव ने यहां अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान का दौरा करने के बाद यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सरकार परंपरागत चिकित्सा पद्धति को पुनः स्थापित



करने के लिए प्रतिबद्ध है। अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान परिसर में उनका यह पहला दौरा था। जाधव ने पूरे परिसर का निरीक्षण किया और सुविधाओं और मरीज़ों को दिये जा रहे उपचार के बारे में जायज़ा लिया। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार हर घर आयुर्वेद पहुंचाने के प्रधानमंत्री के भागीरथी प्रयास को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा विदेशी आक्रांताओं और औपनिवेशिक काल के दौरान आयुर्वेद और परंपरागत चिकित्सा व्यवस्था का बहुत अधिक नुकसान हुआ है लेकिन वर्ष 2014 के बाद मोदी सरकार के नेतृत्व में परिस्थितियां बदली है। योग और आयुर्वेद को लेकर वैश्विक नजरिए में परिवर्तन आया है और इसकी जन स्वीकार्यता तेजी से बढ़ी है। उन्होंने परंपरागत चिकित्सा प्रणाली की बढ़ोत्तरी के लिए अगले पांच वर्षों में दस नये आयुष संस्थान खोले जाने की भी घोषणा की जिससे भारत के प्रत्येक नागरिक को ऐलोपैथिक प्रणाली की तर्ज पर परंपरागत चिकित्सा प्रणाली का लाभ मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ने इस संस्थान का दौरा करने की इच्छा जाहिर की है इसलिए मंत्री होने के नाते संस्थान की तैयारियों का भी जायजा लेने आए हैं।

# जम्मू-कश्मीर: पहले चरण के मतदान में होगा बहुकोणीय मुकाबला

## केन्द्र शासित प्रदेश में एक दशक बाद हो रहे विस चुनाव के पहले चरण का मतदान 18 सितंबर को होगा

● श्रीनगर,

जम्मू-कश्मीर में पहले चरण के विधानसभा चुनाव के लिए मतदान की तैयारियां जोरों पर है और अधिकांश सीटों पर बहुकोणीय मुकाबला होने की उम्मीद जताई जा रही है।

**विधानसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान 18 सितंबर को होगा। पहले चरण में 24 विधानसभा क्षेत्रों के लिए नामांकन पत्र वापस लेने की अंतिम तिथि शुक्रवार शाम को समाप्त हो गई जिसके बाद चुनावी मैदान में भाग्य आजमाने के लिए कुल 219 उम्मीदवार मैदान में बचे हैं।**

केन्द्र शासित प्रदेश में एक दशक बाद हो रहे विधानसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान 18 सितंबर को होगा। पहले चरण में 24 विधानसभा क्षेत्रों के लिए नामांकन पत्र वापस लेने की अंतिम तिथि शुक्रवार शाम को समाप्त हो गई जिसके बाद चुनावी मैदान में भाग्य आजमाने के लिए कुल 219 उम्मीदवार मैदान में बचे हैं। कश्मीर में, अनंतनाग, कुलगाम, पुलवामा और शोपियां के चार जिलों के 16 विधानसभा क्षेत्रों में 155 उम्मीदवार चुनाव में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। पहले चरण में सबसे ज्यादा 14 उम्मीदवार पुलवामा जिले के पंपोर विधानसभा क्षेत्र में चुनाव लड़ रहे हैं, जबकि सबसे कम तीन उम्मीदवार अनंतनाग जिले के श्रीगुफवारा-बिजबेहरा विधानसभा क्षेत्र में चुनाव लड़ रहे हैं। पहले चरण के प्रमुख उम्मीदवारों में अन्य के अलावा कांग्रेस कार्य समिति के वरिष्ठ सदस्य गुलाम अहमद मीर, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) प्रमुख महबूबा मुफ्ती की बेटी इल्तिजा मुफ्ती, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी से मोहम्मद यूसुफ तारिगामी, पीडीपी युवा नेता वहीद पारा, पूर्व सांसद और नेशनल कांफ्रेंस नेता हसनैन



मसूद, वरिष्ठ नेशन कांफ्रेंस नेता सकीना इटू, भारतीय जनता पार्टी के नेता सोफी यूसुफ और प्रतिबंधित जमात-ए-इस्लाम के पूर्व सदस्य तलत मजीद शामिल हैं।

चुनावी पर्यवेक्षकों का मानना है कि कश्मीर में अधिकांश सीटों पर मुकाबला बहुकोणीय होने की उम्मीद है, क्योंकि सीटों के परिसीमन से नई जटिलताएं सामने आ रही हैं। इस चुनाव में कांग्रेस और नेशनल कांफ्रेंस का गठबंधन है, जिसमें नेकां 51 सीटों और कांग्रेस 32 सीटों पर चुनाव लड़ रही है, जबकि उन्होंनें दो सीटें अपनी सहयोगी माकपा और पैंथर्स पार्टी के लिए छोड़ी है।गठबंधन को पीडीपी और निर्दलीयों से कड़ी टक्कर मिलने की उम्मीद है। नेकां-कांग्रेस गठबंधन हालांकि मजबूत प्रतीत हो रहा है, लेकिन यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या यह पार्टी कैडर के स्तर पर सहयोग में तब्दील होता है कि नहीं।



शनिवार को रांची में झामुमो के पूर्व विधायक लोबिन हेंब्रोमीन झारखंड भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की मौजूदगी में भाजपा में शामिल हो गये।

# आत्म-बोध नहीं, आत्म-बोझ : रसनारम्भन होत है, कोई न सकै निरुवार

## वर्ष 2: वज्रपात- 27


शाहीन सबा

गतांक में 'बुराइयों की तीव्र आलोचना' का सन्दर्भ अकारण ही नहीं आया है। उस उल्लेख एवम् उद्धरण के नानाविध कारण (रहे) हैं। किसी भी समय में, इस महादेश के लोगों की चारित्रिक व मानसिक विपन्नता ने, किसी-न-किसी लेखक को यह अरुचिकर कार्य करने के लिए विवश किया ही होगा। हमारे पूर्वज-कवियों ने यह कार्य अत्यन्त अभीत रूप में किया है। इसलिए किसी भी समय में 'बुराइयों की तीव्र आलोचना' की आवश्यकता को नकारा नहीं जा सकता। वास्तव में, होना तो यही चाहिये कि सामाजिक आवश्यकता (सोशल रेक्वीज़िट) के रूप में इसे हृदयंगम वा आत्मसात कर तत्काल क्रियाशील होने व रहने को 'राष्ट्रीय दायित्व' के रूप में देखा-समझा जाये। जबकि यह क्या कम दुर्दैव है कि लोग अपना 'दायित्व' ही तो नहीं जान-समझ पा रहे हैं। काश कि इस महादेश का प्रत्येक व्यक्ति पूरी प्रामाणिकता से अपने हिस्से का दायित्व निभाता! जबकि स्थिति एकदम दूसरी है - एक प्रकार की आत्मरति व मुफ़्तखोरी ने लोगों के दायित्व-बोध को ही ध्वस्त कर दिया है। एक नये ही प्रकार की वर्गवादिता हमारे साम्प्रतिक समय में उत्पन्न होकर चल-विचल करने लगी है। परिणामतः राष्ट्र, राष्ट्रीय एवम् राष्ट्रीय-दायित्व अति दूर की असंलग्न वा अप्रासंगिक बात होती जा रही है। ध्यान रहे कि यहाँ 'दायित्व' शब्द प्रयुक्त हुआ है, न कि 'पदधर' (पदधारी)। 'पदधर' - बड़ा व्यञ्जक शब्द बन पड़ा है, नहीं? आप देखते होंगे, जिसे देखिये, बस 'धरने' में ही लगा हुआ है। मन्त्रालयों के बड़का-बाबुओं से लेकर विश्वविद्यालयों के महान-महान शिक्षकों तक! अब, इस व्यवस्था में शेष बच ही कौन जाता है? वही, भारत का भविष्य- विद्यार्थी। वह भी इससे भला कैसे अछूता रहेगा? पदधरों की स्थिति देखिये कि वे अधर में ही अटके जाते (रहते) हैं। नाना स्तरों पर पदधरों की शासन-रति ने क्या कम विपरीत स्थितियाँ उत्पन्न कर दी हैं? नाना प्रसंगों में वह विपरीतता नये प्रश्न खड़े करती हैं।

अब, जब तीव्र-आलोचना, पदधर एवम् शासन-रति का यह प्रसंग लिख रहा हूँ, मुझे कविवर धूमिल की कविता 'कविता, सावधान!' अनायास स्मरण आ रही है। कविता अत्यन्त मार्मिक है। देखिये कि मेरा शिक्षक अब भी विशेषणों के मोह से नहीं उबर पा रहा है। वैसे, कविता को विशेषणों से अलंकृत करने से अच्छा है, उसका वास्तविक शब्द-लोक एवम् अर्थ-जगत् ही जानेङ्गे। कविता, क्या है? मैं कहता हूँ- सभ्यता समीक्षा है। शब्दों की भरमार में भी महीन-से-महीनतर मार है। माने- लगती ऐसे है कि चमड़ी उधड़ जाये, आत्मा काँप जाये। जबकि यह सत्य है कि सूक्ष्मता (लाघव) का अपना महत्व है। कविता हो वा सूक्ष्म शस्त्र घाव गम्भीर करते हैं, किन्तु इसे कैसे विस्मृत कर दें कि भारी-भरकम शस्त्र की मार भयाक्रान्त करने वाली तथा प्राणान्तक होती है। और, जिसका आकार और मार, दोनों भयाक्रान्त करने वाले हो, उसका घाव भीतर, अन्तःकरण तक को कम्पकम्पाने वाला होगा। उसकी मार से अङ्ग भूत होने की सम्भावना को नकारा नहीं जा सकता। आप जानते हैं, जब कभी हथौड़ी से काम नहीं बनता, हथौड़ा उठाना पड़ता है। कविवर निराला की 'वह' अकारण ही गुरु हथौड़ा हाथ लिए कर्मसिद्ध नहीं है। और, करती बार-बार प्रहार में जो प्रहारों की बारम्बारता है, उसमें लक्ष्यसिद्धि की पारदर्शी-कामना सहज दृश्यमान है। निराला की उक्तोल्लिखित कविता रूप में लघु (छोटी) है। उनकी 'वह' सामाजिक निराधारता की दृष्टि से लघु है, किन्तु 'वह' की (उसकी) कृतिशीलता में गुरुत्व (लाउडनेस) है और उसके 'हथौड़ा' में गुरुता है। धूमिल की कविता रूपाकार में जितनी 'लाउड' है, अर्थवत्ता की दृष्टि से उतनी ही महीन व मारक है। आप जानते हैं, महाबलि बलराम, भीमसेन, दुर्योधन की गदाएँ क्या कम अचूक एवम् मारक थीं? मेरे अग्रज तथा हिन्दी साहित्य के लब्धप्रतिष्ठ आलोचक कृष्ण कुमार सिंह ने एक दिन अनौपचारिक साहित्यिक चर्चा में कहा कि हिन्दी की कविता सामान्यतः लाउड है। वास्तव में, वे अंग्रेज़ी कविता के बहाने एक विशिष्ट प्रसंग छेड़ चुके थे। आप जानते हैं कि धूमिल की काव्याभिव्यक्ति में वह 'लाउड' लगभग-लगभग सर्वत्र विद्यमान है। और, धूमिल उस 'लाउडनेस' के साथ ही अन्तःकरणभेदी मारकता के कारण ही लोकप्रिय हैं। धूमिल की उक्त कविता की पङ्क्तियाँ प्रकारान्तर से उल्लेखनीय हैं- उसके दाँत अर्थों के/ ताज़ा लहू की खारी सुगन्ध से बसे हैं/ उसकी आँखों में नफ़रत के नीले गुलाब/ खिल रहे हैं/ उसने नगर के सभासदों से साँठ-गाँठ कर ली है। इतिहासकार, ज्ञानी, भूगोलवेत्ता, तत्त्वदर्शी, आचार्य/ सब-के-सब उसके सामने हाथ जोड़े खड़े हैं, जैसे/अन्धेरे अस्तबल में घोड़े खड़े हैं। अध्यापक उसके इशारे पर नाचते हैं/ पाठ्यक्रमों के अन्धेरे में भटकते हुए विद्यार्थी/एक-दूसरे का नाड़ा/टटोल रहे हैं/ कुंजियों के सहारे किताबों का चेहरा/ खोल रहे हैं। (धूमिल समग्र-1, पृ. 328) इस कविता की आद्य-पंक्तियाँ हैं- ठीक यही वक्त है जब इतिहास अपने शिकार पर/ निकलता है/ कविता, सावधान!! (वही, पृ. 323) मेरे विचार में यह जितनी कविता है, उससे अधिक आलोचना है, अपने सम्पूर्ण कलेवर में, अपनी पूरी रंगत में, परस्पर-सम्बद्ध शब्दों की सांयुक्तिक संगत में, उक्त चर्चित लाउडनेस के साथ, सभ्यता समीक्षा है। उक्त पंक्तियों में- 'साँठ-गाँठ कर ली', 'हाथ जोड़े खड़े हैं', 'अन्धेरे अस्तबल में घोड़े खड़े हैं', 'इशारे पर नाचते हैं', 'पाठ्यक्रमों के अन्धेरे', 'भटकते हुए विद्यार्थी', 'एक-दूसरे का नाड़ा टटोल रहे हैं'- कहीं-न-कहीं हमारी शाश्वत बनती-सी वा बन चुकी स्थितियों का दर्शन होता है। आप जान रहे होङ्गे; इस दर्शन को सुखद तो नहीं ही कहा जा सकता।

यह कविता पढ़ते हुए प्रतीत होता है, मानो कवि कह रहा है, अपनी चारों ओर टटोल कर देखिये तो सही कि कहीं महादैशिक मानस 'अन्धेरे अस्तबल में' घोड़ों की भाँति खड़ा तो नहीं है? कहीं, किसी 'साँठ-गाँठ' में वह हिस्सेदार रहस्य-पुरुष तो नहीं बन गया है? राजनीतिक दल-दलों की साँठ-गाँठ का संक्रमण कहीं उसमें प्रविष्ट तो नहीं कर गया है? अध्यापक किसके वा कौन-कौन, किस-किसके इशारों पर नाच रहा है? कभी आत्मलोचन भी कीजिये और सोचिये इस दृष्टि से भी- यह ठीक है कि हमने विश्वविद्यालय बना लिये, यह भी ठीक है कि हमने हमारी पीढ़ियों को मूल्यवान बनाने के लिए शिक्षा की नीतियाँ बनायीं, किन्तु सब-कुछ होते हुए भी बड़े दायित्व के साथ यह कहने का दुस्साहस करना पड़ रहा है (दुस्साहस ही) कि समय रहते यह देखना-समझना समीचीन होगा कि आज, हम कहाँ खड़े हैं?- आर्थिक ही नहीं, सामाजिक-सांस्कृतिक एवम् दैशिक दृष्टि से। जिन महानुभावों पर नीतियों को लागू करने का दायित्व है, प्रौद्योगिकीय शब्दावली में कहूँ तो, कहीं वे 'हाइबरनेशन' में तो नहीं चले गये (और पड़े हुए) हैं? मैं जानता हूँ, आप हद दर्जे का झूठ बोलने में माहिर हो चले हैं। आप कहेंगे कि ऐसा कदापि नहीं है। जबकि धूमिल ने 'बेरोज़गारों के तीर्थ' कविता में तब (?) लिखा था- इन विश्वविद्यालयों में/ जीविका के स्तर पर हजारों हजार/ खानाबदोश पैदा हो रहे हैं। (वही, पृ. 269) उसी कविता में उन्होंने आगे लिखा है- रात से/ मैं सोच रहा हूँ/ नहीं- मैं बाहर चला जाऊँगा/ अन्धे लोगों की जमात से/ बाहर। (वही, पृ. 269) मैं भीतर-बाहर देख रहा हूँ, अत्यन्त दयनीय स्थिति है। यदि कहूँ कि चाटुकारों के भरोसे कोई सभ्यता महान नहीं हो सकी है, तो मर्माहत मत होइयेगा, बल्कि उसमें जो मर्मान्तक पीड़ा है, उसे जानने-समझने का प्रयास कीजियेगा। जानिये कि हमें आलोचक एवम् दायित्व-बोध युक्त राष्ट्र का निर्माण करना ही होगा। सच कहूँ, वास्तव में, हमारे विश्वविद्यालयों की स्थिति प्राथमिक विद्यालयों से भी बदतर हो चुकी है। शिक्षक आपस में लड़ते-झगड़ते हैं- अच्छे-बड़े कमरों के लिए, सफेद टॉवेल के लिए ताकि कुर्सी भी सफेदपोश दिखे। वही, बाह्य रूप महत्वपूर्ण हो चला है। और, हमारे विद्यालय? विद्यालय बचे ही कहाँ हैं? पहले सरकारी ही थे - विद्यालय, अब मोटी रकम लेकर, भारी चकाचौंध के बावजूद 'असरकारी' नहीं बन पाये हैं। धूमिल ने अपनी कविता 'तलाश' में लिखा है- मैं विद्यालयों में गया- मैंने वहाँ ठण्डे और सख्त चेहरों वाले अफ़सरों को/टहलते हुए देखा/और विद्यार्थी को लड़कियों की जाँघों में/ सबक ढूँढ़ते हुए। पुस्तकालयों से ग्रीस की बू आ रही है और/ बच्चे क़िताबों पर/ माँस चबाने की मुद्रा में झुके हुए हैं। (वही, पृ. 278) और, हम भारतीय ज्ञान परम्परा की बतकही (?) में विश्वगुरु का स्वप्नलोक गढ़े जा रहे हैं। हमारे युवाओं की स्थिति (?) धूमिल द्वारा जिस रूप में वर्णित हुई है, उससे किसी भी रूप में कम गम्भीर नहीं है। कुछ-कुछ तो शिक्षक ही विद्यार्थियों की स्थिति में स्वयम् को ठेलने में निमग्न हैं। सच, देखिये कि 'पाठ्यक्रमों के अन्धेरे में' विद्यार्थी की स्थिति मुक्तिबोध की 'अन्धेरे में' कविता की भाँति ही प्रतीत होती है- ज़िन्दगी के.../ कमरों में अन्धेरे/ लगाता है चक्कर। तो, हमारा समकालिक परिदृश्य लगभग-लगभग इसी रूप में दिखायी देता है। माने- जिन्हें (?) देश का भविष्य गढ़ना है, वे ठण्डे और सख़्त चेहरों वाले बन बैठे हैं। और, जो देश का भविष्य हैं, वे अन्धेरे में भटक रहे हैं और जीवन के 'सबक' कहीं और ही ढूँढ़ने में निमग्न हैं। इसकी पूरी सम्भावना है कि यह तीव्र-आलोचना कई महानुभावों को नागवार गुज़रेगी, किन्तु मैं कविवर अज्ञेय की काव्य-पंक्तियों में कहता हूँ, जो कि मेरा स्वधर्म भी है- मैं सेतु हूँ- जो है और जो होगा दोनों को मिलाता हूँ। (मैं वहाँ हूँ, 1954) जहाँ से बात आरम्भ हुई है, पुनः उसी पर लौटियेगा। तीव्र-आलोचना किसी के निवेदन पर, वा नाना आग्रही होकर नहीं, अपितु सहज भाव से होनी चाहिये। वास्तव में, केवल कविता को ही 'स्वतःस्फूर्त प्रवाह' कहने से काम नहीं चलने वाला। आलोचना भी उतनी ही स्वतःस्फूर्त होती है। और, सभी से वह सम्भव भी नहीं। जैसे, कविता प्रत्येक मनुष्य से सम्भव नहीं होती, उसी प्रकार आलोचना भी सबसे सम्भव नहीं है। ध्यान रहे कि तीव्र-आलोचना की निन्दा-रसिकों के साथ साम्यता खोजने से घनघोर अनर्थ होगा। निन्दा-रसिकों की उपलब्धता सार्वदेशिक एवम् सार्वकालिक है। एक तरह से वे शाश्वत हैं। क्या स्त्री और क्या पुरुष, सभी लिंग-अलिंगों में उनकी भव्य उपस्थिति देखी जा सकती है। विगत एक दशक में एबीसीके जैसा शॉर्टफार्म यूँ ही नहीं चल पड़ा है। आप पूछेंगे ही कि इस एबीसीके का पूर्ण-रूप क्या है, तो बताते हुए अपनी मूल बात पर लौट चलना बेहतर होगा। इसका स्त्रीलिंग विस्तार है- 'आ बहन चुगली करें' और पुल्लिंग विस्तार है- 'आ भाई चुगली करें।' वर्तमान सामाजिक दुरावस्था में निन्दा-रसिकों माने- एबीसीके का भव्य योगदान है। जहाँ एक से दो और दो से चार एकत्रित हुए कि चुगलखोरी आरम्भ हो जाती है। निन्दा-रसिकों को उसी में सुख की प्राप्ति होती है। उन्हें उसी में बड़ी सृजनशीलता दिखायी देती है। धूमिल ने 'कविता, सावधान!' में कनपटी पर घूमती हुई चुगलखोर कैंचियाँ/ उनका कान भरती हैं, लिखा है। जिधर देखिये लोग इसके-उसके, न जाने किस-किसके कान भरने में लगे हुए हैं। काश कि 'वह' जान पाता कि इस कान-भराऊ काम से कोई देश महान नहीं हो सकता। **(क्रमशः)**

# 'जस्टिस फॉर आर. जी. कर' में एजेंडा नहीं न्याय ढूंढो कॉमरेड

## सुनो भाई साधो! वर्ष 1 अंक 7


विप्लव विकास

इस 14 अगस्त को हम सभी कार्यालय में चर्चा कर रहे थे कि 'मानवता और महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आज की रात सड़कों पर निकलना चाहिए'। तभी एक सहकर्मी ने पूछा 'आज रात आप भी रैली में जा रहे है न? आपको अवश्य जाना चाहिए'. थोड़ा आश्चर्य हुआ। विगत तीन महीनों से लगभग प्रत्येक सप्ताह पश्चिम बंगाल के किसी न किसी जिले में महिलाओं से सम्बंधित घृणित अपराध, जो समाचार माध्यमों में चर्चित रहे, हुए है. पर किसी भी घटना पर उसने ऐसी बात नहीं कही। इस बार ऐसा क्यों कह रहा है? चोपड़ा में कंगारू कोर्ट लगाकर महिला की सार्वजनिक पिटाई हो, उत्तर बंगाल में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की महिला कार्यकर्ता को निर्वस्त्र करने की घटना हो, या फिर जलपाईगुड़ी के कंगारू कोर्ट में अपमानित होने के बाद जहर खाकर एक महिला के मृत्यु की घटना हो, किसी पर भी रैली या विरोध प्रदर्शन की बात नहीं! अचानक क्या हुआ कि ये मध्य रात्रि में सड़कों पर उतरने के लिए आग्रह करने लगे?

रात को दखल करने का आह्वान सबसे पहले प्रेसिडेंसी कॉलेज की एक पूर्व छात्रा ने किया, जिन्होंने दो दिन पहले फेसबुक पर रात दखल करो लिखा। उन्होंने लिखा, ...मैंने सुना कि आरजीकर के प्रिंसिपल ने कहा कि रात में लड़की का अकेले वहां जाना सही नहीं था। रात में अकेले रहना ठीक नहीं था। मैं रात में ही रहूंगी। 14 अगस्त रात 11:59 पर, स्वतंत्रता दिवस के दिन हम महिला स्वतंत्रता के लिए रात में बाहर रहेंगे। गाना गाएंगे, गाना सुनेंगे, गपशप करेंगे। जो मन करेगा, वही करेंगे। ठीक है भाई। समाज ने माना और हम सभी ने ये निश्चित किया कि हम लोग रात को निकलेंगे। जनता के मन में उद्देश्य स्पष्ट था जस्टिस फॉर आर जी कर सड़क पर उतरने वाली जनता को 'नारी स्वतंत्रता के लिए रात को सड़कों पर उतरे है' ये पता नहीं था। उसे तो अपने अभया या निर्भया-2 या तिलोत्तमा के लिए न्याय सुनिश्चित करना था। वामपंथी अपने फेमिनिज्म के एजेंडे पर रिक्लेम द नाईट पर आगे बढ़ रहे थे। ये बात इतनी चर्चा में नहीं आती अगर उनके एक समन्वय समिति के सदस्य का एक और सोशल मीडिया पोस्ट वायरल नहीं होता। उन्होंने अपने कॉमरेड्स को सम्बोधित करते हुए एक 'अति-आवश्यक' सूचना लिखी जादवपुर 8बी रिक्लेम द नाइट, समन्वय समिति सूचित कर रही है कि हम इस विरोध कार्यक्रम के हिस्से के रूप में शंख बजाने का समर्थन नहीं करते हैं। हमारी निरंतर लड़ाई ब्राह्मणवादी/मनुवादी पितृसत्ता के खिलाफ है और हम किसी भी गलत संचार के लिए गहरा खेद व्यक्त करते हैं और माफी मांगते हैं। महिलाएं शंख बजाना चाहती हैं तो इसमें कॉमरेड को समस्या क्यों है? क्योंकि, उनको न्याय हेतु संघर्ष से मतलब नहीं है। उन्हें इस हत्या को माध्यम और प्रिंसिपल के बयान के बहाने अपने फेमिनिज्म का एजेंडा चलाना है। नहीं तो इस सन्देश में ब्राह्मणवाद, मनुवाद या पितृसत्ता कहाँ से आ गई?

उसी रात हजारों की संख्या में गुंडे आये और उन्होंने अपराध स्थल को तहस-नहस कर दिया। हालाँकि पुलिस ने इस बात से इंकार किया है पर लोगों में और मीडिया में चर्चा है कि पुलिस की भूमिका भी इस मामले में संदिग्ध है। एक तरफ पूरा महानगर न्याय के मांग के लिए सड़कों पर था, वामपंथी अपने फेमिनिज्म का आंदोलन कर रहे थे और गुंडे अपराध-स्थल को संक्रमित कर रहे थे। कुछ लोग जो इन तीनों में शामिल नहीं थे वे प्रतीक्षा कर रहे होंगे कि अब कौन सी खबर आएगी। 14 अगस्त की ऐसी भयावह रात संभवतः स्वाधीन भारत में कोलकाता ने पहली बार देखा था। महिला डॉक्टर के साथ हुए बलात्कार और उनकी हत्या की ये घटना राज्य सरकार के गले की हड्डी बन चुकी है। सरकार और इसके पुलिस की भूमिका भयावह है। अगर आप इस घटना के समर्थन में सोशल मीडिया में कुछ लिखते हैं, किसी सुचना को सार्वजनिक करते हैं तो साइबर पुलिस सीधे आपको नोटिस देती है। लोगों में डर व्याप्त कर गया था। लोग कुछ भी बोलने से हिचकने लगे। कभी कोई कॉल रिकॉर्डिंग सोशल मीडिया पर वायरल हो जा रही तो कभी कोई। प्रत्येक कॉल रिकॉर्डिंग में इस मामले का एक नया कोण सामने आ रहा। अस्पताल के पूर्व डिप्टी सुपरिंटेंडेंट अख्तर अली ने संदीप घोष के प्रिंसिपल के कार्यकाल के दौरान लावारिस शवों की तस्करी के आरोप लगाए थे। इसके अलावा जैव-चिकित्सा कचरे के निपटान में भ्रष्टाचार, निर्माण टेंडर में भाई-भतीजावाद और अन्य वित्तीय कदाचार के भी आरोप लगाए गए थे। लोगों का कहना है कि जिस डॉक्टर की हत्या हुई वो इन भ्रष्टाचारों के सम्बन्ध में बहुत कुछ जान गई थी इस लिए उसे इतने बर्बर तरीके से मार दिया गया। कोलकाता हाई कोर्ट ने शुक्रवार (23 अगस्त, 2024) को आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के पूर्व प्रिंसिपल से जुड़े भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच को केंद्रीय जांच ब्यूरो को सौंप दिया। यहाँ मूलतः दो मामले बन गए। एक डॉक्टर के बलात्कार और हत्या का तथा दूसरा अस्पताल में हो रहे भ्रष्टाचार का जिसमे लावारिस शवों की तस्करी तक शामिल है। क्या ये सब एक व्यक्ति चाहे वो कितना भी प्रभावशाली हो, के द्वारा संभव है? नहीं, इसके लिए एक पूरा तंत्र विकसीत किया गया होगा।

इस अपराध तंत्र को रोकने और निष्प्रभावी करने का जिम्मेदारी पुलिस-प्रशासन की ही तो है। राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ही स्वास्थ्य मंत्री और पुलिस मंत्री हैं। 21 अगस्त को पूर्व सांसद दिलीप घोष ने एक ट्वीट में कहा मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पश्चिम बंगाल की जनता और न्याय के बीच खड़ी हैं। अब ये तो राज्य की जनता और पाठक तय करें या फिर इस मामले में न्यायलय के निर्णय की प्रतीक्षा की जाये। 27 अगस्त को 'बंग छात्र समाज' ने नबान्न अभियान रखा। इसमें उन्होंने सभी छात्रों और प्रत्येक घर से एक व्यक्ति को इस रैली में शामिल होने के लिए आह्वान किया। इस आंदोलन के पहले चार छात्रों के लापता होने की खबर सुबह में शुभेंदु अधिकारी अपने ट्वीट के माध्यम से देते हुए इसके लिए पुलिस को जिम्मेदार ठहराते हैं। रात को फिर उनका एक ट्वीट आता है कि पुलिस ने चारों छात्रों को छोड़ दिया। इस मामले में भी पुलिस की भूमिका पर न्यायालय जाने की बात की चर्चा किए। पुलिस ने भी अपना पक्ष ट्विटर पर रखा।

उस छात्र आंदोलन से पहले की रात वामपंथी नेता ने सार्वजनिक तौर पर लोगों से 'इस आंदोलन में भाग न लेने' की बात की। जो लोग 14 अगस्त की रात को सड़कों पर लोगों को उतरने के लिए बोले। ये भी कहा गया कि ये एक अ-राजनीतिक आंदोलन है। होना भी चाहिए। संपूर्ण देश में चिकित्सक और समाज न्याय की मांग के लिए आंदोलनरत है। फिर छात्रों के आंदोलन से पूर्व लोगों से ऐसा आह्वान क्यों? क्या वामपंथियों ने कोई राजनैतिक अंकगणित देखा या अपना एजेंडा खोज नहीं पाए या किसी का दबाव? कुछ भी हो पर ये बात स्पष्ट है कि न्याय के संघर्ष में राजनीतिक अंकगणित और वामपंथी एजेंडा की प्राथमिकता अधिक है। वामपंथी दलों को राजनैतिक रूप से समर्थन करना एक बात है और वामपंथी एजेंडा को समझ कर इसको स्थापित करने के लिए सक्रिय होना दूसरी बात है। आज वामपंथी दलों के समर्थक मार खा रहे हैं। उन पर विपक्षी दल के समर्थकों द्वारा हमले किए जा रहे हैं। उन बेचारे समर्थकों को फेमिनिज्म से क्या मतलब वे तो न्याय की आश में या फिर दल के आह्वान पर इस संघर्ष में शामिल हो रहे हैं। आज पश्चिम बंगाल की आम जनता राजनीतिक रंग से ऊपर उठकर, एक होकर राज्य सरकार से ये पूछ रही है ये सब और कब तक चलेगा। क्या आप भी यही नहीं पूछना चाहते? वामपंथ से सावधान रहिए। ये हर घटना-दुर्घटना में अपने एजेंडे के अनुसार अवसर खोजता है। अगर एजेंडे पर बात पक्की है तो तय करते हैं कि बोलना है या चुप रहना। ये लोग बांग्लादेश के 'आरक्षण के विरोध के आंदोलन' का भारत में आंदोलन कर समर्थन करते हैं और मजेदार बात है कि भारत में आरक्षण के पक्ष में बोल कर समाज को भ्रमित करते हैं। इनका बस एक ही सिद्धांत है, अपने एजेंडे के पक्ष में जनभावना को भुनाने के लिए षड्यंत्र चाहे तरिका और माध्यम कुछ भी हो। भारत को जाति, किसानी और आरक्षण के नाम पर अस्थिर करने में लोग फिर आ रहे हैं। इनको पूछिए ऐसा कब तक चलेगा कामरेड?

**(लेखक कोलकाता में सामाजिक कार्यकर्ता हैं)**

लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर के 229वें पुण्यस्मरण दिवस पर विशेष

# देवी अहिल्या और पुत्री मुक्ता का त्याग


सुनील गणेश मतकर

जिस समय अहिल्यादेवी ने राज्य की बागडोर अपने हाथ में संभाली, उस समय लोगों की दशा अत्यंत दयनीय थी। लोग चारों ओर डाकुओं से त्रस्त हो रहे थे। प्रजा को इस दुःख से मुक्त करना देवी ने अपना पहला कर्तव्य माना, परंतु यह कोई आसान काम न था। अतएव उन्होंने राज्य के सब प्रमुख सरदारों को बुलाकर एक दरबार किया और सब लोगों के सम्मुख यह समस्या रखी। इस समय तक मुक्ता भी विवाह योग्य हो चुकी थी। अहिल्यादेवी को वीरता से बड़ा प्रेम था। वे कापुरुषों को पृथ्वी का निरर्थक बोझ समझती थी। इसी कारण वे अपनी पुत्री का विवाह भी किसी ऐसे पुरुष से करना चाहती थी, जो वीर हो। अतएव उन्होंने यह निश्चय किया कि जो कोई मेरे राज्य में लुटेरों का उपद्रव शांत कर देगा, उसके साथ में मुक्ता का विवाह कर दूँगी. देवी ने अपने इस निश्चय की घोषणा दरबार में कर दी और सब तो बैठे रहे, केवल एक युवक उठा. नाम था यशवंतराव फणसे, उसने कहा, यदि मुझे द्रव्य और सेना की उचित सहायता दी जाए तो मैं यह कार्य कर सकता हूँ. सुनकर अहिल्यादेवी बहुत प्रसन्न हुईं। वे मन ही मन उस युवक की प्रशंसा करने लगीं. जब कोई दूसरा व्यक्ति न उठा तो दरबार समाप्त कर दिया गया और यशवंतराव को आवश्यक धन और सेना सौंप दी गई। यशवंतराव फणसे बड़े बुद्धिमान और साहसी थे। उन्होंने थोड़े ही दिनों में राज्य से चारों और डाकुओं को मार भगाया और सारे राज्य में शांति स्थापित कर दी। अहिल्यादेवी यशवंतराव को बहुत मानने लगी थीं। केवल इसलिए नहीं कि वे उनके भावी जामाता थे, बल्कि उनकी सहज वीरता ने देवी ने हृदय में उनके लिए गहरे आदर और प्रेम के भाव उत्पन्न कर दिए थे। अहिल्यादेवी ने अपने निश्चय के अनुसार मुक्ता का विवाह यशवंतराव के साथ बड़ी धूमधाम से कर दिया। प्रजा को भोजन, नौकरों को पोशाक और ब्राह्मणों को दक्षिणा दी गई। देवी ने अपनी पुत्री को बहुत-सा जेवर और तराना का परगना दहेज में दिया। जब बेटी को बिदा करने का समय आया, तो अहिल्यादेवी गदगद हो उठीं। उनकी आँखों में बरबस आँसू छलछला गए, पर उन्हें रोककर वे यशवंतराव से बोली- बेटा यशवंत, आज से मुक्ता तुम्हारी सहचारिणी हुई है। इसके साथ तुम गृहस्थाश्रम में प्रवेश कर रहे हो। अब यह तुम्हारे आश्रय में है. तुम इस कोमलांगी की रक्षा करना और सदा इसे अपने पास और साथ रखना। विवाह में की हुई प्रतिज्ञा को भूलना मत। ऐसा अहिल्यादेवी ने अपनी कन्या और दामाद को आशीष दिया।



तराना अहिल्यादेवी का खासगी परगना था। 1849 तक वह फणसे के अधिकार में रहा, उसके बाद वह पुनः इन्दौर स्टेट में मिला लिया गया। अहिल्यादेवी को कन्या वियोग विवाह होने पर मुक्ता अपने पति के घर चली गई। वह पति के साथ आनंदपूर्वक जीवन व्यतीत करने लगी, कुछ दिनों पश्चात् मुक्ता ने एक पुत्र को जन्म दिया। मुक्ता के घर में हर्ष का सागर तो उमड़ा ही, अहिल्यादेवी के जीवन में भी सावन आ गया। यह पहली प्रसन्नता थी, जो कई वर्षों के बाद अहिल्यादेवी के मन में पैदा हुई थी। बालक का नाम नथ्याबा रखा गया था। अहिल्यादेवी अपने दौहित्र को बड़ा प्यार करती थीं। वे उसे अपने पास ही रखती थीं। उसका पालन पोषण तो करती ही थीं, उसे योग्य बनाने का प्रयत्न भी किया करती थीं। नथ्याबा धीरे-धीरे बड़ा हुआ। उसका विवाह भी हुआ, किंतु वह शरीर से बड़ा दुबला पतला था। अल्पावस्था में ही वह क्षय रोग से पीड़ित हो गया। अहिल्यादेवी ने बड़े- बड़े वैद्यों से उसकी चिकित्सा कराई, कितु कुछ लाभ नहीं हुआ, वह रोग से लड़ता हुआ संसार से चला गया। यह एक ऐसा आघात था। जिससे अहिल्यादेवी निराश हो गई। वे बड़ी दृढ़ता और धैर्य के साथ कर्तव्य पालन में जुटी रहीं।

नथ्याबा की मृत्यु से मुक्ता और उसके पति यशवंतराव के हृदय पर भी दुःख और शोक की काली घटा छा गई। मुक्ता ने तो दुःख और शोक के उस आघात को सहन कर लिया, किंतु यशवंतराव से सहन नहीं हो सका. वह बीमार पड़ गए और चिंता की आग में जलकर स्वर्गगामी हो गए।यह एक ऐसा आघात था, जिससे अहिल्यादेवी और उनकी पुत्री मुक्ता दोनों का हृदय विदीर्ण हो उठा। न आँखों से आँसू निकलते थे, न मुख से शब्द निकलते थे। माँ-बेटी दोनों मूर्तिवत् बन गईं. मुक्ता ने निश्चय किया कि वह अपने पति के साथ सती हो जाएगी।

मुक्ता के निश्चय को सुनकर अहिल्यादेवी बिलख-बिलख कर रोने लगी। वे आँसुओं से भरी हुई आँखों से उसे समझाते हुए कहने लगीं- बेटी एक-एक करके सभी लोग छोड़कर चले गए। अब तू भी मुझे छोड़कर जाना चाहती है? मैं वृद्धा किसके सहारे जीवित रहूँगी ? अहिल्यादेवी ने मुक्ता को बहुत समझाया, किंतु वह अपने निश्चय पर अटल रहीं। अहिल्यादेवी करती तो क्या करती? उन्हे अपने हृदय को कठोर बनाना ही पड़ा। यशवंतराव की अर्थी सजाई गई। लोग उसकी अर्थी को लेकर नर्मदा के तट की ओर चले गए। आगे-आगे अर्थी चली और पीछे-पीछे मुक्ता, उसकी माँग सिंदूर से भरी हुई थी, वह सुहाग के सिंगार से सज्जित थी। सहस्त्रों स्त्री-पुरुष सम्मिलित कंठों से उसकी जय बोल रहे थे। सबसे पीछे-पीछे चल रही थी अहिल्यादेवी मंद-मंद गति से, चुपचाप आँखों में आँसू तक नहीं थे हृदय तो सूख गया था आँखें भी सूख गई थीं। नर्मदा तट पर मुक्ता चिता पर चढ़ गई। अपने पति के सिर को गोद में लेकर बैठ गई। देखते हो देखते चिता से आग की लपटें निकलकर ऊपर उठने लगीं, मुक्ता आग की लपटों में जलने लगी। एकत्र स्त्री और पुरुषों के कंठों से रह-रहकर निकलने लगा मुक्ता की जय, सती मुक्ता की जय।

### अहिल्यादेवी द्वारा रामपुरा के चंद्रावतों का बंदोबस्त

उन दिनों रामपुरा चंद्रावतों के अधीन था. जब माधोसिंह ने रामपुरा का भूमिखंड मल्हारराव को दिया तो चंद्रावतों को बडा अप्रिय लगा, किंतु उस समय वे विरोध नहीं कर सके, क्योंकि मल्हारराव की तलवार सब पर छाई हुई थी. मल्हारराव की जब मृत्यु हो गई और अहिल्यादेवी ने शासन की बागडोर अपने हाथों में ली तो चंद्रावतों ने पुरानी कसक को निकालने का निश्चय किया. उन्होंने सोचा अहिल्यादेवी एक स्त्री है. उसे दबाकर रामपुरा पर पुनः बड़ी सरलता के साथ अधिकार किया जा सकता है. चंद्रावतों ने रामपुरा पर अधिकार करने के लिए तीन बार विद्रोह की आग जुलाई. प्रथम बार 1783 ई. में, दूसरी बार 1786 ई. में और तीसरी बार 1787 ई. भड़काई में तीनों बार अहिल्यादेवी के विश्वासी सेनापति अपनी सेना के साथ बड़ी दूर उत्तर भारत में थे। अतः, तीनों बार अहिल्यादेवी को चंद्रावतों से मोर्चा लेने के लिए अपनी ही सूझबूझ से काम करना पड़ा था।

चंद्रावतों ने जब प्रथम बार विद्रोह किया तो अहिल्यादेवी ने उन्हें 21 गाँव देकर उनसे संधि कर ली थी. यद्यपि संधि हो गई थी, किंतु चंद्रावतों के मन की कसक शांत नहीं हुई. वे अहिल्यादेवी के दुःखों से लाभ उठाकर रामपुरा पर अधिकार करना चाहते थे.

अतः उन्होंने दूसरो बार पुनः विद्रोह किया. अहिल्यादेवी की सेना ने उन्हें दबाने का प्रयत्न किया, किंतु उसे सफलता नहीं मिली. चंद्रावतों का एक किले पर अधिकार हो गया, किंतु चंद्रावतों को इतने से ही संतोष नहीं हुआ। वे रामपुरा तो लेना चाहते थे, अहिल्यादेवी को युद्ध में पराजित करके उनका सब कुछ छीन लेना चाहते थे। अतः चंद्रावतों ने तीसरी बार बहुत बड़ी सेना लेकर अहिल्यादेवी पर आक्रमण कर दिया। उन दिनों अहिल्यादेवी 63 वर्ष की हो चुकी थीं। क्रूर काल के बार-बार के प्रहारों से उनका मन जर्जर हो चुका था। उनकी कमर टूट चुकी थी, किंतु चंद्रावतों न आक्रमण किया तो उनकी रगों में बिजली दौड़ गई। वे अपने सभी दुःखों को भूलकर सेना संगठित करने लगी। सेना में नई भर्ती करने लगी। उनकी प्रजा उनके साथ थी। अतः, देखते ही देखते बहुत बड़ी सेना तैयार हो गई। ऐसी सेना तैयार हो गई, जिसके पास तरह-तरह के शस्त्र तो थे ही और जो सर्वप्रकार से प्रशिक्षित भी थी। अहिल्यादेवी स्वयं अपनी उस सेना की देख-रेख करती थी, वे स्वयं युद्ध के मैदान में उपस्थित हुई थीं। उनकी उस सेना ने युद्ध के मैदान में ऐसी वीरता दिखाई कि शत्रु के पैर उखड़ गए। वे भागकर एक किले में छिप गए, किंतु अहिल्यादेवी की ज्वाला नामक तोप के गोले ने उन्हें उस किले में भी चैन से नहीं रहने दिया। वे जब युद्ध के लिए बाहर निकले तो तोप के गोलों की मार से मिट्टी में मिल गए। विजयश्री अहिल्यादेवी की हुई। उनके जयनाद से युद्ध का मैदान, रह-रहकर गूँजने लगा।

### देवी अहिल्यादेवी और चाँदवड़

इन्दौर से बंबई-आगरा राजमार्ग के 384वें किलोमीटर पर नासिक महानगर से 60 किलोमीटर उत्तर में चाँदवड़ नामक एक ऐतिहासिक व सांस्कृतिक विशेषताओं का गाँव है। इस चाँदवड़ गाँव का लोकमाता अहिल्यादेवी होलकर से गहरा संबंध है। अहिल्यादेवी ने महेश्वर राजधानी बनाई थी। महेश्वर से पुणे में 1 पेशवा से राजनयिक चर्चा हेतु दक्षिण की ओर जाने का मार्ग चाँदवड़-नासिक - त्र्यंबकेश्वर - पुणे था। चाँदवड़ क्षेत्र की सुरम्य प्राकृतिक छटा से प्रभावित होकर अहिल्यादेवी ने चाँदवड़ को दक्षिण का मुख्यालय बनाकर पहाड़ों से घिरे चाँदवड़ में मजबूत किला बनाया। पेयजल के लिए विशाल बावड़ी बनाई, जिसका पानी उस समय से आज तक सैकड़ों गाँवों के हजारों नागरिक पी रहे हैं। चंद्रेश्वर महादेव, रेणुका देवी खंडेराव का मंदिर बनाया। गृह के साथ चाँदवड़ का सर्वांगीण विकास किया। पहाड़ों की मजबूत सुरक्षा के कारण चाँदी के रुपयों को ढालने की टकसाल वहाँ बनाई थी, जिसके अवशेष आज भी पहाड़ों के तालाब सहित हैं। बाड़े के चौक में होलकरों को स्थापत्य शैली का हाथी दरवाजा, नगारखाना, सुरक्षा नों सैनिकों का निवास घोड़ों का तबेला, श्री दरबार, सभागृह, लक्ष्मीनारायण का मंदिर, महेश्वर जैसी गादी की बैठक आदि के कर निर्माण के साथ सुतारखेड़ी गाँव के कारीगरों से सुंदर नक्षी का कलात्मक काम लकड़ी पर कराया था, जो पूरे भारत वर्ष में आज भी काष्ठ शिल्पकला के रूप में बेजोड़ के नमूना है। अहिल्यादेवी के शासनकाल में से निर्मित दरबार सभागृह के आधे सभागृह में धार्मिक प्रसंगों के रंगबिरंगी भित्ती चित्रों के कारण इस विशाल बाड़े को रंगमहल कहतें हैं। रंगमहल से 2 किलोमीटर दूर तक चाँदवड़ के गाँव के प्रमुख मार्ग से रेणुकादेवी के मंदिर तक प्रत्येक पूर्णिमा के दिन तथा नवरात्रि उत्सव के दसों दिन तक रेणुका देवी के अलंकार मुकुट, जबाहर सहित अहिल्यादेवी की प्रतिमा की भी शोभायात्रा तालवाद्यों शंखनाद की ध्वनि से निकलती है। इस अवसर पर गाँव की सभी महिलाएँ अपने घर के आँगन गोबर के पानी से छिड़काव कर रंगोली सजाकर श्रद्धा व्यक्त करती हैं।

छत्रपति शिवाजी के घुड़सवार देश, धर्म की रक्षा करने इसी चाँदवड़ नगरों के परिसर में तेजी से दौड़ते थे। दाऊद खान पठान के बदले की कार्रवाई इसी चाँदवड़ ने देखी थी। अहिल्यादेवी के शासनकाल में वह अस्थायी दरबार भी चाँदवड़ में लगाती थीं और जनता को न्याय देती थीं। समस्या सुनकर रोजगार के अवसर प्रदान करती थी। पूरे गाँव के चारों ओर पहाड़ों से घिरी सीमा तथा मजबूत दरवाजे आज भी हैं। चाँदवड़ में निर्मित चाँदवड़ का चाँदी का रुपया, चाँदवड़ की सुहाग की डिब्बी (करंडा), कत्था, मावा आज भी महाराष्ट्र में प्रसिद्ध हैं। विशेष रूप से अहिल्यादेवी के प्रति इन्दौर से भी अधिक श्रद्धा चाँदवड़ में दिखाई देती है।

**(लेखक इंदौर के वरिष्ठ कलाधर्मी एवं स्तंभकार हैं)**

## सार संक्षेप

### भारतीय साइकिलिस्ट क्वालीफिकेशन दौर में बाहर

**पेरिस** : भारतीय एथलीट अरशद शेख और ज्योति गडेरिया शनिवार को पेरिस पैरालंपिक 2024 खेलों की ट्रैक साइकिलिंग स्पर्धाओं के क्वालीफिकेशन दौर से बाहर हो गए। अरशद शेख पुरुषों की सी1-3 1000 मीटर टाइम ट्रायल स्पर्धा में 1:26:154 के समय के साथ क्वालीफाइंग राउंड में 17वें स्थान पर रहे। इस तरह वह फाइनल के लिए क्वालीफाई नहीं कर सके। अरशद चार सितंबर को सी2 व्यक्तिगत टाइम ट्रायल (रोड) क्वालीफाइंग स्पर्धा में भाग लेंगे। इसी तरह महिला साइकिलिस्ट ज्योति गडेरिया भी फाइनल में जगह बनाने में नाकाम रहीं। ज्योति ने महिलाओं की सी1-3 500 मीटर टाइम ट्रायल क्वालीफायर स्पर्धा में 52.098 सेकंड के समय के साथ 11वें स्थान पर रहीं और फाइनल में जगह बनाने में असफल रहीं।

### राकेश और सरिता क्वार्टर फाइनल में श्याम सुंदर शूट आउट में हारे

**पेरिस** : भारतीय एथलीट राकेश कुमार और महिला तीरंदाज सरीता ने को पेरिस पैरालंपिक 2024 खेलों की तीरंदाजी स्पर्धा में अपने-अपने मुकाबले जीत दर्ज कर क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। वहीं पुरुष व्यक्तिगत कंपाउंड ओपन एलिमिनेशन राउंड मे स्कोर बराबर रहने के बाद शूट-ऑफ में थाईलैंड के सिंगपिरोम कॉमसन से हार का सामना करना पड़ा। खेले गए मुकाबलों में राकेश कुमार ने पैरा तीरंदाजी के पुरुष व्यक्तिगत कंपाउंड ओपन के प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबले में सेनेगल के अलीउ ड्रेम को 136-131 से हराकर क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। राकेश का अगला मुकाबला एक सितंबर को इंडोनेशिया के केन स्वगुमिलांग से होगा। दिन के एक अन्य मुकाबले में सरिता ने महिला व्यक्तिगत कंपाउंड ओपन के प्री क्वार्टर मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई। सरिता ने मलेशिया की नूर जन्नतन को 138-124 से हराया। पुरुष व्यक्तिगत कंपाउंड ओपन 1/16 एलिमिनेशन राउंड में श्याम सुंदर को 138-138 के बराबर स्कोर के बाद हुए शूट-ऑफ में थाईलैंड के सिंगपिरोम कॉमसन से हार का सामना करना पड़ा। दोनों तीरंदाजों ने शूट-ऑफ में 10 अंक बनाए, लेकिन कॉमसन को अपने तीर के केंद्र के करीब होने के कारण जीत मिली।

### नौकायान : अनीता एवं कोंगनापल्ले ने फाइनल बी के लिए किया क्वालीफाई

**पेरिस** : भारत की स्टार पैरारोवर अनीता और नारायण कोंगनापल्ले की जोड़ी ने शनिवार को पेरिस पैरालंपिक 2024 खेलों की पैरा रोइंग पीआर3 की मिश्रित युगल स्कल्स रेपेचेज राउंड में तीसरा स्थान हासिल कर फाइनल बी के लिए क्वालीफाई किया। यहां खेले गए मुकाबले में भारतीय जोड़ी ने रेपेचेज राउंड में 7:54.33 मिनट की टाइमिंग के साथ तीसरा स्थान हासिल करने के बाद फाइनल बी के लिए क्वालीफाई किया। फाइनल बी एक सितंबर को खेला जाएगा।

### पहली हॉकी इंडिया जूनियर इंटर-जोन चैंपियनशिप आज से

**नई दिल्ली** : पहली हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष और महिला इंटर-जोन चैंपियनशिप आज से शुरू होगी, जिसमें पुरुष वर्ग की मेजबानी लखनऊ करेगा जबकि महिला वर्ग के मुकाबले रांची में खेले जाएंगे। लखनऊ के पद्मश्री मोहम्मद शाहिद सिंथेटिक हॉकी स्टेडियम में पुरुष वर्ग में पूल ए में नॉर्थ जोन, वेस्ट जोन और एसएआई बाल के बीच मुकाबला होगा, जबकि पूल बी में साउथ जोन, ईस्ट जोन और एसएआई शक्ति की टीमें शामिल हैं। इस बीच, रांची के मारंग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रो टर्फ हॉकी स्टेडियम में महिला वर्ग में नॉर्थ जोन, ईस्ट जोन और एसएआई शक्ति को पूल ए में रखा जाएगा, जबकि पूल बी में साउथ जोन, वेस्ट जोन, एसएआई बल को रखा जाएगा। प्रत्येक पूल से शीर्ष दो टीमें छह सितंबर को होने वाले सेमीफाइनल में पहुंचेंगी और फाइनल सात सितंबर को खेला जाएगा। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष डॉ. दिलीप टिर्की ने कहा कि हॉकी खिलाड़ियों को लगातार मैच का अनुभव देकर जमीनी स्तर पर उनके विकास को सुविधाजनक बनाना जरूरी है।

### बेंगलुरु स्मैशर्स ने अहमदाबाद पाइपर्स को 9-6 से हराया

**चेन्नई** : मनिका बत्रा की हार के बावजूद पीबीजी बेंगलुरु स्मैशर्स ने शनिवार को इंडियनऑयल यूटीटी 2024 के मुकाबले में अहमदाबाद एसजी पाइपर्स को 9-6 से हरा दिया। पीबीजी बेंगलुरु स्मैशर्स अब 40 अंकों के साथ लीग तालिका में शीर्ष पर है। रोमानिया की स्टार खिलाड़ी बर्नडेट स्ज़ोक्स ने 2024 पेरिस ओलंपिक में मनिका से मिली हार का बदला लिया। उन्होंने पहला गेम हारने के बाद वापसी की और 7-11, 11-9, 11-7 (2-1) से जीत दर्ज की, जिससे अहमदाबाद एसजी पाइपर्स की शुरुआती बढ़त मजबूत हुई। इससे पहले लिलियन बार्डेट ने शुरुआती मुकाबले में एंथनी अमलराज को हराकर अहमदाबाद एसजी पाइपर्स को जीत की शुरुआत दिलाई थी।

# रुबीना ने 10 मी. एयर पिस्टल में जीता कांस्य

## भारत ने अब तक जीते पांच मेडल, पैरा शटलर सुकांत कदम सेमीफाइनल में पहुंचे



मनदीप कौर

● पेरिस,

**पैरा** शूटर रुबीना फ्रांसिस ने पेरिस पैरालिंपिक में शनिवार को ब्रॉन्ज मेडल जीता। उन्होंने विमेंस 10 मीटर एयर पिस्टल के एसएच1 कैटेगरी में यह मेडल दिलाया। रुबीना ने फाइनल में 211.1 स्कोर किया। पेरिस पैरालंपिक में भारत के अब तक 5 मेडल हो गए हैं।

वहीं सुकांत कदम ने मेंस सिंगल्स के एसएल4 ग्रुप प्ले स्टेज में थाईलैंड के सिरीपोंग टीमारोम को 25 मिनट में 21-12, 21-12 से हराया। ग्रुप में लगातार दूसरी जीत के साथ कदम ने सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। इससे पहले, शुक्रवार को भारत ने 4 मेडल जीते थे। विमेंस शूटिंग में अवनी लेखरा ने गोल्ड और मोना अग्रवाल ने ब्रॉन्ज मेडल जीता। मेंस 10 मीटर एयर पिस्टल शूटिंग में मनीष नरवाल ने सिल्वर दिलाया था। विमेंस की 100 मीटर टी-35 कैटेगरी रेस में प्रीति पाल ने ब्रॉन्ज मेडल जीता। शूटिंग में एसएच 1 कैटेगरी में वे शूटर शामिल होते हैं, जिनके हाथ, शरीर के निचले हिस्से या पैर प्रभावित होते हैं या फिर जिनके कोई अंग नहीं होते। रुबीना विमेंस 10 मीटर एयर पिस्टल के क्वालिफिकेशन राउंड में छठे नंबर पर रही थीं। ईरान की सारेह ने गोल्ड जीता, उनका स्कोर 236.8 रहा। तुर्किये की आजेल ओजगान को 231.1 के स्कोर के साथ सिल्वर मेडल मिला। वहीं भारतीय बैंडमिंटन खिलाड़ी सुकांत कदम , नितेश कुमार ने शनिवार को पेरिस पैरालंपिक 2024 खेलों की बैंडमिंटन स्पर्धा के सेमीफाइनल में तथा महिला खिलाड़ी मनीषा रामदास एवं मनदीप कौर ने क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। सुकांत कदम ने पुरुष एकल एसएच4 ग्रुप चरण में थाईलैंड के सिरिपोंग टीमारोप को सीधे गेम में 2-0 से हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह बनायी। उन्होंने थाईलैंड के शटलर को 21-12 , 21-12 से हराया। इसी तरह पुरुष एकल एसएल3 ग्रुप चरण में भारतीय खिलाड़ी नितेश कुमार ने पेरिस पैरालंपिक में अपना शानदार प्रदर्शन



सुकांत कदम

जारी रखते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाई ली। उन्होंने थाईलैंड के बन्सन मोंगखोन को सीधे गेम में 2-0 से हराया। नितेश ने आज खेले गए मैच में मोंगखोन को 21-13 , 21-14 से हराया। महिला बैंडमिंटन खिलाड़ी मनदीप कौर ने महिला एकल एसएल3 ग्रुप चरण में शानदार जीत हासिल कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। मनदीप ने मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया की विनोट सेलिन ऑरेली के खिलाफ पहला गेम 21-23 से हारने के बाद लगातार दो गेम 21-10 और 21-17 से जीते और मैच 2-1 से जीत कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। वहीं एक अन्य मुकाबले में मनीषा रामदास महिला एकल एसयू5 ग्रुप चरण में हारने के बावजूद क्वार्टर फाइनल में पहुंच गयी। मनीषा को चीन की जिया किउ यांग ने 15-21, 7-21 से हराया। मनीषा रामदास ग्रुप में दूसरे स्थान पर आने के बाद क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई। वहीं पुरुष एकल एसएल3 ग्रुप चरण के एक अन्य मुकाबले में मनोज सरकार नॉकआउट चरण के लिए क्वालीफाई नहीं कर सके। चीन के जियानयुआन यांग के खिलाफ 2-0 की जीत के बावजूद मनोज नॉकआउट चरणों के लिए क्वालीफाई नहीं कर सके। उन्हें अपने ग्रुप में तीसरा स्थान मिला।

ग्रुप से शीर्ष दो खिलाड़ी अगले दौर के लिए क्वालीफाई हुए। इसी तरह भारतीय खिलाड़ी तरुण ढिल्लन को आज खेले गए पुरुष एकल के एसएल4 ग्रुप चरण मैच में हार का सामना करना पड़ा। तरुण को फ्रांस के लुकास माजुर ने 2-0 से हराया। इस हार के साथ तरुण का पैरालंपिक अभियान समाप्त हो गया।

## आयुष बडोनी ने 39 गेंदो पर शतक जड़ा

**नई दिल्ली, वार्ता** : भारत के युवा प्रतिभाशाली बल्लेबाज आयुष बडोनी ने दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल 2024) के एक मुकाबले में साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स की ओर से खेलते हुए मात्र 39 गेंदों पर शतक जड़ इतिहास रच दिया। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) की तरफ से खेलने वाले 24 वर्षीय बडोनी ने नार्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स के गेंदबाजों की बखिया उधेड़ते हुए मात्र 55 गेंदों में 165 रन ठोक दिए। अरुण जेटली स्टेडियम में साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 308 रन बनाए जिसमें आयुष बडोनी (165) और प्रियांश आर्या (120) के तूफानी शतक शामिल थे। बडोनी ने अपना शतक मात्र 39 गेंदों में पूरा किया। उनके बल्ले से निकल रही आग की तपिश ने नार्थ दिल्ली के गेंदबाजों को बुरी तरह झुलसा दिया। उन्होंने 55 गेंदों की अपनी इस पारी में 19 छक्के और 8 चौके लगाए। इसके साथ ही बडोनी किसी एक टी20 मैच में भारत के लिए सबसे बड़ा स्कोर बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। इससे पहले यह रिकॉर्ड श्रेयस अय्यर के नाम था जिन्होने 2019 में हुए एक मैच में 147 रन की पारी खेली थी। बडोनी टी-20 मैच में सबसे बड़ी पारी खेलने वाले दुनिया के तीसरे बल्लेबाज बन गए हैं।

## गोरखपुर ने मेरठ मावर्रिक्स के सामने घुटने टेके

**लखनऊ** : खेल के हर विभाग ने गोरखपुर लायंस को बौना साबित करते हुए मेरठ मावर्रिक्स ने शनिवार को यूपी टी20 लीग के एक मुकाबले में जीत का सेहरा बांधा। इकाना स्टेडियम पर मेरठ मावर्रिक्स ने पहले खेलते हुए निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट खोकर 164 रन बनाए जिसके जवाब में गोरखपुर लायंस की पूरी टीम 19.1 ओवर के खेल में 116 रन बना कर सिमट गई और मेरठ ने यह मुकाबला आसानी से 48 रन से अपने नाम कर लिया। प्लेयर आफ द मैच मेरठ के यश गर्ग बने जिन्होने न सिर्फ 26 रन की नाबाद पारी खेली बल्कि गोरखपुर के तीन विकेट झटक कर उसे आत्मसमर्पण को मजबूर कर दिया। यश के अलावा मेरठ के माधव कौशिक (47) और उवेश अहमद ने 37 रन बना कर अपनी टीम को चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा करने में मदद की। हालांकि विस्फोटक रिंकू सिंह (05) का बल्ला आज शांत रहा। गोरखपुर के अंकित राजपूर और शिवम शर्मा को दो-दो विकेट मिले। गोरखपुर के बल्लेबाजों ने मेरठ की कसी हुई गेंदबाजी के बीच पूरे मैच में एक बार भी जीतने की ललक नहीं दिखाई। यशु (28),हरदीप (16) और अभिषेक (18) रन बनाए।

## एनआरएआई ने भारतीय ओलंपिक शूटिंग टीम को किया सम्मानित

● नई दिल्ली,

**नेशनल** राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एनआरएआई) ने पेरिस ओलंपिक में तीन कांस्य पदक जीत कर इतिहास रचने वाली भारतीय ओलंपिक शूटिंग टीम के सदस्यों को शनिवार को सम्मानित किया।

यह पहली बार है जब भारत के लिए किसी भी ओलंपिक खेल में शूटिंग में प्राप्त पदकों की संख्या देश द्वारा जीते गए कुल पदकों का आधा हिस्सा है। समारोह में भारतीय निशानेबाजी दल की पूरी टीम ने भाग लिया जिसमें पदक विजेता मनु भाकर, सरबजोत सिंह और स्वप्निल कुसाले शामिल थे। पदक विजेताओं को नकद पुरस्कारों से सम्मानित किया गया, जबकि पूरे दस्ते को भारतीय राष्ट्रीय राइफल एसोसिएशन द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एशिया ओलंपिक परिषद के अध्यक्ष राजा रणधीर सिंह के अलावा मीनाक्षी लेखी, पूर्व विदेश एवं संस्कृति राज्य मंत्री, यशोधरा राजे सिंधिया, पूर्व खेल एवं युवा कल्याण मंत्री, मध्य प्रदेश सरकार, डॉ. नरिंदर ध्रुव बत्रा, पूर्व अध्यक्ष, भारतीय ओलंपिक संघ,अजय पटेल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, भारतीय ओलंपिक संघ और उपाध्यक्ष एनआरएआई, ओलंपिक के रजत पदक विजेता विजय कुमार और कांस्य पदक विजेता गगन नारंग, पूर्व डबल ट्रैप विश्व चैंपियन रोंजन सोढ़ी, अर्जुन पुरस्कार विजेता और शीतकालीन ओलंपियन शिव केशवन सहित खेल जगत की अन्य प्रमुख हस्तियां शामिल थीं। मनु भाकर को 45 लाख रुपये की पुरस्कार राशि से सम्मानित किया गया, जबकि 50 मीटर थ्री पोजीशन के कांस्य पदक विजेता स्वप्निल कुशले को 30 लाख रुपये और 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम के कांस्य पदक विजेता सरबजीत सिंह को 15 लाख रुपये के नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यवाहक अध्यक्ष कलिकेश सिंहदेव ने कहा कि हमारे निशानेबाजों और कोचों और पूरे सहयोगी स्टाफ ने देश को गौरवान्वित किया है। उन्होंने साबित कर दिया है कि वे इस खेल में किसी से पीछे नहीं हैं, जो कोई छोटी उपलब्धि नहीं है। वे उन सभी प्रशंसाओं और पुरस्कारों के हकदार हैं जो उन्हें मिल रही हैं और हमें विश्वास है कि यह प्रदर्शन पूरे भारत में शूटिंग प्रतिभाओं की एक नई लहर को जन्म देगा।

### मनु भाकर को 45 लाख रुपये की पुरस्कार राशि से किया सम्मानित

## सहारनपुर के अमान को अंडर-19 की कमान

सहारनपुर

**सहारनपुर** क्रिकेट के नाम एक बहुत बड़ी उपलब्धि दर्ज हो गई है। सहारनपुर के मोहम्मद अमान को इंडिया अंडर-19 क्रिकेट टीम का कप्तान बनाया गया है। मोहम्मद अमान ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 के खिलाफ होने वाले सीरीज में भारतीय टीम की अगवाई करेंगे।

मोहम्मद अमान के माता-पिता का देहांत हो चुका है। मोहम्मद अमान की तीन बहने और एक भाई है। परिवार के पालन पोषण की जिम्मेदारी भी मोहम्मद अमान के कंधो पर है। मोहम्मद अमान को बचपन से क्रिकेट खेलने का शौक था। परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण मोहम्मद अमान अपना यह शौक पूरा नहीं कर पा रहे थे। इसी बीच किसी ने उनकी मुलाकात सहारनपुर जिला क्रिकेट एसोसिएशन के चेयरमैन मोहम्मद अकरम से कराई। उसने मोहम्मद अकरम को बताया कि यह बहुत अच्छा खिलाड़ी है। इसको मदद की जरूरत है। मोहम्मद अकरम उसे अपने साथ ले गए अपने पास रखा और क्रिकेट की अच्छी कोचिंग दिलाई। इसी के चलते आज उन्होंने यह मुकाम हासिल



मोहम्मद अमान

किया है। मोहम्मद अमान यूपी के इकलौते खिलाड़ी हैं जिन्हें ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के खिलाफ 21 सितंबर से 26 सितंबर तक पांडिचेरी में होने वाले 50 ओवर के तीन मैचों के लिए चुना गया है। मोहम्मद अमान को मिले इस शानदार अवसर को लेकर सहारनपुर के क्रिकेट खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों में खुशी की जबरदस्त लहर है। मोहम्मद अमान फिलहाल यूपी टी-20 लींग में खेल रहे हैं। इससे पहले भी मोहम्मद अमान वर्ल्ड कप के लिए इंडिया अंडर-19 क्रिकेट टीम में चुने जा चुके हैं। एसडीसीए के पदाधिकारीयों ने मोहम्मद अमान को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

### राहुल द्रविड़ के बेटे समित द्रविड़ अंडर-19 टीम में शामिल



**नई दिल्ली** : भारत ने ऑस्ट्रेलिया अंडर 19 के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के लिए ऑलराउंडर समित द्रविड़ को अंडर-19 टीम में शामिल किया है। भारतीय अंडर 19 के लिए घोषित टीम में समित द्रविड़ को पहली बार जगह मिली है। उत्तर प्रदेश के मध्यक्रम के बल्लेबाज मोहम्मद अमान को 50 ओवर टीम का कप्तान बनाया गया है जबकि मध्य प्रदेश को सोहम पटवर्धन चार दिवसीय मैचों के कप्तान होंगे। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान राहुल द्रविड़ के बेटे समित फिलहाल कर्नाटक के महाराज टी-20 ट्रॉफी मैसूरू वॉरियर्स टीम का हिस्सा हैं। समित ने 114 के स्ट्राइक रेट से इस सीजन 82 रन बनाए हैं। भारतीय अंडर-19 टीम पुडुचेरी में 21, 23 और 26 सितंबर को तीन 50 ओवर के मैच खेलेगी। इसके बाद टीम दो चार दिवसीय मैचों के लिए चेन्नई रवाना होगी।

# कप्तान मसूद, अय्यूब और सलमान ने लगाई फिफ्टी

## रावलपिंडी टेस्ट : पाकिस्तान पहली पारी में 274 पर ऑलआउट, मेहदी हसन ने लिए पांच विकेट

● रावलपिंडी,

**बांग्लादेश** के खिलाफ पाकिस्तान दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन अपनी पहली पारी में 274 रन पर ऑलआउट हो गई। इसके जवाब में बांग्लादेश की टीम ने दिन खत्म होने तक बिना कोई विकेट गंवाए 10 रन बना लिए हैं। रावलपिंडी में खेले जा रहे इस मैच में पहले दिन बारिश की वजह से टॉस भी नहीं हो सका था।

मुकाबले के दूसरे दिन शनिवार को टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की टीम पहली पारी में 274 रन पर सिमट गई। टीम की ओर से सईम अय्यूब (58), कप्तान शान मसूद (57) और आगा सलमान (54) ने अर्धशतकीय पारियां खेली। जबकि बांग्लादेश की ओर से स्पिन गेंदबाज मेहदी हसन मिराज ने 5 विकेट हासिल किए। मेहदी हसन मिराज ने पहली पारी में 61 रन देकर 5 विकेट हासिल किए। पाकिस्तान की पहली पारी के जबाव में बल्लेबाजी करने उतरी बांग्लादेश की टीम ने दूसरे दिन के अंत तक बिना कोई विकेट गंवाए 10 रन बनाए। शादमान इस्लाम (6)





और जाकिर हसन (0) की ओपनिंग जोड़ी नाबाद हैं। बांग्लादेश के तेज गेंदबाज शोरिफुल इस्लाम ग्रोइन इंजरी (कमर में खिंचाव) की वजह से दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए। बांग्लादेशी कप्तान नजमुल हुसैन शांतो ने टॉस के वक्त इसकी जानकारी दी। शोरिफुल की जगह दूसरे टेस्ट में तस्कीन अहमद को प्लेइंग-11 में शामिल किया गया है। बांग्लादेश के फिजियो बैजेदुल इस्लाम खान ने कहा कि शोरिफुल ने पहले टेस्ट के बाद टफ्क्कराया था और रिपोर्ट्स में ग्रेड 1 बाएं एडिक्टर स्ट्रेन दिखा है। ऐसे मामलों में आमतौर पर ठीक होने में लगभग 10 दिन लगते हैं। फिलहाल उन्होंने अपना रिहैब शुरू कर दिया है। रावलपिंडी के मैदान पर खेले जा रहे इस मैच का पहला दिन बारिश में धुल गया था। मुकाबले की शुरूआत भारतीय समयानुसार सुबह 10:30 बजे से होनी थी, लेकिन बारिश के कारण दोपहर 12:45 बजे तक टॉस भी नहीं हो पाया। इसके बाद बारिश न रुकने की वजह से अंपायर्स ने पहले दिन का खेल समाप्त कर दिया। वहीं नजमुल हुसैन शांतो की कप्तानी वाली बांग्लादेश की टीम ने पहले टेस्ट मैच में पाकिस्तान के खिलाफ 10 विकेट से ऐतिहासिक जीत दर्ज की थी। पाकिस्तान ने पहले टेस्ट मैच में स्पेशलिस्ट स्पिनर को नहीं खिलाया था, जिसका खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ा। इसी वजह से दूसरे मैच में पाक टीम में अबरार को शामिल किया गया है।

## यूएस ओपन में उलटफेर जारी, अब जोकोविच बाहर

● न्यूयॉर्क,

**यूएस** ओपन में एक और उलटफेर हुआ है। शनिवार को टूर्नामेंट के तीसरे राउंड में 24 ग्रैंड स्लैम जीत चुके सर्बिया के नोवाक जोकोविच को हार मिली। उन्हें 28वीं सीड ऑस्ट्रेलिया के अलेक्सी पोपिरिन ने 6-4, 6-4, 2-6, 6-4 से हराया। यह मुकाबला न्यूयॉर्क के आर्थर ऐश स्टेडियम में खेला गया। जोकोविच यूएस ओपन के डिफेंडिंग चैंपियन थे। उन्होंने 2023 में रूस के डेनियल मेदवेदेव को हराकर ये टूर्नामेंट जीता था। एक दिन पहले 30 अगस्त को 15 ग्रैंड स्लैम जीत चुके स्पेन के कार्लोस अल्काराज को 74वीं रैंक के खिलाड़ी ने दूसरे राउंड से बाहर कर दिया था। अल्काराज ने 2022 में यूएस ओपन जीता था। जोकोविच 2017 के बाद पहली बार बिना किसी ग्रैंड स्लैम टाइटल के साल का अंत करेंगे। पिछले 16 सालों में ऐसा पहली



### 28वीं सीड ऑस्ट्रेलिया के अलेक्सी पोपिरिन ने हराया

बार हुआ जब जोकोविच यूएस ओपन के चौथे राउंड तक भी नहीं पहुंच सके। 2002 के बाद पहली बार टेनिस के बिग थ्री यानी जोकोविच, नडाल और फेडरर ने साल का एक भी ग्रैंड स्लैम नहीं जीता। बिग थ्री में फेडरर संन्यास ले चुके हैं। नडाल यूएस ओपन नहीं खेल रहे हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक सैयद ज़की हैदर के लिए इरानीयन आर्ट प्रिंटर्स 1534 कासिमजान स्ट्रीट दरियागंज नई दिल्ली 11006 से मुद्रित कराकर, 2684 गली काले खां कूचा चलान दरियागंज नई दिल्ली 02 से प्रकाशित किया।
संपादक : सैयद ज़की हैदर- हैड ऑफिस :- एफ19/4 सेकेंड फ्लोर नफीश रोड जामिया नगर दिल्ली- 110025., सम्पर्क सूत्र :- 9911371802, 9810383593
जितेन्द्र कुमार बिस्वाल ब्यूरो चीफ उड़ीसा/ गोविंद कनोडिया/ पटना/ सैय्यद यूसुफ अली नक़वी-पॉलिटिकल एडिटर। ई-मेलः- dailyloktantra@gmail.com

किसी भी प्रकार के विवाद हेतु निपटारे के लिए केवल दिल्ली न्यायालय ही मान्य होगी।
नोट- किसी भी समाचार/आलेख पर दावा प्रति दावा/आपत्ति समाचार प्रकाशन के 15 दिनों के अन्तराल तक ही मान्य होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित आलेख से संपादक/प्रकाशक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

क्षेत्रीय कार्यालय अनवार मंजिल नया टोला गंज नंबर 01 बेतिया/ बिहार/ पिन नंबर 84 5438/>> संवाददाता, सना खान/(डॉ. अमानुल हक) स्थानीय संपादक/बिहार)